वर्ष 72 ▸ अंक 101 ▸ पृष्ठ 12+8=20
रीवा, बुधवार 08 जनवरी, 2025
पौष शुक्ल पक्ष 09, विक्रम संवत् 2081
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

हिंसा का मूल कारण है, डर। निडर व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता।
- आचार्य महाप्रज्ञ

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में बनेगा प्रणब मुखर्जी का मेमोरियल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का स्मारक बनाने जा रही है। सरकार ने स्मारक के लिए राष्ट्रीय स्मृति में जगह को मंजूरी दे दी है। प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि बाबा का स्मारक बनाने के फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार का तहे दिल से आभार। यह इसलिए भी अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि हमने इसके लिए कहा भी नहीं था। प्रधानमंत्री के इस अप्रत्याशित और उदार कदम से मैं बेहद प्रभावित हूं। बीते दिनों शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस प्रस्ताव की आलोचना की थी, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक अलग स्मारक बनाने की मांग की गई थी।

**शर्मिष्ठा मुखर्जी ने खुद ट्वीट कर दी जानकारी**

### आसाराम को सुप्रीम कोर्ट ने दी 31 मार्च तक के लिए बेल

**जोधपुर, जेएनएन।** जोधपुर सेंट्रल जेल में रेप के आरोप में आजीवन सजा काट रहे आसाराम (83) को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। आसाराम को सूरत के अपने आश्रम में महिला अनुयायी से रेप के मामले में 31 मार्च तक बेल मिली है। हालांकि, उसके जेल से बाहर निकलने की संभावना नहीं है, क्योंकि वह नाबलिग से रेप का भी दोषी है। आसाराम को बीते 5 महीने में तीन बार पैरोल भी मिल चुकी है। रेप के जिस केस में जमानत मिली, वह गांधीनगर के पास आसाराम के आश्रम में रहने वाली महिला ने दर्ज करवाया था। अब दूसरे केस में जोधपुर हाईकोर्ट में बेल एप्लीकेशन लगाने की तैयारी है। इधर, जमानत पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि आसाराम अपने फॉलोअर्स से नहीं मिल सकता है। वह केस के सबूतों से छेड़छाड़ की कोशिश भी नहीं करेगा।



### वी. नारायणन इसरो के नए प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वरिष्ठ अंतरिक्ष वैज्ञानिक वी. नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह मौजूदा अध्यक्ष एस. सोमनाथ की जगह 14 जनवरी को पदभार ग्रहण करेंगे। सोमनाथ ने 14 जनवरी 2022 को इसरो के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला था। अब अपने दो साल के कार्यकाल के बाद वह सेवानिवृत्त हो जाएंगे। मंगलवार को कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, वी. नारायणन भी दो साल के लिए इसरो चीफ के पद पर नियुक्त किए गए हैं। वर्तमान में नारायणन वलियामाला स्थित लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। नारायणन के करियर में आदित्य अंतरिक्ष यान और जीएसएलवी एमके मिशन जैसी इसरो की कुछ प्रमुख परियोजनाएं शामिल हैं। उन्हें कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।



# तिब्बत में भूकंप से तबाही



भूकंप से प्रभावित शिजांग का एक इलाका

## 126 लोगों की मौत, 130 से अधिक घायल, 7.1 तीव्रता के भूकंप का नेपाल, भूटान, बांग्लादेश समेत भारत के सिक्किम, उत्तराखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल तक असर

**ल्हासा, जेएनएन।**

चीन के राज्य तिब्बत में मंगलवार सुबह आए भूकंप से 126 लोगों की मौत हो गई, जबकि 130 घायल हो गए। सैकड़ों मकान भी जमींदोज होने की खबर है। भूकंप का असर भारत के बिहार, सिक्किम, असम और अरुणाचल प्रदेश तक दिखा। भूटान, नेपाल और बांग्लादेश में भी धरती कांपी। हालांकि, यहां से किसी भी तरह की जनहानि की खबर नहीं है।

चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी ने बताया कि भूकंप सुबह 9.05 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 6.30 बजे) आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 7.1 थी। भूकंप का केंद्र तिब्बत के शिजांग में जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था। उधर, भारत के नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि रिक्टर स्केल पर 7.1 तीव्रता वाले इस भूकंप का असर नेपाल, भूटान सहित भारत के सिक्किम और उत्तराखंड, बिहार, सिक्किम, असम और अरुणाचल में भी दिखा। इससे भारत में कोई नुकसान नहीं हुआ। भूटान, नेपाल और बांग्लादेश से भी नुकसान की कोई खबर नहीं आई। सेंटर ने बताया पहले भूकंप के तुरंत बाद इस क्षेत्र में दो और भूकंप आए। लोकल अधिकारी लगातार हालात का जायजा ले रहे हैं।

उधर, तिब्बत में हताहतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक भूकंप के बाद बड़ी संख्या में लोग मलबे में फंस गए, जिन्हें रेस्क्यू किया जा रहा है। चीन की स्टेट काउंसिल ने भूकंप प्रभावित इलाके में टास्क फोर्स भेजी है। चीनी वायुसेना भी प्रभावित क्षेत्र में रेस्क्यू में जुटी है। भूकंप की वजह से इलाके का बुनियादी ढांचा बुरी तरह से चरमरा गया है, जिससे यहां बिजली और पानी दोनों की सप्लाई बाधित हो गई है। भूकंप के मद्देनजर चीन ने माउंट एवरेस्ट के टूरिस्ट क्षेत्रों को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया है।



### एक के बाद एक, दो भूकंप

नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, तिब्बत में पहला भूकंप स्थानीय समयानुसार मंगलवार सुबह 6.35 बजे नेपाल-तिब्बत सीमा के पास शिजांग में आया। इतनी तीव्रता का भूकंप काफी शक्तिशाली माना जाता है और ये गंभीर क्षति पहुंचाने में सक्षम है। उसके बाद दूसरा भूकंप तिब्बत के दूसरे सबसे बड़े शिगात्से शहर में आया, जिसकी तीव्रता 6.8 दर्ज की गई। इस क्षेत्र से एक घंटे के अंदर भूकंप के 5 और झटके महसूस किए गए, जिनकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.7 और 4.9 मापी गई।

### भूकंप का असर 400 किमी तक

भूकंप के झटके इतने तेज थे कि 400 किमी दूर नेपाल की राजधानी काठमांडू में भी इसका असर महसूस किया गया। चीन सरकार ने बताया कि मंगलवार का भूकंप पिछले 5 साल में दर्ज किया गया सबसे शक्तिशाली भूकंप है। इसका सेंटर उस जगह पर मौजूद है, जहां भारत और यूरेशियाई टेक्टोनिक प्लेट्स टकराती हैं।

चीन द्वारा प्रभावित इलाके में लेवल-3 इमरजेंसी घोषित की गई है। यह इमरजेंसी तब घोषित की जाती है, जब दुर्घटना इतनी बड़ी हो कि लोकल एडमिनिस्ट्रेशन और स्टेट की सरकार उससे नहीं निपट सकती। ऐसे हालात में केंद्र सरकार अपनी तरफ से तत्काल मदद भेजती है और बीजिंग में बैठकर बचाव कार्य की निगरानी की जाती है।

### बीड़ी कारोबारी ने की 140 करोड़ की टैक्स चोरी

# पूर्व भाजपा विधायक के यहां मिला पौने 4 करोड़ कैश व 14 किलो सोना

**जागरण, सागर/ भोपाल।** सागर में भाजपा के पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर और बीड़ी, कंस्ट्रक्शन कारोबारी राजेश केशरवानी के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी कार्रवाई पूरी हो गई। इस दौरान विभाग को पूर्व विधायक के पास से 14 किलो सोना मिला, जिसमें 9 किलो 800 ग्राम सोने को सीज किया है। इसके अलावा तीन करोड़ 80 लाख रुपए भी सीज किए हैं। वहीं बीड़ी और कंस्ट्रक्शन कारोबारी राजेश केशरवानी के यहां 140 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी है।



हरवंश सिंह राठौर

कारोबारी के यहां दूसरों के नाम पर रजिस्टर्ड सात कारें जब्त की हैं। इन कारों का इस्तेमाल केशरवानी परिवार कर रहा था। इसके अलावा चार किलो 700 ग्राम सोना निकला है। मालूम हो कि आयकर विभाग की टीम ने रविवार को सागर में तीन ठिकानों पर छापेमारी की थी। टीम को बेनामी संपत्ति के दस्तावेज भी मिले हैं, जिन्हें आयकर विभाग ने अपने कब्जे में लेकर विस्तृत जांच शुरू कर दी है। टीम संबंधितों को समन जारी कर बयान लेने के लिए बुलाने की तैयारी कर रही है।

### एक फर्म में साझेदारी से जद में आए राठौर

पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर सिर्फ इसलिए छापेमारी में की जद में आ गए क्योंकि एक फर्म में वे राजेश केशरवानी के साझेदार थे। इस छापेमारी में 140 करोड़ की टैक्स चोरी केशरवानी परिवार के यहां मिल चुकी है। आगे की जांच में यह आंकड़ा और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। पूर्व विधायक राठौर के दूसरे निवेशों और अन्य दस्तावेजों की जांच की जा रही है। राठौर का मुख्य व्यापार भी बीड़ी कारोबार पाया गया है जबकि केशरवानी का कारोबार बीड़ी के साथ कंस्ट्रक्शन का भी है। हरवंश सिंह सागर जिले के बंडा से विधायक रहे हैं। वर्तमान में सागर भाजपा जिला अध्यक्ष की दौड़ में भी शामिल हैं, उनके पिता हरनाम सिंह राठौर उमा सरकार में मंत्री रह चुके हैं।



पूर्व भाजपा विधायक हरवंश सिंह राठौर का सागर स्थित बंगला, जहां आयकर अधिकारियों ने रविवार को छापे की कार्रवाई की थी।

# दिल्ली में पांच फरवरी को वोटिंग, आठ को नतीजे

### मुख्य चुनाव आयुक्त ने एक फिर ईवीएम पर सफाई दी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर सिंगल फेज में 5 फरवरी को वोटिंग होगी। रिजल्ट 8 फरवरी को आएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की तिथियों का ऐलान कर दिया। दिल्ली चुनाव की प्रक्रिया 33 दिन में पूरी हो जाएगी। 2015 और 2020 के मुकाबले इस बार चुनाव और रिजल्ट की घोषणा एक हफ्ते पहले हो रही है। दिल्ली में 1.55 करोड़ वोटर्स 33 हजार से ज्यादा पोलिंग स्टेशन पर वोट डालेंगे।



डेढ़ घंटे की प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीईसी राजीव कुमार सिर्फ 10 मिनट दिल्ली चुनाव पर बोले। एक घंटे से ज्यादा वक्त तक उन्होंने ईवीएम, वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और खास वर्ग के वोटर्स का नाम हटाने जैसे विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाना गलत ट्रेंड है।

**ये भी बोले सीईसी**

- एलन मस्क ईवीएम पर सवाल उठाते हैं, जबकि भारत में जल्दी मतगणना होने की तारीफ करते हैं।
- पोलिंग बूथ की रिकॉर्डिंग नहीं दे सकते है। इसे लेकर सरकार ने नियम बदले हैं। पारदर्शिता हमारा मूलभूत आधार है। उसे हम कम कर ही नहीं सकते। एक विधानसभा की फुटेज दे दें तो 1800 बूथ होते हैं। 10 घंटे देखेंगे रोज तो 650 साल लगेंगे। लोग क्यों लेना चाहते हैं। इसका लोग मिसयूज करते हैं।

इससे युवा वोटर्स पर असर पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट भी ईवीएम पर सवाल उठाने वालों को खारिज कर चुका है। राजीव कुमार ने कहा, वोटरों का नाम कटने के आरोपों को सुनकर दुख होता है। हर साल 1 जनवरी ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### एनएसओ रिपोर्ट : भारतीय अर्थव्यवस्था में बीते चार साल की सबसे बड़ी सुस्ती के संकेत

# 2024-25 में जीडीपी ग्रोथ 6.4% रहने का अनुमान, 23-24 में थी 8.2 फीसदी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ में बीते 4 साल की सबसे बड़ी सुस्ती देखने को मिल सकती है। सरकार को वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी ग्रोथ 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह ग्रोथ पिछले वित्त वर्ष में 8.2 प्रतिशत थी। अनुमान राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) का है। उसने कहा कि कोरोना महामारी के बाद से यह सबसे धीमी वार्षिक जीडीपी वृद्धि दर है।

एनएसओ का यह अनुमान 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के हालिया अनुमान 6.6 प्रतिशत से भी कम है। आंकड़ों से यह भी पता चला है कि ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) भी वित्त वर्ष 25 में 6.4 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, जो वित्त वर्ष 24 में 7.2 प्रतिशत से कम है। यह भी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं है। दरअसल, जीवीए संपूर्ण अर्थव्यवस्था का आउटलुक होता है। इससे पता चलता है कि अर्थव्यवस्था में कितना धन पैदा हुआ और कितना खर्च।

यह आंकड़े बढ़ती आर्थिक अनिश्चितताओं और जियो पॉलिटिक्स के जोखिमों के बीच आए हैं। अमेरिका में ट्रंप का आगमन भारत के लिए शुभ नहीं माना जा रहा है। जाहिर है कि यह ■ शेष पृष्ठ 7 पर




### इन सेक्टरों में रहेगी बढ़त

एनएसओ के आंकड़ों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 25 के दौरान एग्रीकल्चर और इससे जुड़े क्षेत्र में 3.8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है, जबकि पिछले साल यानी वित्त वर्ष 24 में यह 1.4 प्रतिशत थी। मैन्युफैक्चरिंग और फाइनेंस, रियल एस्टेट और सर्विस सेक्टर में वित्त वर्ष 25 के दौरान क्रमशः 8.6 और 7.3 की वृद्धि का अनुमान है। यह दर 24 के मुकाबले क्रमशः 1.4 और 0.8 फीसदी ज्यादा रहेगी।



**इधर, गोल्डमैन सैक्स का अनुमान**

### वैश्विक निवेशकों का भारत की ओर आकर्षण बढ़ेगा

अमेरिकी इंवेस्टमेंट बैंक और फाइनेंशियल सर्विस कंपनी गोल्डमैन सैक्स ने अनुमान लगाया है कि भारत 2025 में अच्छा प्रदर्शन करने वाले उभरते बाजारों में से एक होगा। व्यापारिक शर्तों में सुधार, आर्थिक स्थिरता, नियंत्रित मुद्रास्फीति और विश्वसनीय व्यवस्था की वजह से वैश्विक निवेशकों का भारत की ओर आकर्षण बढ़ेगा।

गोल्डमैन ने अगले 4-5 वर्षों में सालाना 18-20% की आय वृद्धि का अनुमान लगाया है। यह अनुमान उभरते निजी पूंजीगत व्यय व कॉरपोरेट बैलेंस शीट री-लीवरेजिंग की वजह से पूरा होगा। इन कारकों ने उभरते बाजारों में भारत के बीटा को लगभग 0.4 तक कम कर दिया है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। हालांकि भू-राजनीतिक घटनाक्रम अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेंगे।

**स्मृति शेष** | प्रसिद्ध रंगकर्मी आलोक चटर्जी का 64 साल की उम्र में निधन, एनएसडी के दूसरे गोल्ड मेडलिस्ट थे

# जीवन के रंगमंच पर 'नटसम्राट' का किरदार पूरा

**जागरण, भोपाल।** जाने-माने थिएटर अभिनेता आलोक चटर्जी का 64 साल की उम्र में निधन हो गया। वह मध्यप्रदेश स्कूल ऑफ ड्रामा (एमपीएसडी) के पूर्व निदेशक थे। अभिनेता ओम पुरी के बाद एनएसडी (नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा) के दूसरे गोल्ड मेडलिस्ट रहे आलोक ताजिंदगी थिएटर के लिए समर्पित रहे। वह कई बीमारियों से जूझ रहे थे। किडनी पैंक्रियाज में भी समस्याएं थीं। उन्हें भोपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। उनके शरीर में इन्फेक्शन फैल गया। इसके चलते उनके अंगों ने काम करना बंद कर दिया था।

मध्य प्रदेश के दमोह में जन्मे आलोक चटर्जी 8वीं कक्षा पास कर जबलपुर चले गए थे। इसके बाद वे भोपाल में बस गए। बाद में उन्होंने दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से ड्रामा में डिग्री हासिल की। आलोक चटर्जी ने एनएसडी से बेस्ट एक्टिंग के लिए गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। उन्हें 2019 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा संगीत नाटक एकेडमी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

### रंगमंच के लिए समर्पित था जीवन

आलोक चटर्जी अगर चाहते तो फिल्मी दुनिया में जा सकते थे, लेकिन वे रंगमंच के लिए समर्पित थे। उन्होंने न केवल भारत, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रंगमंच को नई दिशा दी। विलियम शेक्सपियर के प्रसिद्ध नाटक ए मिड समर नाइट्स ड्रीम के निर्देशन के लिए आलोक चटर्जी को विशेष प्रशंसा मिली। उनके निर्देशन में इस नाटक ने दर्शकों के बीच एक विशेष पहचान बनाई। नाटक 'नटसम्राट' में आलोक चटर्जी की अदाकारी हमेशा याद की जाएगी। यह नाटक भारतीय रंगमंच का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया था, जिसमें उन्होंने अभिनय की गहराई और भावनाओं को बखूबी निभाया। इसके अलावा 'डेथ ऑफ अ सेल्समैन', 'शकुंतला की अंगूठी', 'अनकहे अफसाने', 'आनंद मठ' और 'स्वामी विवेकानंद' भी उनके प्रसिद्ध नाटक हैं।



### आलोक ने लिखा था इरफान खान का पहला लव लेटर

हिंदी सिनेमा के दिग्गज कलाकार रहे इरफान खान आलोक चटर्जी के गहरे दोस्त थे। दोनों ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में साल 1984 से लेकर 1987 तक एक साथ पढ़ाई की। दोनों ने तीन साल तक नाटकों में लीड रोल भी निभाए। भोपाल के रंगकर्मी बालेंद्र सिंह ने बताया कि इरफान खान एक बार जब भोपाल के जहांनुमा होटल में एक निजी कार्यक्रम के तहत आए थे, तब आलोक भाई सिगरेट पी रहे थे और इरफान खान बीड़ी। दोनों ने एनएसडी के दिनों के खूब किस्से सुनाए थे। इरफान खान ने बताया, मैं बहुत आलसी था। मेरी शादी कराने में भी आलोक भाई शामिल रहे। मेरा लव लेटर आलोक लिखते थे।

**'विलोम' अपने 'कालिदास' से मिलने चला**

इरफान के जन्मदिन पर जिगरी दोस्त की मौत ने हर किसी को भावुक कर दिया। इरफान की 7 जनवरी को 58वीं बर्थ एनिवर्सरी पर जहां पूरा देश उन्हें याद कर रहा था, वहीं उनका दोस्त इसी दिन दुनिया को अलविदा कह गया। सिंगर और लिरिसिस्ट स्वानंद किरकिरे ने आलोक चटर्जी के निधन की खबर दी और एक भावुक पोस्ट लिखी। उन्होंने आलोक चटर्जी की तस्वीर शेयर कर लिखा, आलोक चटर्जी.. एक महान एक्टर चला गया! वह एनएसडी में इरफान के बैचमेट थे। अगर इरफान कालिदास थे तो आलोक चटर्जी विलोम! विलोम अपने कालिदास से मिलने गया है।

### नागपुर में दो मरीज मिले अब एचएमपीवी के 8 केस

**नागपुर, जेएनएन।** एचएमपीवी वायरस के देश में अब 8 केस हो गए हैं। मंगलवार को महाराष्ट्र के नागपुर में 2 केस सामने आए। यहां एक 13 साल की लड़की और एक 7 साल का लड़का संक्रमित मिला है। दोनों ही बच्चों को लगातार सर्दी-बुखार था। इसके बाद प्राइवेट लैब की जांच में दोनों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। हालांकि इन्हें अस्पताल में भर्ती नही करना पड़ा। इलाज के बाद उनकी स्थिति कंट्रोल में है।



दिल्ली एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने कहा कि यह श्वसन से जुड़ी बीमारी है। उन्होंने लोगों से पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और पौष्टिक भोजन लेने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि यह वायरस नया नहीं है। यह काफी पहले से ही मौजूद है। इसमें केवल हल्का संक्रमण होता है। मगर शिशुओं, बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों में यह निमोनिया का कारण बन जाता है। इस वजह से सांस लेने में दिक्कत आती है।

### फ्रीबीज पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

# राज्यों के पास रेवड़ियां बांटने के लिए पैसे हैं, जजों के लिए नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फ्रीबीज मामले पर टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि राज्यों के पास मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के लिए पैसे हैं, लेकिन जजों की सैलरी-पेंशन देने के लिए नहीं हैं। राज्य सरकारों के पास उन लोगों के लिए पूरा पैसा है, जो कुछ नहीं करते, लेकिन जब जजों की सैलरी की बात आती है, तो वे वित्तीय संकट का बहाना बनाते हैं। जस्टिस बीआर गवई और एजी मसीह की बेंच ने यह टिप्पणी की। सुनवाई ऑल इंडिया जजेस एसोसिएशन द्वारा 2015 में दायर की गई याचिका पर हो रही थी, जिसमें जजों की पेंशन और वेतन में सुधार की मांग की गई है। मामले की सुनवाई कल भी होगी। केंद्र की तरफ से अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणि ने कहा कि सरकार ने नई पेंशन स्कीम में वित्तीय दबाव को ध्यान में रखा है। साथ ही उन्होंने मामले की सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया। इसे खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा कि यह मामला कई सालों से लंबित है और अगर सरकार कोई नया नोटिफिकेशन जारी करती है तो वह कोर्ट को सूचित कर सकती है।



### 2016 में रिवाइज हुई थी जजों की सैलरी

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जजों की सैलरी आखिरी बार 2016 में रिवाइज की गई थी। यानी याचिका दायर होने के बाद, लेकिन जजेस एसोसिएशन संतुष्ट नहीं हुई। हालांकि, डिपार्टमेंट ऑफ चीफ जस्टिस के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की महीने की सैलरी 2.80 लाख रुपए है और जजों की तनख्वाह 2.50 लाख होती है। हाईकोर्ट के जजों को हर माह 2.25 लाख, चीफ जस्टिस को 2.50 लाख वेतन मिलता है। सुप्रीम कोर्ट के जज की 65 साल और हाईकोर्ट के जज 62 साल की उम्र में रिटायर हो जाते हैं।



# हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का मनाया गया उर्स



**जागरण, रीवा।** गरीब नवाज रह.अलै अजमेर शरीफ का उर्स पाक अजमेर सहित बिछिया में भी पूरी अकीदत मंदी के साथ मनाया गया। जामा मस्जिद के सदर इस्लाम अहमद गुड्डू और सेकेट्री लईक खान ने बताया की हर साल की तरह इस साल भी ख्वाजा गरीब नवाज रह. अलै के उर्स के मौके पर हजरत दाराशाह तकिया में मीठी दलिया की फातेहा बाद नमाज जोहर 2:30 बजे दिन बिछिया मोहल्ले की मस्जिदों के इमाम हजरात एवं शहर के लोगो की मौजूदगी मे हुई। इस फातेहा का आयोजन अहले मोहल्ला एवं जामा मस्जिद के सदर इस्लाम अहमद और मदरसा इस्लामिया के सदर वाइज खान के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। फातेहा ख्वानी में जामा मस्जिद के इमाम ने दुआ कराई दुआ में पूरे हिदुस्तान में अमन भाई चारे एवं एकता कायम रहने के लिए दुआ अल्लाह पाक से की। फातेहा ख्वानी में मुख्य रूप से इस्लाम अहमद गुड्डू, वाइज खान, लईक खान, तहकीकुद्दीन खान, अब्दुल रज्जाक खान, मौलाना मुरशिद आलम, सहफ़ूज खान, मुख्तार खान, माजिद खान, शमीम खान, जावेद खान, तौहीद खान बाबू, वासिद खान, जुगुन भाई, लल्ला भाई, गुलसाद खान, नत्थू भाई, शेरा बाबू, उवैस खान, अल्तमस खान, मौलाना रऊफ रिज़वी, सईद खान, गुड्डू, नूर खान, तौसीफ खान, रकीबुद्दीन, फरीजुद्दीन, मोअज्जिन सरदार खान आदि लोग फातेहा ख्वानी में शामिल हुये।

# जरूतमंदों को गर्म कपड़े बांट रही शीतदूत टीम



**रीवा।** सामाजिक कार्यों से जुड़ी हुई अग्रणी सामाजिक संस्था बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसाइटी की शीतदूत टीम इस जाड़े में लोगों तक पहुंच कर उन्हें कंबल टोपा मफलर व गर्म कपड़े बांट रही है। बेनिसन हेल्पिंग सोसायटी की शीत दूत की इस दरियादिली की हर कोई प्रशंसा कर रहा है। कड़ाके की ठंड में रात के 11 बजे अपने प्रखंड के पोषक क्षेत्र का भ्रमण करते हैं। भ्रमण के पीछे उनकी मंशा गरीबों एवं जरूतमंदों की सेवा करना है। ठिठुर रहे गरीबों को कंबल प्रदान करते हैं। कंबल वितरण का यह उनका सिलसिला कई दिनों से चल रहा है, जो इलाके से ले कर शहर में चर्चा का विषय बना है। शतदूत टीम में बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष श्लेषा शुक्ला, अतुल द्विवेदी, अमर, एनी खंडेलवाल, राघव रघुवंशी, राहुल सिंह, आशीष द्विवेदी, प्राची शुक्ला, मान्य, सत्यम, अन्य लोग शामिल हैं।

# रेडक्रॉस की नई गतिविधियों के विस्तार का लिया संकल्प

## रेडक्रास सभागार में आयोजित नव वर्ष मिलन समारोह




**रीवा।** अंतर्राष्ट्रीय प्रोग्रामर दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक के साथ नव वर्ष मिलन समारोह रेडक्रास सभागार में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम रेडक्रॉस के भीष्म पितामह पूर्व चेयरमैन डॉ. सज्जन सिंह की विशेष उपस्थित में संपन्न हुआ। बैठक में 2025 रेडक्रॉस की नई गतिविधियों के विस्तार करने का संकल्प लिया गया। रेडक्रॉस में नव वर्ष मिलन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर समस्त कार्यकारिणी सदस्यों के साथ रेडक्रॉस एवं पुनर्वास केंद्र के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारियों को चेयरमैन द्वारा शाल श्रीफल दे कर सम्मानित किया गया। वर्तमान चेयरमैन ने पूर्व चेयरमैन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा सौंपी गई रेडक्रॉस की धरोहर को संभालने के साथ आगे की ओर विस्तार करने का प्रयास कर रहा हूं। पूर्व चेयरमैन ने वर्तमान चेयरमैन डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी को साधुवाद धन्यवाद देते हुए कहा कि रेडक्रॉस निरंतर आगे की ओर बढ़ता जा रहा ह। रेडक्रॉस रीवा की गतिविधियां प्रदेश में प्रथम स्थान की ऊंचाइयां प्राप्त कर रही हैं इस हेतु चेयरमैन डा. प्रभाकर चतुर्वेदी एवं उनकी पूरी टीम को धन्यवाद एवं आशीर्वाद है। बैठक में जयंत खन्ना, ए के खान, डा.विनोद श्रीवास्तव, डॉ. हर्ष सिंह, डा. सुशील त्रिपाठी,डा.आदित्य तिवारी, बी एन त्रिपाठी, भारती शर्मा, सीमा श्रीवास्तव ,मुकुंद मिश्रा, प्रशांत जैन, डा. एस के श्रीवास्तव,एस डी एम त्रिपाठी, प्रणत कनौडिया, सुरेन्द्र सिंह, पियूष मिश्रा सहित रेडक्रॉस एवं जिला दिव्यांग एवं निशक्त केंद्र के समस्त कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# विंध्य में 6 जिलों के बदल जायेंगे भाजपा जिला अध्यक्ष, आज जारी हो सकती है सूची

## रीवा से वीरेंद्र गुप्ता को मिल सकता है मौका, मऊगंज में डॉ राजेंद्र फिर होंगे रिपीट!

### नाम लगभग तय, अंतिम मुहर के लिए दिल्ली पहुंची सूची



**जागरण, रीवा।** भाजपा जिला अध्यक्ष के लिए पिछले कई दिनों से भोपाल में चल रहे मंथन के बाद तस्वीरें लगभग साफ हो गई हैं। कौन अध्यक्ष होगा कौन नहीं इसका फैसला हो चुका है। सिर्फ नाम बाहर आने हैं। प्रदेश के कुछ जिलों को छोड़ कर अधिकांशतः में आमसहमति हो गई है। हम विंध्य क्षेत्र के सभी 9 जिलों के अध्यक्षों को लेकर बात करें तो यहां नाम फाइनल भी कर लिए गए हैं। सूत्रों की माने तो मंगलवार को अपरांह फाइनल मुहर के लिए सूची दिल्ली भी पहुंच चुकी है। सूत्रों पर यकीन करें तो मंगलवार की रात अथवा बुधवार को नए जिला अध्यक्षों की घोषणा हो सकती है।

जानकारी अनुसार शहडोल संभाग के तीनों जिलों के अध्यक्ष नए नियुक्त होंगे। यहां कोई रिपीट नहीं होगा। जबकि रीवा संभाग के 6 जिलों में तीन में रिपीट व तीन में परिवर्तन होने की संभावना है। जिसमें मऊगंज, मैहर और सीधी में रिपीट और रीवा, सतना और सिंगरौली में परिवर्तन होगा। सतना में डेढ़ साल पहले ही नए अध्यक्ष नियुक्त किया गया था लेकिन वहां सहमति नहीं बनने से बदल सकते हैं।

### जाति समीकरण साधने की कोशिश

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहडोल संभाग के उमरिया में आदिवासी, शहडोल ब्राह्मण और अनूपपुर को पिछड़ा वर्ग कोटे में रखा गया है। जबकि रीवा संभाग में रीवा व्यापारी, मऊगंज ब्राह्मण, सतना ब्राह्मण, मैहर व्यापारी, सीधी क्षत्रिय और सिंगरौली को पिछड़ा वर्ग कोटे में रखा गया है। सूत्रों की बातों पर यकीन करें तो रीवा में वीरेंद्र गुप्ता को अध्यक्ष बनाया जा सकता है। हालांकि महिला वर्ग से भी अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा चली है और प्रज्ञा त्रिपाठी का नाम चल रहा है हालांकि वीरेंद्र गुप्ता के नाम पर सहमति बनने की चर्चा है। वहीं सतना में सतीष शर्मा की जगह शंकर दयाल त्रिपाठी ले सकते हैं। सिंगरौली में सुंदर शाह और नरेंद्र शाह में कोई एक हो सकता है। जबकि सीधी में फिर से देव कुमार सिंह और मैहर में कमलेश सुहाने और मऊगंज से डॉ राजेंद्र मिश्रा को रिपीट किया जा रहा है। यह तो चर्चा की बातें हैं कौन अध्यक्ष बनेगा कौन नहीं इसका असली पता तो सूची जारी होने के बाद ही होगा।

### खूब हुई मैराथन

जिला अध्यक्षों का नाम तय करने के लिए पिछले 10 दिनों से भोपाल में खूब मैराथन हुई। कई दावेदार भोपाल में भी डेरा डाले रहे। कई बड़े नेताओं का भी हस्तक्षेप रहा। मीटिंग पर मीटिंग हुई लेकिन आमराय नहीं बन पा रही थी। आखिर में मुख्यमंत्री के साथ बैठक हुई इसके बाद नाम तय किए जाकर फायनल मुहर के लिए दिल्ली भेजा गया। ताकि यह प्रतीत हो कि सूची दिल्ली से फायनल हुई है।

# संपत्तिकर नहीं जमा करने पर की जाएगी तालाबंदी की कार्यवाही

**जागरण, रीवा।** वित्तीय वर्ष 2024-2025 का संपत्तिकर जमा करने पर माह जनवरी 2025 में 4 प्रतिशत मूल संपत्तिकर पर छूट दी जा रही है। नगर निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत ऐसे भवन, भूमिस्वामी जो वित्तीय वर्ष 2024-2025 का संपत्तिकर अभी जमा नहीं किए हैं वह शीघ्र राशि जमा कर आगे की कार्यवाही से बच सकते हैं। ऐसे भवनस्वामी जो स्वयं निवास करते हैं उन्हें संपत्तिकर में 50 प्रतिशत छूट दी जाती है। भवनस्वामी शीघ्र संपत्तिकर जमा करें अन्यथा वित्तीय वर्ष समाप्ति पर मिलने वाली 50 प्रतिशत संपत्तिकर छूट से वंचित हो जावेंगे। इसके अलावा साथ ही ऐसे भवनस्वामी जिन्होंने वर्ष 2023-24 तक का संपत्तिकर जमा नहीं किया है, वह शीघ्र राशि जमा करें, अन्यथा उनके भवन या प्रतिष्ठान में तालाबन्दी और कुर्की की भी कार्यवाही की जावेगी। निगमायुक्त डॉ. सोनवणे ने शहर के नागरिकों से अनुरोध किया है कि वह अपने भवन और भूमि का संपत्तिकर जमा कराकर नगर विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।

# वेतन नहीं मिलने से परेशान हैं नगर निगम के कर्मचारी

**रीवा।** नये साल में जनवरी महीने की सात तारीख गुजर गई लेकिन अभी तक नगर निगम के कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने से नगर निगम के कर्मचारी परेशान और निराश हैं। उन्हें वेतन मिलने का बेसब्री से इंतजार है लेकिन अभी तक उनके वेतन का पता नहीं है कि कब मिलेगा। कई कर्मचारियों ने बताया कि हर माह जल्दी वेतन मिल जाता था तो महीने भर का खर्च आराम से चल जाता था किन्तु नये साल में एक सप्ताह गुजर जाने के बाद भी वेतन नहीं मिलने रोजमर्रा के खर्च के लिए लाले पड़ रहे है। वेतन से वंचित कर्मचारियों के पास इस समय केवल यही चर्चा हो रही है कि उनका वेतन कब मिलेगा।

# बिना मंजूरी मिला निर्माणाधीन भवन समयपाल का रोका दो इंक्रीमेंट

## पानी की टंकी के पास कुठुलिया में लगा मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर



**जागरण, रीवा।** शहर के कुठुलिया मोहल्ले में आयोजित शिविर में पहुंचकर निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे आमजन की शिकायतों से अवगत हुये। उन्होंने संबल अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि की शिकायत पर तत्काल निराकृत करने के निर्देश दिए। आमजन की शिकायत पर वार्ड में रोड, नाली का निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु आमजन की मांग पर सड़क मार्ग में स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए। वार्ड में पार्क एवं सुलभ शौचालय बनाये जाने की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। शिविर के दौरान ही वार्ड में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में सड़क निर्माण करा लिये जाने की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल उखाड़ने एवं नियमानुसार कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए। शिविरों में अब तक 2458 आवेदन प्राप्त हुये जिनमे 2436 स्वीकृत किये गये, शेष 22 में कार्यवाही प्रगतिरत है। इसके पश्चात निगमायुक्त द्वारा वार्ड में भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। वार्ड में बढ़ रहे अतिक्रमण को हटाने के साथ ही अतिक्रमण की रोकथाम के निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान अनाधिकृत रूप से निर्माणाधीन भवन पाया गया जिस पर प्रभावी कार्यवाही न करने पर समयपाल अशोक सिंह की 2 वेतनवृद्धि रोके जाने के निर्देश दिए गए। जलभराव की समस्या की शिकायत को देखते हुये निगमायुक्त ने तत्काल जल निकासी हेतु कच्ची नाली बनाकर वाटर लागिंग की समस्या का समाधान कराये जाने के निर्देश दिए। वार्ड में कचरे के ढेर जमा पाये जाने पर वार्ड दरोगा को फटकार लगाते हुये तत्काल कचरा उठाव के निर्देश दिए। वार्ड में नियुक्त वार्ड प्रभारी को टैक्स वसूली कार्य में लापरवाही बरतने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही निगम आयुक्त ने कुठुलिया में बन रहे 37 एमएलडी के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया एवं निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। जिससे शहरवासियों को शीघ्र ही पेय जल आपूर्ति की जा सके। इस दौरान पार्षद गंगा प्रसाद यादव, सहायक यंत्री संतोश पाण्डेय, एसएन द्विवेदी, राजस्व निरीक्षक रविप्रकाश मिश्रा एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# उधना स्टेशन से होगा राजकोट व महामना एक्सप्रेस का संचालन

## 10 से बदलेगी व्यवस्था, निर्माण के लिए 3 मार्च तक प्रभावित रहेगी व्यवस्था



**रीवा।** अधोसंरचना कार्य की वजह से पश्चिम-मध्य रेलवे की पांच ट्रेनों के ठहराव में आंशिक परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है। इसमें रीवा रेलवे स्टेशन से चलने वाली दो ट्रेन भी शामिल हैं, जो मार्च के पहले सप्ताह तक प्रभावित रहेंगी। इस दौरान उक्त दोनों गाड़ियां सूरत के बजाय उधना में रुकेंगी। पश्चिम-मध्य रेलवे के मुंबई मंडल अंतर्गत आने वाले सूरत स्टेशन पर चल रहे अधोसंरचना कार्यों के कारण यात्री गाड़ियों को सूरत स्टेशन के स्थान पर उधना स्टेशन पर ठहराव दिया गया है। यह बदलाव यात्रियों की सुविधा एवं सुगमता को ध्यान में रखते हुए किया गया है। पमरे के जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 20905 एकता नगर-रीवा महामना साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारंभिक स्टेशन से 10 जनवरी से 7 मार्च तक उधना स्टेशन पर 22.50 बजे पहुंचेगी तथा 22.55 बजे रवाना होगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 20906 रीवा-एकता नगर महामना एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारंभिक स्टेशन से 11 जनवरी से 1 मार्च तक उधना स्टेशन पर ठहराव लेगी, जिसमें 13.35 बजे आगमन व 13.40 बजे प्रस्थान रहेगा।

**राजकोट का भी बदला ठहराव :** पमरे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एकता नगर महामना एक्सप्रेस के अलावा गाड़ी संख्या 22937 राजकोट-रीवा एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन प्रारंभिक स्टेशन से 12 जनवरी से 2 मार्च तक उधना स्टेशन पर 22.50 बजे पहुंचेगी तथा 22.55 बजे रवाना होगी। वहीं गाड़ी संख्या 22938 रीवा-राजकोट साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन प्रारंभिक स्टेशन से 13 जनवरी से 3 मार्च तक उधना स्टेशन पर 13.35 बजे आगमन व 13.40 बजे प्रस्थान का समय रहेगा। गौरतलब है कि अधोसंरचना कार्य की वजह से पमरे की पांच गाड़ियों के ठहराव में परिवर्तन किया गया है।

**बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस में लगा अस्थायी स्लीपर कोच :** रीवा से छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली इकलौती नियमित एक्सप्रेस ट्रेन में बढ़ते यातायात दबाव को क्लियर करने के लिए दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे एवं पश्चिम-मध्य रेलवे द्वारा उक्त ट्रेन में अस्थायी तौर पर एक अतिरिक्त कोच लगाया गया है जो जनवरी माह तक लागू रहेगा। अतिरिक्त यातायात क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 18247-18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में दोनों दिशाओं में अस्थायी तौर पर शयनयान श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच तुरंत प्रभाव से लगाने का निर्णय लिया गया। शयनयान श्रेणी का यह एक अतिरिक्त कोच गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस में 1 जनवरी से जोड़ा गया है जो 31 जनवरी तक प्रभावशील रहेगा। वहीं गाड़ी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में 2 जनवरी से एक अतिरिक्त कोच जोड़ा गया है जो 2 फरवरी तक प्रभावशील रहेगा। ऐसे में रीवा से छत्तीसगढ़ की ओर जाने वाले यात्रियों को काफी सुविधा रहेगी।

# गुलबसिया चौराहे की दुकानों की जांच के लिए टीम गठित

**जागरण, रीवा।** शहर में गुलबसिया चौराहे में स्थित नगर निगम की दुकानों की कैफियत पता करने के लिए निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। गुलबसिया चौराहे में नगर निगम की नौ दुकानें बनी हुई हैं। लगभग पांच दशक पुरानी इन दुकानों से वर्तमान में नगर निगम को कोई आय प्राप्त नहीं हो रही है। और तो और यह तक स्पष्ट नहीं है कि ये किनको आवंटित की गई थी और वर्तमान में दुकानों पर किसका कब्जा है। जिन्हें दुकानें आवंटित की गई थी उनमे से अधिकांश लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा दुकानों की हालत भी जर्जर हो गई है। उक्त दुकानों के बारे में निगमायुक्त को जानकारी मिलने पर उन्होंने इसके लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन कर दिया है। सहायक यंत्री एसके गर्ग को जांच समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा सहायक राजस्व अधिकारी रावेन्द्र सिंह को सचिव तथा सहायक विधि अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। निगमायुक्त द्वारा जांच समिति को एक सप्ताह में जांच पूरी कर प्रतिवेदन सौंपने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि जब उक्त दुकानों का निर्माण किया गया था तब नगर निगम के बजाय नगर पालिका थी और शहर का समूचा बाजार फोर्टरोड से लेकर गुलबसिया चौराहे तक सीमित था। समय के साथ नगर पालिका का उन्नयन किया जाकर नगर निगम का दर्जा प्रदान कर दिया गया और शहर में बाजार का स्वरूप भी विकराल हो चुका है। लेकिन पांच दशक पुरानी बीच बाजार में स्थित इन दुकानों के बारे में कोई खोज खबर नहीं ली गई। अब जबकि ये दुकाने निगमायुक्त के संज्ञान में आ चुकी हैं तो इनका निष्कर्ष भी निकलेगा। वर्तमान इन्हें तोड़कर नये सिरे से बहुमंजिला दुकानों का निर्माण किये जाने पर नगर निगम को लाखों रुपये महीने की आय का स्रोत भी विकसित हो सकता है।

# कुठुलिया में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी की सड़क खोद कर की गई कार्यवाही



**जागरण, रीवा।** शहर के कुठुलिया मोहल्ले में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए नगर निगम द्वारा बनाई गई सड़क को खोद दिया गया। इस अवैध कॉलोनी का मामला सोमवार को उस समय सामने आया जब शिविर के बाद निगमायुक्त वार्ड का भ्रमण कर रहे थे। निगमायुक्त के निर्देश पर त्वरित कार्यवाही करते हुए नगर निगम के अतिक्रमण उड़नदस्ता टीम द्वारा जेसीबी के माध्यम से सड़क को खोद दिया गया। इसकी जानकारी नहीं देने पर समयपाल के विरुद्ध भी कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगमायुक्त के निर्देश पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। शहर के वार्ड 45 में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में बड़ी कार्यवाही की गई। कॉलोनी में प्लाट बिक्री के लिए सड़क निर्माण किया गया था। अतिक्रमण प्रभारी द्वारा उक्त सड़क को ही उखाड़ दिया गया।

## जिला पंचायत कार्यालय के सामने से हटाया गया अतिक्रमण

इसी प्रकार शहर के विभिन्न स्थलों में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। जिसमें जिला पंचायत गेट के सामने बस स्टैण्ड की तरफ जाने वाली सड़क में जो शेड दुकान के ऊपर लगे हुये थे उन्हें हटाया गया। इसके साथ ही पुराने बस स्टैण्ड में सुलभ शौचालय के सामने से ठेला, गोमती लगाकर अतिक्रमण जमा लिया गया था जिसे हटाने की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार इंदिरा मार्केट में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में सहायक यंत्री संतोश पाण्डेय, अतिक्रमण प्रभारी मनोज सिंह के साथ अतिक्रमण सहायक सुखेन्द्र चतुर्वेदी एवं अतिक्रमण दल मौजूद रहा।इसके बाद जिला पंचायत के बगल के अतिक्रमण हटाने की बारी हे।

# पार्किंग स्थल के लिए निर्धारित मैदान में लग रही अवैध दुकानें






## पार्किंग न होने से जहां-तहां खड़े कर दिए जाते हैं वाहन

**जागरण, रीवा।** शहर के प्रकाश चौराहा के समीप मस्जिद के पीछे स्थित खाली पड़े शासकीय मैदान में मल्टीप्लाय पार्किंग स्थल का निर्माण किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था, किन्तु यहां पार्किंग स्थल तो नहीं बना बल्कि अवैध दुकानें लगना शुरू हो गईं। आसपास के लोगों ने बताया कि प्रकाश चौराहे के साथ ही समीपस्थ चौराहों पर भी पार्किंग व्यवस्था नहीं है, यहां पार्किंग बन जाने से कुछ हद तक वाहनों की भीड़ कम हो सकती है, लेकिन यहां पार्किंग स्थल बनने की बजाय दुकानें लगाई जा रही हैं, धीरे-धीरे अवैध दुकानों की भीड़ बढ़ती जा रही है। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि जगजाहिर है शहर में जहां भी अवैध रूप से दुकानें संचालित हो रही हैं, उनमें कहीं न कहीं अतिक्रमण हटाने वाले जिम्मेदारों की ही मौन स्वीकृति होती है। ऐसे में अवैध रूप से संचालित दुकानों को हटाने का जिम्मा वरिष्ठ अधिकारियों को लेना होगा।

### एम्बुलेंस तक को निकलने जगह नहीं देते

इस मार्ग के दुकानदारों ने बताया कि पहले से ही सड़क अधिक चौड़ी नहीं है। पार्किंग के अभाव में दोनों ओर के दुकानदारों के वाहन उनकी दुकानों के सामने खड़े करना पड़ते हैं। दुकानों में आने वाले ग्राहक भी अपने वाहन दुकानों के सामने ही खड़े करते हैं, जिससे पूर्व से ही संकरा मार्ग और सिकुड़ जाता है, दोनों ओर से आवागमन का दबाव होने से यहां दिन भर में कई बार जाम लगता है, जिससे लोगों को परेशान होना पड़ता है। वाहन चालक तो अपने वाहन निकालने की जुगत में जाम में फंसी एम्बुलेंस तक को निकलने का स्थान नहीं देते।

### अवैध दुकानें हटवाकर बनाएं पार्किंग

खाली पड़ी भूमि पर पार्किंग बनाने की योजना बनी थी, इसके लिए अधिकारियों ने निरीक्षण भी किया था। यहां पार्किंग व्यवस्था कर दी जाए तो दुकानदारों सहित बाजार में आने वाले लोगों के वाहन यहां खड़े होने से मार्ग खाली हो जाएगा, जिससे दोनों से आने वाले वाहन चालकों को अपने वाहन निकालने में भी आसानी होगी, और बार-बार जाम की स्थिति से निजात भी मिलेगी। प्रशासन को चाहिए कि यहां मल्टीप्लाय पार्किंग निर्माण करना निर्धारित किया गया है तो शहरवासियों की सुविधा को देखते हुए अवैध रूप से संचालित दुकानें हटवाकर यहां निर्माण शुरू करवाना चाहिए।


मऊगंज का प्रथम ISO certified मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल

गुरु वशिष्ठ हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर

रीवा के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ आपके शहर मऊगंज में 15 वर्षों से ज्यादा का अनुभव व पाँच हजार से अधिक सफल सर्जरी का अनुभव



डॉ.कृपा शंकर मिश्रा

हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

गाँधी चिकित्सा महाविद्यालय, M.B.B.S., D.Ortho

हमीदिया अस्पताल भोपालए पूर्व चिकित्सक अपोलो अस्पताल दिल्ली

24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध

उपलब्ध उपचार एवं सुविधाएँ
- जोड़ प्रत्यारोपण एवं कूल्हे के ऑपरेशन की सुविधा
- कमर दर्द स्पाइन के ऑपरेशन की सुविधा
- जटिल हाथ पैर एवं चेहरे पर फ्रैक्चर के ऑपरेशन की सुविधा
- प्रसव एवं बच्चेदानी के ऑपरेशन की सुविधा
- गठिया वात का शर्तिया इलाज
- सभी तरह के जांच ईसीजी एवं Xray की सुविधा
- छोटे से चीरे द्वारा जांच एवं हाथ के हड्डी का ऑपरेशन

स्थान- मऊगंज बायपास रोड, घुरेहटा (म.प्र.) सम्पर्क करें: 6262220039, 8828009739


**मार्तण्ड सिंह जूदेव चिड़ियाघर में आने वाला है नया मेहमान**

## दो सांभर के बदले ग्वालियर से मिलेगा सफेद बाघ, इसी हफ्ते आएगा

### ग्वालियर जू के डॉक्टरों के लौटने का हो रहा है इंतजार

**जागरण, रीवा।** मार्तण्ड सिंह जूदेव चिड़ियाघर में फिर नया मेहमान आने वाला है। लंबे इंतजार के बाद सफेद बाघ की तलाश अब जाकर खत्म हुई है। ग्वालियर चिड़ियाघर से दूसरा सफेद बाघ मिलने वाला है। सहमति मिल चुकी है। इसी हफ्ते टीम ग्वालियर सफेद बाघ को ले जाएगी। चिड़ियाघर में सफेद बाघों की संख्या बढ़कर 4 हो जाएगी।

ज्ञात हो कि मार्तण्ड सिंह चिड़ियाघर में सफेद बाघों की संख्या कम हो गई थी। कई बाघों की मौत हो गई थी। इसके बाद लगातार




देश के कई राज्यों से सफेद बाघ के लिए संपर्क किया गया। कहीं से भी सफेद बाघ नहीं मिला। ग्वालियर चिड़ियाघर ने इसके पहले सफेद बाघ टीपू को दिया था। इसके बाद अब फिर से वहीं से नया सफेद बाघ आने वाला है। चिड़ियाघर हालांकि इसके बदले सांभर ग्वालियर चिड़ियाघर को देगा। सांभर के बदले सफेद बाघ मिलेगा। इसके लिए सहमति मिल गई है। सफेद बाघ को लाने की तिथि भी तय हो गई है। जद ही नए मेहमान को लाने के लिए टीम रवाना भी हो जाएगी।

### 10 से 12 जनवरी को रवाना हो सकती है टीम

मार्तण्ड सिंह जूदेव चिड़ियाघर से टीम 10 से 12 जनवरी के बीच में रवाना होगी। चिड़ियाघर से टीम सांभर लेकर जाएगी। सांभर देकर वहां से टीम सफेद बाघ लेकर आएगी। अभी यह तय नहीं हुआ है कि सफेद बाघ जो मिलने वाला है वह नर है या मादा। यह ग्वालियर चिड़ियाघर के डॉक्टर के छुट्टी से लौटने के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल चिड़ियाघर ने ग्वालियर जाने की तैयारी शुरू कर दी है। बांधवगढ़ से सांभर को ले जाने के लिए गाड़ी मंगाई गई है।

### इसलिए नहीं बन रही थी बात

चिड़ियाघर के पास मांसाहारी वन्यजीव नहीं है। चिड़ियाघर प्रबंधन लंबे समय से सफेद बाघ की तलाश कर रहा था। प्रदेश और देश के कई चिड़ियाघरों से संपर्क किया था। सभी जगह से बदले में वन्यजीव की डिमांड की गई। मार्तण्ड सिंह जूदेव चिड़ियाघर के पास मांसाहारी वन्यजीव देने के लिए नहीं थे इसलिए बदले में सफेद बाघ नहीं मिल पा रहे थे। अब जाकर सफलता मिली है। ग्वालियर से सांभर के बदले सफेद बाघ मिलेंगे।

### वर्तमान में यह है वन्यजीवों की स्थिति

मार्तण्ड सिंह जूदेव चिड़ियाघर में वर्तमान में तीन सफेद बाघ हैं। इसमें रघु, सोनम और टीपू शामिल है। इसके आवा 7 बंगाल टाइगर, 5 तेंदुआ, 03 मगर और 3 भालू हैं। एक जोड़ा बब्बर शेर है। इसके अलावा शाकाहारी वन्यजीवों में बारह सिंगा, सांभर, थामिन डीयर, काला हिरण भी मौजूद हैं। अब एक और सफेद बाघ आने से इनकी संख्या बढ़कर चार हो जाएगी।

---

## न्यूज कार्नर

### कोरोना जैसे ही हैं एचएमपीवी के लक्षण, अलर्ट मोड पर अमला

**देश में 6 मामले मिलने के बाद मचा हड़कंप**

**जागरण, रीवा।** चीन में फैले कोरोना जैसे वायरस एचएमपीवी के देश में 6 मामले सामने आ चुके हैं। इन मामलों में 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चे पीड़ित मिले हैं। संक्रमण को लेकर जिले का स्वास्थ्य अमला अलर्ट मोड पर है। हालाकि अधिकृत रूप से कोई दिशा निर्देश भोपाल से नहीं मिले हैं। अधिकारियों का कहना है कि एचएमपीवीए कोरोना से अलग है, लेकिन लक्षण कोविड की तरह ही हैं। ऐसे में बचाव के लिए वही तरीके फॉलो करें, जो कोविड के लिए किए जाते हैं। एचएमपीवी वायरस से संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। यह बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्युनिटी वाले व्यक्तियों को जल्दी प्रभावित करता है। विशेषज्ञों के अनुसार एचएमपीवी वायरस और कोरोना वायरस दोनों अलग फैमिली का हिस्सा हैं। इसके बावजूद यह इतना खतरनाक नहीं है। फिर भी बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों को सावधान रहने की जरूरत है।

### स्वागत भवन चौराहे पर भी अतिक्रमण



**जागरण, रीवा।** शहर को अतिक्रमण मुक्त करने वाले जिम्मेदारों की लापरवाही का आलम यह है कि हर कहीं अतिक्रामकों का बोलबाला है। शहर का सिरमौर चौराहा, अमहिया बाजार, अस्पताल चौराहा पूर्व से ही अतिक्रामकों की चपेट में है। अतिक्रमणकारियों से स्वागत भवन चौराहा भी अछूता नहीं है। अवैध कब्जा करने वालों ने फुटपाथ को भी नहीं बख्शा। फुटपाथ पर बरसाती, शेड आदि लगाकर दुकानें लगा ली गई, जिससे पैदल चलने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

---

**दो और 8 मंजिला बिल्डिंग के निर्माण का काम शुरू**

## बिजली ऑफिस के बगल में बन रही 8 मंजिला बिल्डिंग, डॉक्टर यहीं पर रहेंगे

### दो 8 मंजिला भवन डॉक्टर कॉलोनी के बीच में भी बन रहे

**40 करोड़ की लागत से तैयार की जा रही हैं बिल्डिंग**

**जागरण, रीवा**

श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों के आवास के लिए जगह मिल गई है। अब नई 8 मंजिला बिल्डिंग बिजली विभाग के कार्यालय के पास बनाई जा रही है। काम शुरू हो गया है। 24 महीने में बिल्डिंग बन कर तैयार हो जाएगी। इसके बाद डॉक्टर कॉलोनी में बने आवास को भी जमींदोज कर दिया जाएगा।

मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों के लिए बनने वाली 8 मंजिला बिल्डिंग के लिए जगह फाइनल हो गई है। पहले डॉक्टर कॉलोनी में पार्क को तोड़कर दो मल्टीस्टोरी बिल्डिंग के निर्माण का काम शुरू किया गया। इसके बाद दो और मल्टीस्टोरी बिल्डिंग के लिए जमीन की तलाश शुरू की गई। लंबी कोशिश के बाद शहर संभाग के पास ही बने खाद गोदाम की जमीन को फाइनल किया गया। इसे तोड़कर इस जगह पर दो मल्टीस्टोरी बिल्डिंग का निर्माण शुरू कर दिया


फाइल फोटो

गया है। बिल्डिंग के निर्माण का अनुबंध ठेकेदार ने पीआईयू से नवंबर में किया है। दो साल में आठ मंजिला भवन बनाकर मेडिकल कॉलेज को हैंडओव्हर किया जाएगा। फिलहाल काम शुरू कर दिया गया है। बेस का काम शुरू हुआ है।

### टूटते जाएंगे डॉक्टरों के आवास

आने वाले समय में श्याम शाह मेडिकल कॉलेज परिसर में एक भी पुराने आवास नहीं रह जाएंगे। सभी को तोड़कर मल्टीस्टोरी में तब्दील कर दिया जाएगा। डॉक्टरों के आवास को फिलहाल तोड़ा नहीं गया है। 8 मंजिला बिल्डिंग के बनने के बाद पुराने आवास जमींदोज किए जाएंगे। इनकी जगह पर इसके बाद कर्मचारियों के लिए भी मल्टीस्टोरी बनाई जाएगी।

### 3 जमीन के बदले 16 जगह करना है निर्माण

पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत ठेकेदार को रीवा शहर में तीन जमीनें दी गई हैं। चिरहुला मंदिर के पास, कलेक्ट्रेट के सामने और मानस भवन के सामने की जमीन ठेकेदार को मिली है। इसके बदले में 16 जगहों पर निर्माण करना है। इसमें चार बहुमंजिला भवन मेडिकल कॉलेज की भी शामिल है। इसके अलावा कलेक्ट्रेट में जेडी बिल्डिंग की जगह शौचालय का निर्माण, कुठुलिया में 7 कुक्कुट फार्म, निपनिया में तीन बिल्डिंग का निर्माण सहित 16 जगहों पर निर्माण कार्य ठेकेदार को पूरा करना है।

### पुर्नघनत्वीकरण योजना के तहत किया जा रहा है निर्माण

मेडिकल कॉलेज में चार मल्टीस्टोरी बिल्डिंग का निर्माण किया जाना है। यह चारों डॉक्टरों के आवास के लिए बनाए जा रहे हैं। यह बिल्डिंग आठ मंजिला होगी। इसमें सारी सुविधाएं मौजूद रहेंगी। दोनों ही बिल्डिंग में डी और ई टाइप के फ्लैट बनाए जाएंगे। डी टाइप के फ्लैट फोर बीएचके होंगे और ई टाइप के फ्लैट 3 बीएचके होंगे। यह सारा निर्माण पुर्नघनत्वीकरण योजना के तहत किया जा रहा है। ठेकेदार शंकर कृष्णानी को काम मिला है। पीआईयू को पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत पहली बार काम मिला है। इसके अलावा पुनर्घनत्वीकरण का काम हाउसिंग बोर्ड ही करता आ रहा है।

---

**आउटसोर्स और अस्थाई कर्मचारियों ने भरी हुंकार**

## विवेकानंद पार्क में एकत्र हुए सैकड़ों कर्मचारी, कलेक्ट्रेट तक निकाली रैली



### सीएम और श्रम मंत्री के नाम नायब तहसीलदार को मांगों का सौंपा ज्ञापन

**रीवा।** मंगलवार को आउटसोर्स और अस्थाई कर्मचारियों ने हुंकार भरी। विवेकानंद पार्क में एकत्र होकर सैकड़ों कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली। कलेक्ट्रेट पहुंच कर सीएम और श्रम मंत्री के नाम मांगों का नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

आउटसोर्स अस्थाई कर्मचारी संयुक्त मोर्चा मप्र के आह्वान पर रैली निकाली गई। सभी कर्मचारी पहले विवेकानंद पार्क में एकत्र हुए। सैकड़ों की संख्या में आउटसोर्स और अस्थाई कर्मचारी विवेकानंद पार्क से कलेक्ट्रेट को निकले। कलेक्ट्रेट पहुंच कर मांगों का ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने डिप्टी सीएम, सीएम और श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन, नौकरी में सुरक्षा, श्रम अधिकारों सहित अन्य मांगों का ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों को श्रम कानूनों का लाभ दिलाने, पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन एरियर सहित भुगतान करने, न्यूनतम वेतन 21 हजार रुपए किए जाने की मांग की है। ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स अस्थाई कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष विपिन पाण्डेय का कहना है कि 10 साल से पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन का एरियर कर्मचारियों को नहीं दिया गया है जबकि न्यायालय से स्टे हटा लिया गया है। सरकार कर्मचारियों के अधिकारों की अनदेखी कर रही है। श्रम विभाग इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। प्रदेशभर में सभी जिलों में मांगों को लेकर अस्थाई और आउटसोर्स कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंप कर आवाज बुलंद की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिवेन्द्र पाण्डेय, सतीश चौबे, प्रकाश नारायण मिश्र, सुनील भारती, धीरज प्रजापति, अजय तिवारी, राहुल सोंधिया, विवेक सेन, शुभम रावत, किशन, अंकित कुशवाहा, अभिषेक, अमन, राजकुमारी, सरस्वती साकेत, लालजी हलवाई, गुड़िया, दिनेश, शोभा, मीना, इमरान, शुभम यादव सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

---

**बिजली विभाग में लूट का नया खेल चल रहा, इसमें पूरी टीम है शामिल**

## बिजली चोरी मिलने पर पकड़ती नहीं है टीम सौदा कर मामला कर देते हैं रफादफा

### विवाहघर चलाने वाला आउटसोर्स कर्मचारी इस खेल का मुखिया बना हुआ है, एई से लेकर जेई, लाइनमैन, मीटर रीडर तक हैं इसमें शामिल

**रीवा।** विद्युत विभाग में बिजली चोरी के नाम पर नया खेल चल रहा है। अब टीम प्रकरण नहीं बनाती ले देकर मामला सेटल कर देती है। हर दिन लाखों की वसूली चल रही है। यह सारा माल अधिकारियों की जेब में जा रहा है। इस पूरे खेल का मुख्य सरगना विवाहघर चलाने वाला आउटसोर्स कर्मचारी बताया जाता है। हालांकि इसमें एई से लेकर जेई तक शामिल रहते हैं। सभी वसूली गई राशि में बराबर का बंदरबांट करते हैं।

ज्ञात हो कि विद्युत विभाग में कई अधिकारी लंबे समय से रीवा में ही पदस्थ हैं। यही अधिकारी अब लूट खसोट पर उतारू हो गए हैं। उपभोक्ताओं के घरों की जांच करने के नाम पर लूटा जा रहा है। इतना ही नहीं मीटर बदलने की आड़ में भी खेल हो रहा है। इस समय स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। टीम घरों में पहुंच कर मीटर बदल रही है। अधिकांश घरों में मीटर बदलने के दौरान बिजली चोरी, मीटर से छेड़छाड़ जैसे प्रकरण सामने आते हैं लेकिन इसमें प्रकरण बनाए नहीं जाते। सीधे सेटलमेंट कर लिया जाता है। लाखों की बिजली चोरी का डर दिखा कर मोटी रकम ऐंठी जा रही है। इस खेल में सिर्फ एक अधिकारी या कर्मचारी शामिल नहीं है। पूरी की पूरी टीम ही गोलमाल में लगी है। विद्युत विभाग शहर संभाग में गिरोह काम कर रहा है जो सिर्फ इसी काम में लगा हुआ है। सूत्रों की मानें तो हर दिन लाखों रुपए कर्मचारी, अधिकारी इसी तरह वसूलते हैं। यह विद्युत विभाग शहर संभाग में नया नहीं है। यहां कुछ आउटसोर्स कर्मचारी लंबे समय से इसी तरह के कामों में लगे हुए हैं। यह कर्मचारी अधिकारियों के खास भी माने जाते हैं जो सारा इंतजाम तक करते हैं। सूत्रों की मानें तो इसी वसूली से एक अधिकारी के रिश्तेदार की शादी भी कराई गई थी। इसमें वरिष्ठ अधिकारियों का भी संरक्षण शामिल है।

### इसीलिए तैयार की गई टीम

रीवा शहर संभाग में कुछ कर्मचारियों को हटाकर बाहर कर दिया गया था। उन कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगे थे। कुछ महीने बाद उस कर्मचारी को फिर से रीवा शहर संभाग में पदस्थ कर दिया गया। इतना ही नहीं, मुख्य फीडर भी सौंप दिया गया है। सूत्रों की मानें तो जिस कर्मचारी पर इतनी मेहरबानी दिखाई गई है, उसकी ठाटबाट किसी को भी हैरान कर सकती है। अधिकारियों भी रहन सहन के मामले में उसके सामने बौने नजर आते हैं। ऐसे में रीवा शहर संभाग में वसूली की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### कमीशन में होता है सारा काम

शहर संभाग में सारे अवैध काम कमीशन में ही होते हैं। किसी उपभोक्ता का यदि लाखों रुपए का बिल आता है। एवरेज बिल आता है तो उसमें भी कमीशन की डिमांड की जाती है। बिना कमीशन दिए कोई भी फाइल आगे ही नहीं बढ़ाई जाती। कई ऐसे प्रकरण भी है जिसमें उपभोक्ताओं की गलत बिलिंग की गई लेकिन महीनों चक्कर काटने के बाद भी आज तक उनका सुधार नहीं किया गया। कई मामलों में महीनों तक एवरेज बिल देने के बाद चंद महीनों का ही सुधार किया जाता है।

**बाहर दुकानों से चलता है सारा खेल :** शहर संभाग के बाहर कई दुकानें सजी हुई हैं। यहां ऑनलाइन बिजली का सारा काम होता है। यहां ऑनलाइन आवेदन से लेकर बिजली बिल में सुधार सहित अन्य बड़े काम होते हैं। यहीं से कई एई, जेई और लाइनमैनों की अवैध कमाई का खेल चलता है। सभी दुकानें कर्मचारी, अधिकारियों से फिक्स रहती हैं। नए कनेक्शन का आवेदन करने के बाद यहीं पर लाइनमैन का भी कमीशन जमा हो जाता है। जिनका कमीशन जमा होता है, उनका कनेक्शन भी एक से दो दिनों में हो जाता है। जिनका सिर्फ आवेदन होता है, उनकी फाइल कई दिनों तक पेंडिंग में रहती है। फिर लाइनमैन कोई न कोई कमी दिखाकर निरस्त कर देते हैं।

---

## कृषक विश्राम गृह में महज दो खटिया, बाकी कक्षों में भरा कबाड़

**मण्डी में किसानों को नहीं मिल रही सुविधाएं**



**जागरण, रीवा।** शासन के निर्देशानुसार समस्त कृषि उपज मण्डी में अपनी उपज विक्रय करने आए किसानों को मण्डी में न्यूनतम दर पर भोजन, पानी, सुविधाघर, रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी अनिवार्य की गई है। लेकिन करहिया मण्डी में कृषकों के लिए निर्मित कृषक विश्राम गृह में महज दो खटिया रखी हैं। वहीं बरसाती में लिपटे बिस्तर रखे हैं। जबकि विश्राम गृह के अन्य कक्षों में कबाड़ भरा हुआ है। यदि यहां एक साथ आधा दर्जन भी किसान रात्रि विश्राम करना चाहें तो संभव नहीं है। दो खटिया में कितने किसान सो पाएंगे। वहीं बिस्तर भी नाममात्र ही हैं।

### कार्ययोजना बनी थी, राशि नहीं मिली

मण्डी में पहले से ही किसान सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यहां किसानों के लिए पेयजल तक की सुविधा नहीं है। सुविधाघर के अभाव में वर्षों से किसान सूना स्थान ढूंढते हैं। हालाकि मण्डी के जिम्मेदारों ने यह सुविधा मुहैया करवाने के बारे में कार्ययोजना तो बनाई थी, लेकिन पिछले दो वर्षों से मण्डी के पास स्टाफ को वेतन बांटने भी राशि तक का अभाव है। मण्डी का करीब 15-16 करोड़ रुपया नान व जिला विपणन के पास बकाया है। कइयों बार तकादा करने के बाद भी मण्डी को राशि नहीं दी जा रही। जानकारों की मानें तो भोपाल कार्यालय द्वारा इसमें कतई रुचि नहीं ली जा रही।

### दो माह का वेतन चल रहा पेंडिंग

यहां के कर्मचारियों ने बताया कि मण्डी के पास राशि का अभाव होने से कर्मचारियों का दो माह का वेतन पेंडिंग चल रहा है। कर्मचारी अपना दायित्व बखूबी निभा रहे हैं, जिसके चलते उन्हें कम से कम वेतन तो समय पर मिलना चाहिए, लेकिन उन्हें नियमित वेतन का भुगतान नहीं किया जाता। हर बार यही सुनने को मिलता है कि राशि आ जाए तो व्यवस्था करें। वरिष्ठ अधिकारी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे।

---

## निकाली गयी सम्मान रैली जगह-जगह हुआ स्वागत

**रीवा।** अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन पर सम्मान रैली निकाली गयी। रेलवे स्टेशन से रैली प्रारंभ होकर ट्रांसपोर्ट नगर पहुंची जहां पुरवार वैश्य समाज द्वारा भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात ढेकहा चौराहे में वैश्य महासम्मेलन की युवा इकाई एवं नगर इकाई के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। जयस्तंभ व्यापारी मंडल पुराना बस स्टैंड अपना क्लब परिवार कॉलेज चौराहा युवा टीम सिरमौर चौराहा व्यापारी मंडल द्वारा एवं गल्ला मंडी व्यापारी मंडल द्वारा स्वागत के पश्चात द्वारिका नगर स्थित दुल्हन मैरिज गार्डन में समापन हुआ जिसमें वैश्य समाज के सभी घटकों एवं रीवा जिले के सभी तहसीलों से आए समाज द्वारा सम्मान किया गया। रैली में मुख्य रूप से प्रयागराज से आए केसरवानी



समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शंकर लाल केसरवानी राष्ट्रीय महामंत्री सुभाष केसरवानी राष्ट्रीय संयोजक राजेंद्र केसरवानी मुख्य चुनाव अधिकारी विजय केसरवानी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुनील केसरवानी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आयोजन नरेश गुप्ता एडवोकेट धर्मेंद्र केसरी शिब्बू गुप्ता रवि गुप्ता दुर्गेश गुप्ता संजीव गुप्ता वीरेंद्र गुप्ता वासु गुप्ता जितेंद्र गुप्ता ने किया ।

---

## बायपास पर बढ़ने लगा आवारा पशुओं के साथ गधों का आतंक



**जागरण, रीवा।** शहर और शहर से लगे बायपास मार्ग में अवारा पशुओं के साथ-साथ अब गधों का भी आतंक बढ़ने लगा है। पिछले कुछ समय से दिन हो या रात लोग गधों को भी सड़कों पर भटकने के लिए अवारा छोड़ देते है जो सड़कों पर निर्वाध रूप से विचरण करते हैं और दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। बायपास सड़क पर तो इनका इतना आतंक बढ़ गया है कि ये वाहनों तक को रोक देते हैं। झुण्ड के झुण्ड सड़कों पर भटकते मिल जाते हैं। ये अक्सर रात में मिलते हैं लोगों का कहना है कि शहर के अंदर या शहर के आसपास दिन में इनसे ईंटा भट्ठा में ईंटा ढोने का काम लिया जाता है लेकिन काम समाप्त होने के बाद इन्हें सुरक्षित बांधने के बजाय सड़कों पर खुला छोड़ दिया जाता है। रात भर शहर में भटकने के बाद सुबह गधों का गिरोह बायपास सड़क पर पहुंच जाते हैं और इनकी निडरता का कमाल ये है कि ये सड़क पर वाहन तक रोक देते है। इन दिनों आसमान से दिन रात कोहरा बरस रहा है तो दूर का ज्यादा दिखता भी नहीं है। जिसके कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। अभी तक अवारा पशु ही परेशानी का करण थे लेकिन अब गधे भी सुचारू यातायात में बाधा बनने लगे हैं।

---

## इंडियाज बेस्ट सिम्स गॉट टैलेंट का दूसरा चरण संपन्न



**रीवा।** स्नेहा इवेंट एंड मैनेजमेंट के तत्वाधान इंडियाज बेस्ट सिम्स गॉट टैलेंट रियलिटी शो अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सतना सतीश शर्मा विशिष्ट अतिथि अंकुल त्रिपाठी युवा उद्योगपति एवं समाजसेवी अमरपाटन, द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद ऑडिशनके दूसरे चरण का शुभारंभ किया गया। ऑडिशन के दूसरे चरण में 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इंडियाज बेस्ट सिम्स गॉट टैलेंट रियलिटी शो में जज के रूप में अरुण मणि त्रिपाठी लक्खा, गायिका मणिमाला सिंह बघेल, अनामिका त्रिपाठी उपस्थित रहीं। विशेष उपस्थिति, स्नेहा इवेंट मैनेजमेंट की ब्रांड एम्बेसडर अर्चना कुशवाहा व स्पेशल गेस्ट के रूप में ,राजयोगिनी बीके निर्मला दीदी जोनल संयोजिका कला एवं संस्कृति प्रभाग भोपाल जोन, विशिष्ठ अतिथि के रूप में बीके प्रकाश द्विवेदी संयोजक ब्रह्माकुमारीज केंद्र रीवा एवं कला संस्कृति प्रभाग रीवा संभाग रहे । बीके सुभाष भाई ,सोशल प्रभारी ब्रह्माकुमारी रीवा बीके प्रमोद व्यवस्था प्रमुख ब्रह्माकुमारी रीवा बीके डॉक्टर अर्चना बहन ,मेडिकल बीइंग संयोजिका भोपाल जोन की उपस्थित में ईश्वरीय विश्वविद्यालय में दूसरे चरण का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में सेलिब्रिटी गेस्ट, के रूप में चंद्रकांत द्विवेदी अभिनेता,अंजली पयासी अभिनेत्री , बघेली हास्य कलाकार उत्तम केवट शामिल हुए। कार्यक्रम में अंकित रॉकी शर्मा, दिगांचल सिंह बघेल व सुप्रसिद्ध हास्य कवि आशीष तिवारी निर्मल ,निलेश श्रीवास्तव शामिल हुए।

# जनसुनवाई में 75 लोगों की सुनी गई समस्यायें



**जागरण, रीवा।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 75 लोगों की समस्यायें सुनी गईं। संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में सरपंच एवं ग्रामवासी तिवरिगवां ने गांव को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने के लिये सड़क निर्माण का आवेदन दिया जिसे एसडीएम रायपुर कर्चुलियान को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। जनकाई के सत्येन्द्र कुमार के अवरूद्ध रास्ता को खोलने, डीह निवासी गणेश साकेत के स्वामित्व भूमि से अवैध मकान निर्माण को रोकने व तमरी निवासी विश्वनाथ साकेत के पट्टा दिलाये जाने के आवेदनों को संबंधित तहसील को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। आशा कुशवाह निवासी सेमरिया के घर में जबरन कब्जा करने, रामभुवन शर्मा हरहा के जमीन का मुआवजा दिलाने एवं बरेतीकला 356 के बालमुकुंद शुक्ल ने भूअर्जन की राशि दिलाने के आवेदनों को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में बरौ के शिवकुमार तिवारी के मुआवजा राशि प्रदान करने के आवेदन, दिनेश पटेल गोरगांव 165 के नक्शा तरमीम के आवेदन, विश्वनाथ साकेत तमरी बांसा के पट्टा दिलाने के आवेदनों को संबंधित तहसीलदार को, ओमप्रकाश कुशवाहा वार्ड क्रमांक 6 रीवा के खाद्यान्न पर्ची बनाने के आवेदन एवं रामसजीवन कुशवाहा महेवा के सीमांकन कराने के आवेदन को संबंधित तहसीलदार को प्रेषित कर कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। रामसिया प्रजापति सुन्दर नगर में प्रधानमंत्री आवास में नाम शामिल किये जाने के आवेदन को आयुक्त नगर निगम को प्रेषित किया गया। बृजेन्द्र सिंह कोटरा सुरवार ने नलजल योजना के बोर से अतिक्रमण हटाने का आवेदन दिया जिसे संबंधित अधिकारी को कार्यवाही करने के लिये प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज 12 ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर

**रीवा।** पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 8 जनवरी को अनुभाग हुजूर में सिलपरा तथा भटलो में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा में छदहना तथा अतरैला और अनुभाग मनगवां में पिपरहा, खैरा तथा फूल नम्बर एक में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह 7 जनवरी को ही अनुभाग त्योंथर में आमिलकोनी तथा सतपुरा पड़िवार और अनुभाग सिरमौर में गोदहा, चचाई तथा मटीमा में शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने आमजनता से इन शिविरों से लाभ उठाने की अपील की है।

## भाकियू टिकैत ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**जागरण, रीवा।** जिला भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। किसानों का कहना है कि हम मजदूर और किसान आज पूरे भारत में अपने मुद्दों को उजागर करने और निवारण की मांग के लिए विरोध कर रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन विगत 38 वर्षों से देश के उस वर्ग की आवाज को उठा रही है जिसे लोकतंत्र में दबाने का काम किया जा रहा है। किसानों ने 2020 में तीन कृषि कानूनों के खिलाफ देश की राजधानी को घेरकर आन्दोलन किया। किसानों के लम्बे संघर्ष के बाद जब कृषि कानून वापस लिए गए थे, तब किसानों से किए गए वादे आज तक पूरे नहीं हुए हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से उमेश पटेल, शिव मंगल सिंह, रामलौटन पटेल, डी.पी. पाण्डेय, घनश्याम सिंह, प्रदीप सिंह, हीरालाल सिंह, नेतराम सिंह अमरा, इन्द्रजीत सिंह, हरिहर प्रसाद पटेल, सुग्रीव सिंह, कमलेश्वर सिंह वीरेन्द्र बौद्ध, रामकलेश सिंह कौशल कुशवाहा, बाल्मीक पटेल, शंतकुमार पटेल, बद्री प्रसाद कुशवाहा, उमेश कुमार, महेश प्रसाद, महेन्द्र कुमार आदि किसान नेता उपस्थित रहे।

## लंबित प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की जाएगी : कमिश्नर

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण तत्काल निराकृत करें। मुख्यमंत्री प्रत्येक माह के अंतिम सोमवार को लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हैं। प्रकरणों के लंबित रहने पर अप्रिय स्थिति के लिए अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। इस माह की समाधान ऑनलाइन में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, नवीन राशन कार्ड तथा पात्रता पर्ची, जननी सुरक्षा योजना तथा नलजल योजनाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। साथ ही पुलिस थाने में दर्ज प्रकरणों में आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा मनरेगा योजना में मजदूरी भुगतान से संबंधित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। समाधान ऑनलाइन में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना एवं सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की जाएगी। कमिश्नर ने कहा है कि सभी संबंधित अधिकारी समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं पर लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। इसमें सौ दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। सभी कलेक्टर साप्ताहिक टीएल बैठक में संबंधित अधिकारियों से लंबित प्रकरणों में कार्यवाही सुनिश्चित करके प्रकरणों का निराकरण कराएं।

## गरीब बचाओ संघर्ष मोर्चा ने व्यक्त किया शोक

**रीवा।** वरिष्ठ पत्रकार राकेश मिश्रा की माताश्री के निधन पर गरीब बचाओ संघर्ष मोर्चा के संरक्षक नागेन्द्र सिंह कल्चुरी, शिवनाथ यादव, सालिगराम साकेत, राजकुमार कोल, रामविश्वास प्रजापति, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, वीरेन्द्र वर्मा, गीता कोल, ममता कोल सहित समस्त कार्यकर्ताओं ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

## अमहिया में नववर्ष मिलन समारोह आयोजित



**जागरण, रीवा।** त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज के अमहिया स्थित आवास में नववर्ष के अवसर पर सुंदरकांड पाठ एवं स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले भर से बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मिलकर विधायक ने बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के साथ खड़े होना सौभाग्य की बात है। हम सब नये साल को आशावाद, साहस और दृढ़ संकल्प के साथ अपनाएं। मुश्किल समय में एक-दूसरे का हौसला बढ़ाएं। साथ मिलकर हम अविश्वसनीय चीजें हासिल कर सकते हैं। एक समुदाय के रूप में, हमारी सामूहिक ताकत, रचनात्मकता और दृढ़ संकल्प एक स्थायी प्रभाव डाल सकते हैं ,न केवल हमारे लिए,बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी। इस अवसर गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह, पूर्वमंत्री पुष्पराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय सिंह, प्रदेश मंत्री राजेश पांडेय, कौशलेश द्विवेदी, पूर्व महापौर ममता गुप्ता, प्रज्ञा त्रिपाठी, अंजू मिश्रा, संजय द्विवेदी सहित बड़ी संख्या संख्या में जनप्रतिनिधि व लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर जिले भर भारी संख्या में लोग शामिल हुए जिन्होंने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

## बंजारा महेश राठौर के काव्य संग्रह विमोचित



**जागरण, रीवा।** रचनाकार बंजारा महेश राठौर सोनू की चर्चित पुस्तक 'सार्थक' काव्य संग्रह का विमोचन वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रदेश कांग्रेस महासचिव गुरमीत सिंह मंगू ने अपने रीवा स्थित कार्यालय में किया। इस मौके पर पूर्व पार्षद विश्वनाथ सिंह खारौल, राजू पांडेय, राजेश नामदेव व कई कांग्रेस जन मौजूद रहे। उल्लेखनीय हो कि बंजारा महेश राठौर सोनू उत्तरप्रदेश के राजपुर छाजपुर गढ़ी जिला मुजफ्फरनगर के मूल निवासी हैं जो गत 10 वर्षों से पांडेन टोला मोहल्ले में किराए का कमरा लेकर गली-गली कपड़ों की फेरी करते हैं साथ ही कविताओं का लेखन भी करते हैं। बंजारा महेश राठौर सोनू के रचनाएं हमेशा चर्चा में रहती हैं। जमीन से जुड़ी हुई रचनाओं को लिखने के लिए प्रसिद्ध रचनाकार बंजारा महेश राठौर सोनू ने अपनी कलम के जादू से कई प्रतिष्ठित हिंदी पटलों, पत्रिकाओं, सांझा संकलन एवं समाचार-पत्रों में स्थान बनाया है। इन्हें साहित्य संगम संस्थान नई दिल्ली द्वारा श्रेष्ठ रचनाकार और राष्ट्रीय भाषा गौरव पुरस्कार सहित विभिन्न साहित्यिक सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है।

## कमिश्नर ने 15 आवेदनों में की जनसुनवाई



**जागरण, रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कमिश्नर बीएस जामोद ने 15 आवेदन पत्रों में जनसुनवाई की। कमिश्नर ने आवेदक मुकुंद तिवारी, रामविश्राम मिश्रा, शंकर प्रसाद त्रिपाठी, प्रदीप कोल, राजू कोल, सुरेन्द्र तिवारी शंकर सिंह तथा अन्य आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई की। कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन पत्रों का सात दिवस में निराकरण करके आवेदक को अवगत कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**जागरण, रीवा।** आम आदमी पार्टी जिला इकाई द्वारा राष्ट्रपति के नाम कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। परिवहन विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार, लूट की ई.डी., सी.बी.आई.एस.आई.टी से जांच की मांग करते हुए जिला इकाई रीवा के पदाधिकारियों ने कहा, हमारी पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ जन्मी एवं लड़ने के लिए कृत संकल्पित है। कांग्रेस बीजेपी एक सांपनाथ एक नागनाथ बन हर ओर से जनता को ठगा और लूटा है जिसका अब अंत होना चाहिए। ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से प्रदेश साथी भक्त राज सिंह पटेल, पूर्णानंद तिवारी, इंजी दीपक सिंह पटेल एवं जिला पदाधिकारी शुभ्रांशु द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष रवि मिश्रा, नूर खान, बीके त्रिपाठी, रवि पांडे, राकेश मिश्रा, अनिल शर्मा, महेंद्र वर्मा, बृज गोपाल मिश्रा, सीएम गुप्ता, राजेश दुबे, नितिन तिवारी, राजकुमार तिवारी, नीरज शर्मा, रोहित पटेल, रविशंकर मिश्रा (पीड़ित ड्राइवर)के साथी एवं अन्य साथी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 13 जनवरी से किया जाएगा रामकथा का आयोजन

### चौरसिया समाज की बैठक सम्पन्न



**जागरण, रीवा।** चौरसिया यूनिटी भवन में चौरसिया समाज की आवश्यक बैठक समाज के अध्यक्ष रामकृष्ण चौरसिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें रामकथा के आयोजन के सम्बन्ध में चर्चा की गई। गौरतलब है कि गत वर्ष 22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम एवं राधाकृष्ण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी जिसके उपलक्ष्य में रामकथा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें 12 जनवरी को कलश यात्रा वहीं 13 जनवरी से रामकथा का आयोजन किया जायेगा। कथा का समापन 21 जनवरी को होगा व 22 जनवरी को विशाल भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष ने सभी धर्मालंबियों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है। बैठक में रामानुज चौरसिया, राधेलाल, अयोध्या प्रसाद डिगनलाल, मोतीलाल, रामावतार, ज्ञानेन्द्र, आकाश, रामवरण, रामलाल, अंजनी, बाबूलाल, हनुमान, राजकुमार, रामशिरोमणि, पिन्टू, महाबली, सुरेश, रामनरेश, रजनीश सहित समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## सरकारी जमीन से अतिशीघ्र हटवाओ अतिक्रमण




**जागरण, सतना।** जिला पंचायत सीईओ संजना जैन आईएएस ने जनपद पंचायत सोहावल के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सकरिया का औचक निरीक्षण किया है जहां पर सरकारी जमीन में अतिक्रमण किये जाने से कुछ कार्य प्रभावित हो रहा था जिसे देखते हुये जिला पंचायत सीईओ ने तत्काल संज्ञान लिया है। उन्होने ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव उपयंत्री और सहायक यंत्री को उक्त निर्माण तत्काल हटवाने के निर्देश दिये है।

**अटल सेवा सदन को लेकर किया मौका मुआयना :** बताया जाता है कि शासन द्वारा 39 अटल सेवा सदन स्वीकृत किये गये है। जिनको लेकर जिला पंचायत सीईओ इन दिनो खुद मौके पर जाकर स्थल का निरीक्षण कर रही है। इसी तारतम्य में उन्होने सकरिया में भी अटल सेवासदन बनाये जाने के लिए स्थल निरीक्षण किया है। इतना नही जिला पंचायत सीईओ ने सामुदायिक भवन आंगनवाडी भवन का अवलोकन किया और सरकारी जमीन पर पार्क विकसित करने के निर्देश भी दिये है। उन्होने ग्राम पंचायत में बनाई जा रही सुदूर सड़क का भी निरीक्षण किया है।

# जिले के व्यवसायियों में नहीं रुक रही जीएसटी चोरी

**कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हार्डवेयर सामानों में टैक्स का ज्यादा गोलमाल**

**औपचारिकता निभाने में जुटे जीएसटी के अधिकारी**

जागरण, सीधी

जिले के बड़े कारोबारियों में जीएसटी चोरी की होड मची हुई है। जो व्यवसायी जितना बड़ा कारोबार फैलाए हुए हैं उसके द्वारा उसी अनुपात में जीएसटी की चोरी सुनियोजित तरीके से की जा रही है। बाहर से सामान किसी और दर में आता है और उसकी इंट्री अन्य दर पर करने के साथ ही लाखों की टैक्स चोरी एक झटके में की जा रही है। जानकारों के अनुसार जीएसटी के अधिकारियों को इसकी अच्छे से जानकारी होने के बाद भी उनके द्वारा कार्रवाई के नाम पर महज औपचारिकताएं ही निभाई जा रही हैं।




जीएसटी सतना एवं रीवा की टीम द्वारा जिला मुख्यालय के कुछ कारोबारियों के यहां दबिश कार्रवाई बीच-बीच में की जाती है। लेकिन जांच के नाम पर बाद में लीपापोती कर दी जाती है। जीएसटी के अधिकारियों द्वारा छापामार कार्रवाई के दौरान मिलने वाले टैक्स चोरी के कागजातों के संबंध में सही जानकारी मीडिया को नहीं दी जाती। महज औपचारिकता में ही कागजातों के आधार पर कुछ आंकड़े बता दिए जाते हैं। बाद में संबंधित व्यवसायी को पूरा मौका दिया जाता है कि उसके द्वारा उसमें भी लीपापोती कर दिया जाए। जानकार सूत्रों की माने तो सीधी जिले में करोड़ों की जीएसटी चोरी करीब तीन सालों से चल रही है। जिसको लेकर जीएसटी विभाग के अधिकारी कभी भी गंभीर नहीं रहे हैं। सीधी जिले में सबसे बड़ा कारोबार कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल्स एवं हार्डवेयर सामग्रियों का हो रहा है। करीब आधा सैकड़ा ऐसे बड़े कारोबारी हैं जिनका टर्न ओव्हर करोड़ो रुपए वार्षिक है। फिर भी उनके द्वारा कागजातों में अपने व्यवसाय को काफी छोटा दर्शाने का काम किया जा रहा है। शहर में दो दर्जन से ज्यादा ऐसे व्यवयायी हैं ।

## दिव्यांग शिविर में 70 बच्चे सहायक उपकरण के लिए चयनित

**जागरण रामपुर बाघेलान।** दिव्यांग बच्चों का चिकित्सीय मूल्यांकन और परीक्षण शिविर का आयोजन जनपद शिक्षा केंद्र रामपुर बाघेलान द्वारा सीएम राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर बाघेलान में कराया गया।आयोजित शिविर में जिला शिक्षा केंद्र सतना के एपीसी आईईडी रमाकांत तिवारी के नेतृत्व में 70 दिव्यांग बच्चों का परीक्षण कर सहायक उपकरण और अन्य शैक्षिक सामग्री के लिए एलिमको जबलपुर की टीम द्वारा चयन किया गया।

**In The Court Of XIII Additional District Judge, District Court, Rewa**
Presiding Officer: केशव सिंह
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCA/0000143/2023)
गयाचरण बाजपेयी .................. वादी
VS
वंशपति पटेल मृत जरिये गुलाबकली....... प्रतिवादी
Process Id:-/2024
पेशी दिनांक – 30/01/2025
प्रेषती–
(1) राजकली पति बृजेन्द्र पटेल पुत्री विद्या प्रसाद पता– बंजारी तहसील गुढ़ जिला रीवा (म.प्र.) (2) श्यामा पुत्री रामकुमार पटेल पता– ग्राम– तिलिया तहसील मउगंज जिला मउगंज (म.प्र.) (3) प्रेमिया पति अयोध्या प्रसाद पटेल पुत्री रामकुमार पता– ग्राम डिहिया तहसील मउगंज जिला मउगंज (म.प्र.) (4) मानवती पटेल पति राजेन्द्र प्रसाद पटेल पुत्री स्व. वंशपति पटेल पता– ग्राम अगिरहा पो. सुकुलगवां तहसील गुढ़ जिला रीवा म.प्र. (5) पुष्पा पुत्री स्व. वंशपति पति अच्छेलाल पटेल पता– ग्राम दुआरी पो. गुढ़ तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. (6) सावित्री पति बाबूलाल पटेल पुत्री रामकुमार पटेल पता– ग्राम नौढ़िया तहसील मउगंज जिला रीवा म.प्र.।(7) नीतू पटेल पति वीरेश पटेल पुत्री रामसजीवन पटेल पता– ग्राम नौढ़िया पो./ तहसील चोरहट जिला सीधी म.प्र.। (8) कृष्णावती पति बसंतलाल पटेल पुत्री वंशपति पता– ग्राम कैथा पो. गढ़ तहसील सिरमौर जिला रीवा म.प्र.। (9) माया पटेल पुत्री विद्या प्रसाद पत्नी श्रीनिवास पटेल पता– अमिलिया तहसील त्योंथर जिला रीवा म.प्र.।
यह कि प्रार्थी गयाचरण बाजपेयी ने आपके विरूद्ध अपील के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 28 दिसंबर 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। यदि किसी कारणवस उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।
मुद्रा
(केशव सिंह)
तेराहवें जिला न्यायाधीश
रीवा (म.प्र.)
RN-80714

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क – 8962086944

## प्लाट बिकाऊ

गोविंदगढ़ (रीवा) से बेला मेन रोड पर 3225 वर्गफिट का प्लाट बेला से 1 किमी पहले, सड़क टू लेन कार्य प्रगति पर, रिंगरोड कुछ ही दूरी पर, रीवा एयरपोर्ट कुछ ही दूरी पर। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:- मो.न. 91738916279
आरएन. 80811 (10/1)

## पथरी, सौन्दर्य, दर्द, गुप्त, सफेद दाग

**साफ्टवेयर द्वारा दवा चुनाव शीघ्र इलाज।** 28 वर्षों व विरासतीय अनुभव द्वारा रोगों का सस्ता इलाज। गालब्लेडर पथरी, ऐलर्जी, अस्थमा, बात, बबासीर, चेहरे के बाल, बालों का झड़ना, पकना, मुहासे, झाइयाँ, स्त्री रोग-सफेद पानी, अनियमित माहवारी, अविकसित स्तन, पुराना बुखार, हथेली की जलन, शिशु रोग-बार-बार निमोनिया होना, चिड़चिड़ाहट, याददास्त में कमी, गुखरू, मसा, हाइड्राफेशियल, झाइयों का अल्टासोनिक इलाज, ऑटोइम्यून रोग, बी.पी., सुगर, नये पुराने रोगों का होम्योपैथिक इलाज।
**डॉ. रोचना डॉ. विकास श्रीवास्तव**
9827355156
**पता** - (1) मुख्य डाक घर के पीछे सुधार न्यास कालोनी। (2) न्यू बस स्टैण्ड, ज्योति स्कूल के सामने समदड़िया ब्लाक-सी, गैस एजेंसी के बगल में रीवा।
आर-80809(6/2)

## महेश सक्सेना का निधन साहित्य जगत में शोक

**रीवा।** आकाशवाणी रीवा के पूर्व कार्यक्रम अधिशासी एवं विभिन्न नाटकों को आकाशवाणी से प्रसारित करने में अहम भूमिका निभाने वाले, किसलय संस्था के माध्यम से कला और संस्कृति को पुष्पित एवं पल्लवित करने वाले महेश सक्सेना का निधन सांस्कृतिक जगत की अपूर्णीय क्षति है। उनके निधन से सांस्कृतिक, सामाजिक और साहित्यिक क्षेत्र में जो रिक्तता आई है उसे पूरा कर पाना असंभव है। 70 वर्ष की आयु मे 5 जनवरी की रात्रि ब्रेन हेमरेज की बीमारी से जब संजय गांधी अस्पताल में उनका देहावसान हुआ तो विंध्य क्षेत्र के तमाम उनके साथी सहयोगी मित्र शुभचिंतक जनों के बीच शोक की लहर दौड़ गई। वो अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी एवं पुत्र सहित भरा पूरा परिवार पीछे छोड़ गये हैं। आकाशवाणी रीवा में अपनी सेवाएं देने वाले महेश बाबू सक्सेना अपने मिलनसार स्वभाव और बेहतरीन प्रबंधन के लिए जाने जाते थे। रेडियो नाटकों के अलावा मंचीय कार्यक्रमों में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। स्व. महेश सक्सेना के निधन पर आकाशवाणी रीवा के केन्द्राध्यक्ष मनीष द्विवेदी, कृष्णपाल सिंह, सागर सिंह, वरिष्ठ रंगकर्मी योगेश त्रिपाठी, सुभाष श्रीवास्तव, शैलेंद्र द्विवेदी, ओम प्रकाश मिश्रा, सेवा राम त्रिपाठी, चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी चंद्र, अमोल बटरोही, राम लखन केवट जलेश, जानकी प्रसाद पांडेय, सुरेश विश्नोई, सुबोध पांडेय, सचिन तिवारी, विनोद भट्ट, सरगम रीति पांडेय, साकेत श्रीवास्तव, अनिरुद्ध सिंह, सिद्धार्थ श्रीवास्तव सहित आकाशवाणी रीवा के सभी अधिकारी, कर्मचारी, सदस्यगण, उद्घोषक एवं कंपेयर्स ने अपना गहरा दुख व्यक्त किया है।

## जिला उद्योग संवर्धन समिति की बैठक संपन्न



**जागरण, रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में जिला उद्योग संवर्धन समिति की बैठक संपन्न हुई। डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले की उपस्थिति में आयोजित बैठक में जिले में स्थापित उद्योगों के उद्यमियों से औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गई। अर्धशहरी औद्योगिक संस्थान बिछिया में विद्युत समस्या, अतिक्रमण हटाने एवं जल निकासी के संबंध में उद्यमियों द्वारा अवगत कराया गया। उद्योग विहार चोरहटा में पानी निकासी व विद्युत की ट्रिपिंग की ओर उद्यमियों ने ध्यान आकृष्ट किया। बैठक में प्राप्त समस्याओं को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये गये। नगर निगम के कार्यपालन यंत्री ने बिछिया में जल निकासी हेतु नाली निर्माण का कार्य आगामी 3 माह में कराये जाने की बात कही। इस दौरान उद्योग विहार के अध्यक्ष राजीव खन्ना, उपाध्यक्ष जी.एस. साहनी, उपदेश पसारी, दिलीप सिंह, नीलेश तिवारी सहित अन्य उद्यमी तथा कार्यपालन यंत्री एच.के. त्रिपाठी, विद्युत मंडल के संजय सिंह, महाप्रबंधक जे.पी. तिवारी उपस्थित रहे।

## आम सूचना

राजेश मिश्रा तनय श्री रामावतार मिश्रा उम्र 51 वर्ष निवासी वार्ड नं0–05 हट्टा, दमोह रोड अमानगंज, हिनौती पटना, पन्ना अमानगंज (म0प्र0) हाल मुकाम –करही रोड बिट्स कालेज के बगल में सतना (म0प्र0) मो0नं0–9179119092
महोदय,
आपके द्वारा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा अमंगा, अमानगंज पन्ना (म0प्र0) के बचत खाता क्रमांक 3316982249 का चेक क्रमांक 030435 राशि 1,90,000/–रू0 दिनांक 12.11.2024 जो मेरे पक्षकार आनन्द सिंह पिता अवधराज सिंह निवासी मुन्नू डेयरी के पास अमहिया रीवा को आपके द्वारा लिये गये कर्ज की अदायगी के वास्ते प्रदान किया गया था जिसे आपके बैंक ने दिनांक 21.12.2024 को आपके खाते में ''अपर्याप्त निधि'' की टीप लगाकर अनादृत कर दिया गया है। जिसकी सूचना आपको रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा आपके आधार कार्ड में दर्शित पते पर प्रेषित करने पर नोटिस को पढ़कर पुनः लिफाफा चिपकाकर, मिथ्या पृष्ठांकन कराया कि आप करही रोड विट्स कॉलेज के बगल में सतना में निवास कर रहे हैं। उक्त पृष्ठांकन के साथ डॉक वापस कर दी गई है, जिससे इस आम सूचना के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आप 15 दिवस के अन्दर मूल चेक में वर्णित राशि मेरे पक्षकार आनन्द सिंह को प्रदान कर मूल चेक वापस प्राप्त कर लेवें। अन्यथा 15 दिवस के पश्चात आपके विरूद्ध धारा 138 परक्राम्य लिख अधिनियम का परिवाद प्रस्तुत किया जायेगा। आप सूचित होवें।
धीरेन्द्र चतुर्वेदी (एडवोकेट)
जिला एवं सत्र न्यायालय
परिसर रीवा (म.प्र.)
RN- 80616

## रीवा डाइट में हुई जोन स्तरीय मॉडल, लघुनाटिका, प्रश्नमंच प्रतियोगिता

# रीवा के प्रतियोगियों ने किया निराश, सतना के छात्रों ने हर प्रतियोगिता में किया कमाल

### जोन स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता छात्र होंगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल






**जागरण, रीवा।** डाइट में दो दिनों तक जोन स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें संभाग भर से छात्र-छात्राएं शामिल हुए। सतना जिला के छात्रों ने अधिकांश प्रतियोगिताओं में बाजी मार ली। रीवा जिला ने मेजबानी की लेकिन लाज नहीं बचा पाए। सिर्फ एक छात्रा ही एकल गीत में प्रथम आई। इसके अलावा सभी प्रतियोगिताओं में अन्य जिलों के प्रतिभागियों का ही दबदबा रहा। जोन स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार जोन स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण, समाजिक विज्ञान प्रदर्शनी 2024-25 का आयोजन 6 और 7 जनवरी को किया गया। प्रतियोगिता में रीवा जिला के 25, सीधी से 22, सिंगरौली से 20 और सतना जिला से 42 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा केपी तिवारी एवं शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्राध्यापकें एवं संस्थान के प्राचार्य जीपी उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में 6 से 8 स्तर एवं 9 से 12 दो स्तरों में विद्यार्थियों की प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विज्ञान, गणित, पर्यावरण, भूगोल, इतिहास और राजनीतिक सामाजिक जीवन विषय पर मॉडल, संपोषणीय भविष्य और स्वास्थ्य के लिए श्रीअन्न विषय पर सेमिनार, पर्यावरण गीत, लघुनाटिका, सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रश्न मंच की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वालों का चयन किया गया। जोन स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले राज्य स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

### प्रतियोगिता में यह रहे विजेता

मॉडल प्रतियोगिता में विज्ञान विषय में अभिजीत सिंह कक्षा 11वीं सतना, अनीता सिंह कक्षा 8वीं सतना, पर्यावरण विषय में 9 से 12वीं तक में दर्श त्रिपाठी जिला सतना एवं 6 से 8 स्तर में समीर कुमार दाहिया सतना, गणित विषय में 9 से 12 स्तर में अभिलाष कुशवाहा सतना, 6 से 8 स्तर में प्रीतम तिवारी जिला सिंगरौली, सामाजिक राजनीतिक विज्ञान में निशान कुशवाहा जिला सीधी, भूगोल विषय में पवन साकेत जिला सीधी, इतिहास में दीपेश कुशवाहा जिला सतना, पर्यावरण एकल गीत में 6 से 8 वीं स्तर में खुशी शुक्ल रीवा, 9वीं से 12वीं स्तर पर अनुपम सेन जिला सिंगरौली, लघु नाटिका में सीधी जिले की सपना एवं साथियों ने बाजी मारी। वहीं मार्गदर्शक शिक्षक स्तर पर रोहिणी प्रसाद पाण्डेय, शाला जिला सतना, विजयी रहे। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सिंगरौली जिला से प्रीतम तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्थान के सभी अकादमिक सदस्यों के साथ प्राचार्य जीपी उपाध्याय ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कहानी लेखन में रीवा की आकांक्षा ने हासिल किया प्रथम स्थान



### राज्य स्तरीय युवा उत्सव में रीवा संभाग का शानदार प्रदर्शन

**जागरण, रीवा।** टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में आयोजित 28वां राज्य स्तरीय युवा उत्सव में रीवा सम्भाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। कई प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए अच्छा स्थान प्राप्त किया। संभागीय खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एमके धौलपुरी के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मंगलवार को आयोजित प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से लोकगीत विज्ञान मेला कहानी लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ खेल एवं युवा कल्याण मंत्री कैलाश विश्वास सारंग, खेल सचिव मनु श्रीवास्तव , खेल संचालक रवि गुप्ता, उप संचालक बीएस यादव की उपस्थित में मॉ सरस्वती व युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंदजी के छाया चित्र पर दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर किया गया। कहानी लेखन में रीवा संभाग की आकांक्षा प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं लोकनृत्य प्रतियोगिता में रीवा संभाग का द्वितीय स्थान, लोकगीत में तृतीय स्थान व पेंटिग में तृतीय स्थान मुकेश प्रजापति ने प्राप्त किया। उक्त जानकारी संभागीय खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एमके धौलपुरी ने देते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। दल प्रभारी युवा समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग विकासखंड गंगेव विकास कुमार सोनी एवं कोच मानिन्द्र शेर अली खान एवं रमा ऊइके रहे। बताया गया कि कहानी लेखन में प्रथम स्थान पर 10 हजार रुपए का पुरुस्कार, लोकनृत्य सामूह में द्वितीय स्थान पाने पर 40 हजार का पुरस्कार, लोकगीत सामूह में तृतीय स्थान पर 20 हजार का पुरस्कार व पेंटिंग में तृतीय स्थान मिलने पर 4 हजार का नगद पुरस्कार दिया गया है।

# नैक टीम ने मूल्यांकन पूरा कर बोर्ड को भेजी रिपोर्ट

### टीआरएस कॉलेज प्रबंधन ने ली राहत की सांस, अब अगले 20 दिन में स्पष्ट होगी स्थिति



जागरण, रीवा

शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय का नैक मूल्यांकन मंगलवार को पूरा हो गया। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की तीन सदस्यीय टीम ने मंगलवार को भी महाविद्यालय का निरीक्षण किया। टीम में चेयरमैन तेलंगाना के प्रो. बोदा. व्यंकट रत्नम, समन्वयक प्रो. भूपेंद्र सिंह चड्ढा गुरूनानक विश्वविद्यालय अमृतसर एवं सदस्य पश्चिम बंगाल के प्रो सुब्रता चटर्जी शामिल हैं। इस टीम ने मंगलवार को महाविद्यालय की कैंटीन, पुस्तकालय व छात्रावास की व्यवस्था देखी। साथ ही, महाविद्यालय के अन्य नवीन अधोसंरचना विकास के बारे में जानकारी ली। दोपहर को लंच के बाद टीम ने निरीक्षण संबंधी रिपोर्ट तैयार की, जिसमें तीन सदस्यों के हस्ताक्षर हुए। इस रिपोर्ट को लेकर प्राचार्य से भी टीम ने चर्चा की और फिर रिपोर्ट को ऑनलाइन नैक बोर्ड को प्रेषित कर दिया गया। अब मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर अगले 20 दिन के भीतर नैक बोर्ड द्वारा महाविद्यालय को ग्रेड प्रदान किया जा सकता है।

गौरतलब है कि नैक बोर्ड देशभर के उच्च शिक्षा संस्थानों का मूल्यांकन उपरांत ग्रेडिंग करता है। इसके लिए पात्र महाविद्यालयों को नैक बोर्ड के समक्ष आवेदन करना पड़ता है, जिस पर विचार करने के बाद नैक बोर्ड मूल्यांकन निरीक्षण के लिए संबंधित संस्थानों को समय देता है। मूल्यांकन उपरांत नैक बोर्ड संस्थाओं को ग्रेडिंग भी प्रदान करता है, जिसके आधार पर संबंधित संस्थाओं को शासन से अनुदान प्राप्त करने में सहायता मिलती है। साथ ही, छात्रों को भी परीक्षा गुणवत्ता का लाभ मिलता है। बता दें कि महाविद्यालय का मूल्यांकन करने उक्त तीन सदस्यीय नैक टीम गत 6 जनवरी को पहुँची थी।

### वर्ष 2016 में मिले थे 3.35 सीजीपीए अंक

उल्लेखनीय है कि इसके पहले टीआरएस का नैक मूल्यांकन वर्ष 2016 में हुआ था। तब महाविद्यालय को 3.35 सीजीपीए अंक मिले थे। इतना ही नहीं, 3.35 सीजीपीए अंक प्राप्त करने वाला टीआरएस पूरे मप्र का पहला कॉलेज बना। इतने अंक लेकर टीआरएस को ए ग्रेड मिला। इसके कुछ समय बाद से नैक बोर्ड ने ए प्लस, ए प्लस प्लस जैसे ग्रेड देने शुरु कर दिए हैं। नैक बोर्ड द्वारा प्रदत्त ए प्लस ग्रेड के लिए संस्था को 3.26 सीजीपीए अंक प्राप्त करना आवश्यक होता है। इस लिहाज से टीआरएस प्रबंधन इस बार भी नैक मूल्यांकन में ए प्लस ग्रेड के लिए आश्वास्त है।

# थर्ड पार्टी संस्थाओं को लगेगा दस्तावेज सत्यापन का शुल्क




### मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी का निर्णय

### ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से देने होंगे 1000 रुपये

**जागरण, रीवा।** मार्कशीट, डिग्री, माइग्रेशन, प्रोविजनल प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजों के सत्यापन के लिए मप्र मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी प्राइवेट संस्थाओं (थर्ड पार्टी) से 1000 रुपये शुल्क लेगी। यह शुल्क ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से लिया जाएगा। इस संबंध में विवि की कार्यपरिषद की बैठक में मुहर लगने के बाद विवि द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। जानकारी के अनुसार शासकीय अथवा नियामक काउंसिल एवं विदेश में अध्ययन के लिए विद्यार्थियों के आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेज (मार्कशीट) डिग्री, माइग्रेशन (प्रोविजनल प्रमाण पत्र) का सत्यापन विवि द्वारा निःशुल्क किया जाता है। विभिन्न ट्रेवल, इमीग्रेशन कंसल्टेंट एवं प्राइवेट संस्थाओं द्वारा विद्यार्थियों के दस्तावेज का सत्यापन मांगा जाता है, इसके लिए विवि प्रबंधन को मेल भी किया जाता है। यह सुविधा निःशुल्क रूप से ट्रेवलए इमीग्रेशन कंसल्टेंट एवं प्राइवेट संस्थाओं को प्रदान करने पर तृतीय पक्ष द्वारा दुरुपयोग की संभावना जताई गई। जो कि विद्यार्थियों के हित में नहीं है। जिसके बाद थर्ड पार्टी द्वारा सत्यापन मांगे जाने पर शुल्क लगाने का प्रस्ताव विद्या परिषद की बैठक में रखा गया था। जहां निर्णय पर अनुशंसा के बाद कार्यपरिषद की बैठक में निर्णय पर अंतिम मुहर लगा दी गई।

# पेंशन प्रकरण लंबित रहने पर रुकेगी कार्यालय प्रमुख की वेतनवृद्धिः कमिश्नर

### उपार्जित धान के परिवहन और भण्डारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश



**जागरण, रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित साप्ताहिक संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी सात दिवस में दिसम्बर माह तक सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत कर दें। समय सीमा के बाद पेंशन प्रकरण लंबित रहने पर संबंधित कार्यालय प्रमुख की वेतनवृद्धि रुकेगी। आगामी तीन माह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सूची प्रस्तुत करते हुए इनके पेंशन प्रकरण तैयार करने की भी कार्यवाही करें। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र और छात्रावासों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। विभागीय कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कार्यालय में किए जा रहे नवाचार की भी जानकारी प्रस्तुत करें।

कमिश्नर ने धान उपार्जन की समीक्षा करते हुए कहा कि उपार्जित धान का परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। मऊगंज, सीधी और मैहर जिले के खरीदी केन्द्रों में बड़ी मात्रा में परिवहन के लिए धान शेष है। इन जिलों में कलेक्टरों के साथ परिवहनकर्ताओं की बैठक कराकर अतिरिक्त ट्रक परिवहन के लिए लगाएं। उपार्जित धान का किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। सभी जिलों में गोदाम में पहुंची धान की तुलना में भुगतान की राशि कम है। गोदामों में धान भण्डारित करने से पूर्व उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करें। पर्याप्त कारण होने पर ही रिजेक्शन करें। संभाग स्तर पर उपार्जन की निगरानी के लिए 6 टीमें बनाई गई हैं। सभी टीमें लगातार खरीदी केन्द्रों का भ्रमण करके उपार्जन की निगरानी करें। कमिश्नर ने अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन में 100 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि सभी संभागीय और जिलाधिकारी प्रतिदिन शाम 4 से 5 बजे तक सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए आवेदकों तथा एल-1 अधिकारियों से चर्चा करें। इस सप्ताह प्रकरणों के निराकरण की स्थिति संतोषजनक नहीं है। ऊर्जा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग तथा ट्राइबल विभाग प्रकरणों के निराकरण में विशेष ध्यान दें। बैठक में कमिश्नर ने नलजल योजनाओं के संचालन, हैण्डपंपों के सुधार, खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आवंटित खाद्यान्न के उठाव तथा वितरण एवं न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, मुख्य अभियंता ऊर्जा आईके त्रिपाठी, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ संजीव शुक्ला, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास ऊषा सिंह सोलंकी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह तथा अन्य संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# रीवा, मऊगंज जिला के प्राचार्यों और बीईओ की कमिश्नर आज लगाएंगे क्लास

**जागरण, रीवा।** बोर्ड परीक्षा करीब है। 10 वीं का रिजल्ट पिछले शैक्षणिक सत्र में बेहतर नहीं आया था। इसमें सुधार लाने के लिए आपरेशन निखार चलाया गया है। आपरेशन निखार के तहत रीवा और मऊगंज जिला के सभी प्राचार्यों और बीईओ की क्लास कमिश्नर आज लेंगे। सभी को बुधवार की सुबह माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि ऑडिटोरियम में तलब किया गया है।

- **आपरेशन निखार के तहत 13 एजेंडों पर होगी समीक्षा**

बीईओ और प्राचार्यों की बैठक माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि रीवा के ऑडिटोरियम में आयोजित की गई है। यह समीक्षा बैठक सुबह 10.30 बजे से आयोजित की गई है। डीईओ ने सभी संकुल प्राचार्यों और बीईओ को बैठक में पहुंचने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह भी सख्त चेतावनी दी है कि कोई भी प्राचार्य व बीईओ अपनी जगह पर प्रतिनिधि को न भेजे। सभी प्राचार्यों का स्कूलों का परीक्षा परिणाम वृद्धि के लिए एक्शन प्लान तैयार करके लाने के निर्देश दिए गए हैं। इस बैठक में 13 एजेंडों पर चर्चा होगी।

**इन एजेंडों पर की जाएगी समीक्षा :** बुधवार को कमिश्नर की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली बैठक में 13 बिंदुओं पर समीक्षा की जाएगी। इसमें प्रमुख रूप से विद्यालय का 10 वीं और 12वीं का त्रैमासिक और अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम, परीक्षा परिणाम वृद्धि का एक्शन प्लान, सत्र 2024 वार्षिक परीक्षा में कक्षा 10वीं में 30 प्रतिशत से कम वाले स्कूलों का परीक्षा परिणाम, यू डाइस में ड्राप बॉक्स, अपार आईडी की समीक्षा भी की जाएगी। इसके अलावा पोर्टल 30 एरियर एजुकेशन ऑफिस निर्माण, नवनियुक्त शिक्षकों के तीन वर्ष पूर्ण होने पर परिवीक्षा अवधि समाप्त करने के प्रस्ताव, छात्रवृत्ति, प्रोफाइल अपडेशन, खाता सुधार, सीएम हेल्पलाइन 50 दिवस से अधिक की समीक्षा, उच्च पद प्रभार, अतिशेष कर्मचारियों के कार्यमुक्त, अतिशेष से संबंधित लंबित कोर्ट प्रकरण, साइकिल वितरण की समीक्षा, सीएम राइज विद्यालयों में निर्माण एवं वाहन संचालन, सीएम राइज द्वितीय चरण विद्यालयों के भूमि उपलब्धता, मरम्मत के लिए प्राप्त राशि की उपयोगिता, अनुरक्षण मद से प्रदान की गई राशि की समीक्षा की जाएगी।

# नई शिक्षा नीति के तहत एक साथ किए जा सकते हैं दो कोर्स



**जागरण, रीवा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोठी में छात्रों को कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर विशेषज्ञ माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, रीवा परिसर के निदेशक डॉ. संदीप भट्ट ने छात्रों के बीच बेहतर करियर निर्माण को लेकर चर्चा की। डॉ संदीप भट्ट ने विषय की भूमिका रखते हुए कहा कि आज के समय में मीडिया के क्षेत्र में रोजगार की अपार सम्भावनाएं हैं। पीआर, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, विज्ञापन आदि क्षेत्रों में रोजगार के अवसर तलाशे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सूचनाएं एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने में सोशल मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान है। इसमें मुख्य रूप से न्यूज रील उपयोगी साबित हो रहा है। डॉ संदीप ने छात्रों को बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत अब एक साथ दो कोर्स किए जा सकते हैं। आज के दौर में कम्प्यूटर कोर्स की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। चाहे सरकारी हो या निजी संस्थान, हर क्षेत्र में कम्प्यूटर प्रशिक्षित युवाओं को वरीयता दी जाती है। इसके अलावा, कार्टून व गेमिंग एप में भी रोजगार बढ़ रहे हैं। इस मौके पर डॉ संदीप ने छात्रों से संवाद भी किया और उनकी जिज्ञासा का समाधान किया। रीवा परिसर के कम्प्यूटर विभाग समन्वयक रवि साहू ने कहा कि विज्ञान, कृषि, इंजीनियरिंग, सरकारी कार्यालय जैसे सभी शिक्षण संस्थानों में अब कम्प्यूटर का उपयोग बढ़ गया है। सोशल मीडिया को आगे बढ़ाने में भी कम्प्यूटर की महती भागीदारी है। प्राचार्य डॉ. अनिल सिंह ने कहा कि रोजगारपरक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए छात्रों को अब दूरस्थ जाने की आवश्यकता नहीं है। रीवा में ही, रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू हो चुके हैं, जहां छात्र कम खर्च में विद्या अर्जन कर सकते हैं।

### आज बाणसागर कॉलोनी में लगेगा ननि का शिविर

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत रीवा नगर निगम क्षेत्र में जनकल्याण शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि 8 जनवरी को वार्ड क्रमांक 25 के लिए सामुदायिक भवन बाणसागर कॉलोनी में जनकल्याण शिविर लगाया जा रहा है।

**नागपुर के प्रख्यात रक्त रोग एवं रक्त कैंसर विशेषज्ञ डॉ निशाद धकाते 11 जनवरी शनिवार को रीवा में**



रीवा-रक्त रोग एवं रक्त कैंसर विशेषज्ञ डॉ निशाद धकाते MBBS, MD, DM ( कंसल्टेंट हीमैटोलॉजी एंड बोन मैरो ट्रांसप्लांट), कैंसर विशेषज्ञ हिमेटो ऑन्कोलॉजिस्ट, एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट, विभागाध्यक्ष HCG कैंसर इंस्टिट्यूट हॉस्पिटल नागपुर के द्वारा दिनांक 11 जनवरी शनिवार शनिवार 2025 को सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मेडिकल कामता (मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर) A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, रक्त रोग एवं रक्त कैंसर से सम्बंधित बीमारियां जैसे ब्लड कैंसर, खून की कमी एनीमिया, सिकल सेल एनीमिया, थैलीसीमिया, प्लेटलेट्स से सम्बंधित बीमारियां, पॉलीसाईथिमिया, हीमोफीलिया, ल्युकेमिया, लिम्फोमा आदि खून से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा। डॉ निषाद धकाते प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे शनिवार को नियमित कामता मेडिकल रीवा में OPD हेतु उपलब्ध रहेंगे। क्लीनिक में इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, होल्टर, ABPM, पैथोलॉजी (सभी प्रकार की जाँच थायराइड, हार्मोन्स, आदि) डिजिटल एक्सरे, आदि जांचों की सुविधा भी उपलब्ध है। -Advt.

**नागपुर के प्रख्यात कैंसर विशेषज्ञ डॉ भास्कर सिंह 11 जनवरी शनिवार को रीवा में**



रीवा । HCG कैंसर हॉस्पिटल नागपुर के प्रख्यात कैंसर सर्जन एवं कैंसर रोग सुपर स्पेशलिस्ट डॉ भास्कर सिंह MBBS, MS, FMAS, DNB (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) कंसल्टेंट सर्जन के द्वारा दिनांक 11जनवरी शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा (कामता मेडिकल) में, कैंसर से सम्बंधित बीमारियां जैसे स्तन कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, मुँह का कैंसर, स्वांस की नली का कैंसर, खाने की नली का कैंसर, अग्नाशय का कैसर, पित्त की थैली (गालब्लैडर) का कैंसर, किडनी का कैंसर, पेशाब की थैली का कैंसर, छोटी बड़ी आँत का कैंसर, आमाशय का कैंसर, थायराइड कैंसर, मांसपेशियों का कैंसर, व अन्य सभी प्रकार के कैंसर का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा। ओपीडी में आये हुए समस्त मरीजों हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क आयुष्मान योजना, स्वास्थ बीमा लाभ योजना एवं केंद्र सरकार व राज्य सरकार के कर्मचारियों हेतु संचालित स्वास्थ्य लाभ योजना का भी नियम व शर्तों के साथ सुबिधा उपलब्ध है, डॉ भास्कर विगत पाँच वर्षों से नियमित प्रत्येक माह में दूसरे एवं चौथे शनिवार को रीवा में OPD हेतु उपलब्ध रहते हैं। OPD हेतु पंजीयन प्रारम्भ है, अधिक जानकारी, पंजीयन व परामर्श हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.

## स्व.एमएम जगदाले अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता

# रीवा एवं जबलपुर संभाग की टीमों के बीच क्रिकेट मैच ड्रा

### ग्रुप 'सी' का पहला तीन दिवसीय मुकाबला अनिर्णीत समाप्त, जबलपुर को मिले ज्यादा अंक



**जागरण, रीवा।** डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के आयोजकत्व में मप्र क्रिकेट एसोसिएशन की 15 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों के बीच खेली जाने वाली स्व. एमएम जगदाले अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के ग्रुप 'सी' के तहत रीवा के एमपीसीए क्रिकेट मैदान में मेजबान रीवा एवं जबलपुर संभाग की टीमों के बीच खेला गया पहला 3 दिवसीय क्रिकेट मैच रोमांचक अंदाज में बिना किसी परिणाम के समाप्त हो गया। इस मैच की पहली पारी में रीवा की टीम मात्र 99 रनों के स्कोर पर ऑलआउट हो गयी थी जिसका प्रत्युत्तर देते हुये जबलपुर ने अपनी पहली पारी में 190 रन बनाये तथा रीवा पर 91 रनों की महत्वपूर्ण लीड लेने में सफलता प्राप्त की। एक समय जबलपुर का स्कोर 3 विकेट पर 154 रन था तथा वो एक बड़े स्कोर की तरफ बढ़ती दिख रही थी किंतु उसके बाद रीवा के चायनामैन गेंदबाज रूद्रांश गर्ग की विविधतापूर्ण गेंदबाजी के सामने जबलपुर के बल्लेबाजों की एक न चली तथा पूरी टीम 198 पर पवेलियन जा बैठी। जबलपुर की ओर से लकी मेहरा ने सुलझी हुई बल्लेबाजी करते हुये सर्वाधिक 55 रनों की पारी खेली। रीवा के गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करने वाले रूद्रांश गर्ग ने 10 ओवरों में 35 रन देते हुये 6 विकेट लिये उनके अलावा रीवा का अन्य कोई गेंदबाज प्रभावी नहीं रहा। यदि रीवा के कप्तान ने रूद्रांश को ज्यादा गेंदबाजी करने का अवसर दिया होता तो संभवतः जबलपुर का स्कोर और कम होता बहरहाल जबलपुर की 99 रनों की लीड के दबाव में रीवा ने अपनी दूसरी पारी आरंभ की पर पहली पारी की ही तरह दूसरी पारी में भी रीवा के बल्लेबाज नाकामयाब रहे तथा एक समय रीवा का स्कोर 8 विकेट पर 89 रन था केवल स्वप्निल सिंह ही एक विकेट पर डटकर बल्लेबाजी कर रहे थे और इस समय रीवा के हारने की पूरी उम्मीद दिख रही थी पर नंबर 10 में बैटिंग करने आये मप्र की अंडर 14 टीम के सदस्य रह चुके शिखर तिवारी ने स्वप्निल का भरपूर साथ निभाया 9 वें विकेट के लिये इन दोनों ने साहसिक बल्लेबाजी की तथा अगला विकेट नहीं गिरने दिया। दूसरी पारी में जब रीवा का स्कोर 8 विकेट पर 128 रन था तभी दिन का खेल समाप्त हो गया एवं मैच बिना किसी नतीजे के खत्म हुआ। रीवा की पारी मे स्वप्निल सिंह ने साहसिक बल्लेबाजी करते हुये मैच बचाऊ नाबाद 49 रन बनाये वहीं अपूर्व सिंह ने 30 रन बनाये। जबलपुर की तरफ से अथर्व शर्मा, यथार्थ डेहरिया एवं सुवीर अरोरा ने 2-2 विकेट लिये। पहली पारी में लीड लेते हुये जबलपुर की टीम ने 3 अंक हासिल किये जबकि रीवा को 1 अंक ही प्राप्त हुआ। मैच के समाप्त होने के पश्चात ऑब्जर्वर अनिल दीक्षित, चयनकर्ता अंकित श्रीवास्तव दोनों अंपायरों शांतनु पित्रे व व्योमकेश त्रिपाठी तथा आरडीसीए के सहसचिव देवेश शुक्ला की उपस्थिति में जबलपुर के यश तिवारी एवं रीवा के रूद्रांश गर्ग को संयुक्त रूप से मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया। रीवा में खेले जा रहे ग्रुप 'सी' के दूसरे राउंड का 3 दिवसीय मैच 9 जनवरी से जबलपुर और उज्जैन संभाग की टीमों के बीच खेला जावेगा।

दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com
रीवा, 08 जनवरी 2025 पौष शुक्ल 9 संवत 2081
संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त



**गीता**

यच्चावहासार्थमसत्कृतोऽसि विहारशय्यासनभोजनेषु ।
एकोऽथवाप्यच्युत तत्समक्षं तत्क्षामये त्वामहमप्रमेयम् ।

**भावार्थ :** अर्जुन बोले- हे अच्युता हे सखे! हंसी-दिल्लगी में, चलते-चलते सोते-जागते, उठते-बैठते, खाते-पीते समय में अकेले अथवा सखाओं, कुटुम्बियों के सामने मेरे द्वारा आपका जो उपहास किया गया हो, उसके लिए में क्षमा मांगता हूं।

# नक्सलियों पर लगाम लगा पाना अब भी चुनौती

देश के विभिन्न नक्सल प्रभावित इलाकों में धीरे-धीरे शांति देखी जाने लगी है। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड आदि में अब पहले की तरह नक्सली हमलों में कमी दर्ज हुई है। मगर छत्तीसगढ़ अब भी नक्सलियों का गढ़ बना हुआ है। इसमें अक्सर नक्सलियों के मारे जाने की खबरें आती रहती हैं। मगर इससे नक्सलियों पर पूरी तरह लगाम लगा पाना अब भी चुनौती बना हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि अगले साल तक नक्सलवाद का सफाया कर दिया जाएगा। मगर सुरक्षाबलों की कार्रवाई के जवाब में नक्सली भी बड़े हमले करने की साजिशें रचने में कामयाब देखे जाते हैं। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुआ ताजा नक्सली हमला इसी का एक उदाहरण है। बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों के अभियान के जवाब में नक्सलियों ने यह हमला किया। जब दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर का संयुक्त दल तलाशी अभियान से वापस लौट रहा था, तब नक्सलियों ने उनके वाहन पर हमला कर दिया। इसमें आठ सुरक्षाकर्मी और एक वाहन चालक मारे गए। इस हमले में आईईडी विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। इसकी शक्ति आम विस्फोटकों से कई गुना अधिक होती है। यह समझना मुश्किल है कि इतनी चौकसी के बावजूद नक्सलियों के पास अत्याधुनिक हथियार और विस्फटोक किस तरह और कहां से पहुंच पा रहे हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर और दंतेवाड़ा क्षेत्र में सघन जंगल होने की वजह से नक्सलियों के खिलाफ अभियान में मुश्किलें आती हैं। यही इलाका नक्सलियों का गढ़ बना हुआ है और सबसे अधिक इसी क्षेत्र में वे सुरक्षाबलों पर हमले करने में कामयाब होते हैं। हालांकि हेलीकाप्टर से टोह लेने की योजना बनी थी। इसके बावजूद नक्सली विस्फोटक और हथियार हासिल करने में कामयाब हो जा रहे हैं, इन सबके रास्ते सुरक्षाबलों और खुफिया तंत्र की नजर से कैसे ओझल बने हुए हैं, समझ से परे है। नक्सलवाद के खात्मे का भरोसा तब तक नहीं किया जा सकता, जब तक कि उन तक पहुंचने वाली वित्तीय मदद, हथियार, विस्फोटकों और अत्याधुनिक सूचना तकनीक आदि पर अंकुश न लगा लिया जाए।

**नक्सलवाद का जन्म जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए हुआ था, मगर अब यह जिस रूप में अपनी जड़ें जमा चुका है, वह आतंकी गतिविधियों की शक्ल अख्तियार करने लगा है। अगर उन तक अत्याधुनिक हथियार और विस्फोटक पहुंच रहे हैं, तो जाहिर है, बाहर से वित्तीय मदद भी पहुंच रही है।**

प्रसंगवश

## कैसे लगेगा नेताओं की बदजुबानी पर अंकुश

दिल्ली अर्द्धराज्य का चुनाव गरमाने नहीं, उबलने लगा है। दिल्ली में कौन 'आप दा' है और कौन 'बदनसीब', 'घोटालेबाज' है? इन सवालों का विश्लेषण करने से पहले हम जानना चाहेंगे कि क्या बदजुबान नेताओं को पार्टी का समर्थन है? ऐसे नेताओं को चुनाव में प्रत्याशी भी बनाया गया है। फिलहाल रमेश बिधूड़ी भाजपा के



सबसे बदजुबान, असभ्य, अमर्यादित नेता के तौर पर कुख्यात हैं। वह दो बार लोकसभा सांसद और तीन बार विधायक रह चुके हैं। जाहिर है, वे नौसिखिया, बचकाना या अपरिपक्व नेता नहीं हैं।

**क्या बदजुबान नेताओं को पार्टी का समर्थन है? ऐसे नेताओं को चुनाव में प्रत्याशी भी बनाया गया है। विडंबना तो यह है कि संसद और चुनाव आयोग द्वारा बदजुबानी के आरोपी को दंडित करना बहुत दूर की कौड़ी है। अश्लील बयानबाजी सिर्फ प्रियंका गांधी तक ही सीमित नहीं है। कांग्रेस के नेता भी अब कंगना रनौत और कैटरीना कैफ के गालों की उपमाएं दे रहे हैं, क्योंकि हेमामालिनी बूढ़ी हो गई हैं।**

भाजपा ने उन्हें दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस की अलका लांबा भी मुकाबले में हैं। बिधूड़ी ने एक सार्वजनिक मंच से कहा कि वह कालकाजी की सारी सड़कें प्रियंका गांधी के गालों जैसी बनवा देंगे। यह अश्लील, असंगत उपमा देते हुए बिधूड़ी ने लालू यादव का उदाहरण दिया, जिन्होंने 2005 में बिहार की सड़कें हेमामालिनी के गालों जैसी बनाने की घोषणा की थी। वह उपमा भी अश्लील थी और इस बार की उपमा भी भद्दी, महिला-विरोधी है। बिधूड़ी के बयान पर जबरदस्त राजनीतिक बवाल मचा, तो उन्होंने बयान वापस लेते हुए खेद व्यक्त किया, माफी नहीं मांगी। खेद जताने से ही अपराध की विद्रूपता कम नहीं हो सकती। बहरहाल इस प्रकरण के कुछ देर बाद ही बिधूड़ी ने मंच से एक बार फिर बदजुबानी की और कहा कि आतिशी ने तो अपना बाप ही बदल लिया। यह एक महिला का नहीं, दिल्लीवालों और वहां की मुख्यमंत्री का अपमान है।

यह भद्दा, कुत्सित, महिला-विरोधी, आधी आबादी-विरोधी बयान लोकतंत्र का भी अपमान है। दरअसल रमेश बिधूड़ी ऐसी बदजुबानी के आदी हो गए हैं। उन्होंने बीती लोकसभा में विपक्षी सांसद दानिश अली को 'ओए-ओए..' कहकर संबोधित किया था और समूचे मुस्लिम समाज को 'आतंकवादी' करार दिया था। बिधूड़ी के खिलाफ एक जांच-समिति बिठाई गई, लेकिन उसका निष्कर्ष क्या रहा, क्या कार्रवाई की गई, आज तक कोई सार्वजनिक जानकारी नहीं है। बेशक भाजपा ने उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी नहीं बनाया, लेकिन अब विधानसभा चुनाव में उन्हें क्यों उतारा गया? क्या भाजपा बिधूड़ी की बदजुबानी को 'असभ्य, असामाजिक, अश्लील' बयानबाजी नहीं मानती? इस बार बिधूड़ी ने जो बयान दिए हैं, वे एक औसत महिला के सम्मान, स्वाभिमान और चरित्र पर करारा प्रहार करते हैं, जो किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 10 साल की राजनीति में भाजपा को महिलाओं ने लबालब वोट दिए हैं, जिन्होंने भाजपा की जीत सुनिश्चित की है। महिलाओं को 'परकटी' भी कहा गया है। कांग्रेस में रहते हुए संजय निरूपम ने तत्कालीन केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को 'ठुमके वाली' कहा था। सवाल यह है कि क्या विभिन्न राजनीतिक दल ऐसे बदजुबान नेताओं को 'अभयदान' देते रहेंगे?

# चीन में भी सामान्य है मौसमी वायरस का संक्रमण

स्वास्थ्य

**चीन में बेशक इन्फ्लूएंजा ए, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया, कोविड-19 और अब एचएमपीवी जैसे संक्रमण दिखे हैं, लेकिन सर्दियों और वसंत के दौरान इस तरह के मामलों में वृद्धि कोई नई बात नहीं है। भारत में भी एचएमपीवी एक सामान्य वायरस है और देश के विभिन्न हिस्सों में 19 फीसदी तक इसके मामले आते रहे हैं। इसलिए न तो चीन के अधिकारियों ने और न ही विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस तरह की किसी इमरजेंसी का एलान किया है।**

**राजीव दासगुप्ता**

कर्नाटक के बेंगलुरु में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के दो और गुजरात में एक मामला सामने आने के बाद अचानक भारत में चिंता का माहौल बनने लगा है। एचएमपीवी के तीनों मामले बच्चों से जुड़े हैं, जिनमें से एक तीन महीने की बच्ची है, तो दूसरा आठ महीने का लड़का। तीसरा दो महीने का बच्चा है। तीनों फिलहाल स्थिर हैं, पर एचएमपीवी को लेकर खौफजदा तस्वीरें पेश करने वाले लोग इस वायरस को कोरोना से जोड़ने लगे हैं। उनका दावा है कि चीन में एचएमपीवी कहर बनकर टूटा है, इसलिए अपने यहां भी इसका विस्फोट हो सकता है। मगर क्या वे सच हैं?

एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। सबसे पहले साल 2001 में ही नीदरलैंड में इसका पता लगा था। जिन देशों में तुलनात्मक रूप से अधिक जांच या डायग्नोस्टिक लैब की व्यवस्था है, वहां बच्चों में सांस से जुड़ी न्यूमोनिया जैसी बीमारियों में एचएमपीवी संक्रमण का स्थान दूसरा रहा है। चीन में बेशक इन्फ्लूएंजा ए, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया, कोविड-19 और अब एचएमपीवी जैसे संक्रमण दिखे हैं, लेकिन सर्दियों और वसंत के दौरान इस तरह के मामलों में वृद्धि कोई नई बात नहीं है। यही कारण है कि सोशल मीडिया में चीन की गंभीर स्थिति का दावा किया जा रहा है, लेकिन न तो चीन के अधिकारियों ने और न ही विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस तरह की किसी इमरजेंसी का एलान किया है। अपने देश में भी जो मामले सामने आए हैं, उसके लिए अस्पतालों में नियमित तौर पर की जा रही निगरानी का शुक्रिया अदा करना चाहिए।

वास्तव में, यह 'ट्रिपलडेमिक्स' का मौसम है, यानी वह परिस्थिति, जिसमें इन्फ्लूएंजा, सामान्य सर्दी की वजह से बनने वाले रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस (आरएसवी) और एचएमपीवी के मामले बढ़ते ही हैं। ये तीनों ही कमोबेश एक जैसे लक्षण वाले संक्रमण हैं, हालांकि आरएसवी और एचएमपीवी का परिवार



एक ही है। एचएमपीवी में नाक बहने की शिकायत आती है और गले में खराश बना रहता है। यह हमारी सांस की नली के ऊपरी और निचले, दोनों हिस्से को संक्रमित करता है, इसलिए इसके मरीजों में खांसी और घरघराहट, दोनों दिखते हैं। बहुत छोटे बच्चों और 65 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए इसका पहला संक्रमण गंभीर हो सकता है।

हालांकि, कोरोना की तरह आरटीपीसीआर टेस्ट से इसके संक्रमण का पता लगाया जा सकता है, पर अपने देश में बहुत आसानी से उपलब्ध होने के बावजूद आमतौर पर इसकी जांच नहीं कराई जाती। फिलहाल ऐसी कोई एंटीवायरल दवा नहीं, जो खास इसी के लिए बनाई गई हो, पर इसके संक्रमण के ज्यादातर मामले अपने आप ठीक हो जाते हैं। गंभीर लक्षणों वाले मरीजों को ऑक्सीजन सपोर्ट देकर और कॉर्टिकोस्टेरॉइड से इलाज किया जाता है। इसमें मृत्यु दर काफी कम है और इसका खतरा तभी बढ़ता है, जब कैंसर, प्रत्यारोपण, कोविड-19 या गंभीर इन्फ्लूएंजा वाले मरीजों में एचएमपीवी का संक्रमण होता है।

बहरहाल, सांस से जुड़े अन्य संक्रमणों की तरह इसका संक्रमण भी मरीज के सीधे संपर्क में आने और वायरस से संक्रमित वस्तु को छूने आदि से होता है। इसी कारण संक्रमण से बचने के लिए खांसने, छींकने, हाथ मिलाने आदि में सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। साबुन और पानी से बार-बार हाथ धोना, सैनिटाइजरआदि बुनियादी बातें हैं, जिनका हमें ख्याल रखना चाहिए।

अच्छी बात है कि अपने देश में पहले से ही आईएलआई जैसी इन्फ्लूएंजा सरीखी बीमारियों की एकीकृत निगरानी की व्यवस्था रही है। इसे कहीं अधिक गहन बनाने की आवश्यकता है। एकीकृत रोग निगरानी परियोजना (आईडीएसपी) की जिला व राज्य इकाइयों को भी विशेषकर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और सह-रुग्णता वाले मरीजों की खास निगरानी करनी होगी।

चीन में इस मौसम में फ्लू जैसी कई बीमारियों का फैलना सामान्य है। रुझान यही बताते हैं कि इन्फ्लूएंजा के तमाम मामलों में जिन 30.2 प्रतिशत लोगों में आईएलआई या एसएआरआई की पुष्टि की गई, उनमें से 17.7 प्रतिशत लोग अस्पताल में भर्ती हुए। जबकि, 6.2 प्रतिशत एचएमपीवी संक्रमितों में से 5.4 प्रतिशत ही अस्पतालों में भर्ती के लिए आए।

रही बात अपने देश की, तो यहां आमतौर पर इसकी जांच नहीं की जाती। अपने यहां भी यह एक सामान्य वायरस है और देश के विभिन्न हिस्सों में एक फीसदी से 19 फीसदी तक इसके मामले आते रहे हैं। बेशक यह मुख्य रूप से समशीतोष्ण जलवायु में छोटे बच्चों की बीमारी है, लेकिन अब तक उपलब्ध भारत के आंकड़े बताते हैं कि इसके 44 फीसदी मामले 15-50 वर्ष की आयु वर्ग वाले लोगों में रहे हैं। इन्फ्लूएंजा, आरएसवी, डेंगू, लेप्टोस्पाइरा और स्क्रब टाइफस जैसे कई संक्रमणों के साथ भी इसका संक्रमण पाया गया है, जिसके कारण कभी-कभी यह गंभीर बन सकता है। जाहिर है, व्यापक जांच-पड़ताल के बाद ही पूरी तस्वीर साफ हो सकती है और सामान्य वायरस होने के कारण जांच में इसके अधिक मामले सामने आ सकते हैं। प्राथमिक स्तर की स्वास्थ्य देखभाल और गुणवत्तापूर्ण अस्पताल प्रबंधन से ही हम सुनिश्चित कर सकेंगे कि यह हमारे लिए चिंता की वजह न बने।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# राज्य लोक सेवा आयोग अक्षमता के शिकार क्यों

चयन व्यवस्था

**बिहार लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा के परीक्षार्थी सड़कों पर उतरे हुए हैं और पटना में धरना दे रहे हैं। इसके पहले उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में भी राज्य लोक सेवा आयोगों की परीक्षाओं में गड़बड़ी के खिलाफ परीक्षार्थियों को सड़कों पर उतरते देखा है। सरकारी नौकरी पाने का युवाओं का ख्वाब सड़कों पर दर-दर की ठोकरें खाने पर क्यों मजबूर है? देश के अधिकांश राज्य लोक सेवा आयोग अक्षमता के शिकार हैं, ऐसा क्यों?**

**अजय बोकिल**

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के परीक्षार्थियों का प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने का आंदोलन तीन हफ्ते बाद भी समाप्त नहीं हो रहा है तो इसको लेकर कई सवाल उठने लगे हैं। आने वाले कल के अफसरों और अन्य कर्मचारियों के चयन की शुचिता क्यों नहीं रह पाती है? ऐसा होने के लिए जिम्मेदार कौन है, सरकारी नौकरी का सपना देखने वाले या फिर इन रुआबदार नौकरियों के लिए परीक्षा आयोजित करने वाले? तीसरे, इन धांधलियों पर लगाम कब लगेगी और कौन लगाएगा?

इसी तरह बीते दिसंबर में मप्र के इंदौर में एमपीपीएससी के अभ्यर्थियों ने न्याय यात्रा निकाली थी। उनकी मांग थी कि एमपीपीएससी की मार्कशीट जारी की जाए और सभी पदो पर एक साथ भर्ती की जाए। आंदोलनकारियों ने इंदौर में धरना भी दिया। इसी तरह महाराष्ट्र में ठाकरे राज में महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग द्वारा प्रस्तावित परीक्षाएं कोरोना के कारण रद्द करने पर नाराज अभ्यर्थियों ने राज्यव्यापी आंदोलन किया था।

**पेपर लीक के बाद से बवाल**

फिलहाल, बीपीएससी की 70 वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा (सीपीई) के पेपर लीक होने की खबर के बाद से गुस्साए परीक्षार्थी सड़कों पर उतरे हुए हैं और पटना के गर्दनीबाग में धरना दे रहे हैं। गड़बड़ी की गंभीर शिकायतों के बीच बीपीएससी ने 4 जनवरी को री-एग्जाम (पुनर्परीक्षा) भी आयोजित की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ, क्योंकि परीक्षार्थियों को




बीपीएससी पर ही भरोसा नहीं है। शक यह भी है कि परीक्षार्थियों के सड़कों पर उतरने के पीछे कोचिंग क्लास माफिया का हाथ है, क्योंकि वो सभी प्रतियोगी परीक्षाएं अपनी सुविधा और स्वार्थ के हिसाब से करवाना चाहते हैं, न होने पर आंदोलन करवा देते हैं। उधर यह राजनीतिक मुद्दा भी बन गया है।

जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर द्वारा आंदोलन को हाईजैक करता देख, दूसरे दलों ने इससे दूरी बना ली। सत्तारूढ़ एनडीए के घटक दल तो इस आंदोलन को शुरू से प्रायोजित और नीतीश सरकार को बदनाम करने वाला बता रहे हैं। हालांकि कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि परीक्षार्थियों का यह आंदोलन मिनी अन्ना आंदोलन में भी तब्दील हो सकता है, जो सत्तारूढ़ एनडीए के लिए खतरे की घंटी है।

**विधानसभा चुनाव पर पड़ेगा असर?**

आंदोलनकारी परीक्षार्थियों का मानना है कि असल में खतरे की घंटी तो नीतीश सरकार के लिए है, क्योंकि राज्य में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। हालांकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस आंदोलन को लेकर बेफिक्र दिखते हैं। उन्हें नहीं लगता कि प्रदेश के हजारों प्रतियोगी परीक्षार्थियों की नाराजगी आगामी विधानसभा चुनाव में उनके लिए पानीपत का मैदान साबित हो सकती है। उनकी निगाह में यह आंदोलन भी बुलबुला है, जो फूट जाएगा क्योंकि इस आंदोलन की हवा को चुनाव तक खींचना टेढ़ी खीर है।

**व्यवस्था में जबर्दस्त खामियां**

प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर बीपीएससी अभ्यर्थियों का आंदोलन अब तक का सबसे लंबा आंदोलन है। इससे एक बात साफ है कि आजकल अपवादस्वरूप ही कोई प्रतियोगी परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से होती है। कहीं नीयत में खोट है तो कहीं व्यवस्था में जबर्दस्त खामियां हैं।

**परीक्षा और अन्य चुनौतियां**

ज्यादातर प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को हर बात में इंसाफ के लिए या तो सड़कों पर आना पड़ता है या फिर कोर्ट की शरण लेनी पड़ती है। जबकि यह देश के युवाओं के भविष्य से जुड़ा गंभीर मुद्दा है।

कुल मिलाकर बिहार पीएससी परीक्षार्थियों को कोई राहत जल्द मिलेगी, ऐसा लगता नहीं है। पिछले साल नंवबर में उत्तर प्रदेश पीएससी के परीक्षार्थियो का आंदोलन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हुआ था। सवाल यह है कि जब यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा एक पाली में कराती है तो राज्य सेवा आयोग ऐसा क्यों नहीं कर सकते?

## SUDOKU 08

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | 5 | 7 | | 2 | | |
| 5 | | 2 | | | | | | |
| | | | | | 6 | | | |
| 3 | | 6 | 4 | 5 | | | 9 | |
| | | 4 | | | | 7 | | |
| | 2 | | | 9 | 8 | 6 | | 4 |
| | | | 6 | | | | | |
| | | | | | | 4 | | 9 |
| | | 5 | | 8 | 2 | | 6 | 1 |

## SOLUTIONS 07

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 1 | 2 | 4 | 5 | 7 | 3 | 9 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 3 | 8 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 2 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 3 | 6 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 3 |
| 6 | 9 | 3 | 5 | 4 | 1 | 2 | 7 | 8 |
| 5 | 4 | 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 2 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** नौकरी में उच्च अधिकारियों से निकटता बढ़ेगी। शासन सत्ता में बैठे व्यक्ति से सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। आर्थिक प्रयास सफल होंगे।

**वृषभ :** दिन सामान्य सुख एवं उन्नति दायक रहेगा। सामाजिक गतिविधियों के प्रति अधिक रुचि लेंगे। व्यवसाय की दृष्टि से लाभ की स्थिति सामान्य रहेगी।

**मिथुन :** कोई अप्रिय समाचार मिल सकता है। कार्य क्षेत्र में आप अपने क्रोध एवं वाणी पर नियंत्रण रखें। रोजगार की तलाश में इधर से उधर भटकना पड़ेगा।

**कर्क :** संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा। कार्य क्षेत्र में नए मित्र बनेंगे। बौद्धिक कार्यों को करने वाले लोगों को उच्च सफलता एवं सम्मान मिलेगा।

**सिंह :** कार्य क्षेत्र में आने वाली विभिन्न बाधाएं कम होगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य के सिद्ध होने से मन में प्रसन्नता बढ़ेगी। आप अपने पराक्रम से अपनी मान प्रतिष्ठा को बढ़ाएंगे।

**कन्या :** प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी। किसी महत्वपूर्ण पद के मिलने से समाज में प्रभाव बढ़ेगा। संपत्ति संबंधी कार्य में अधिक परिश्रम से सफलता प्राप्त होगी। उच्च अधिकारी से घनिष्ठता बढ़ेगी।

**तुला :** कार्य क्षेत्र में संघर्ष अधिक बढ़ सकता है। किसी के बहकावे में न आए। बुद्धि विवेक से सोच समझकर कार्य करें। व्यवहार को अच्छा बनाए रखें।

**वृश्चिक :** रोजगार की तलाश पूरी होगी। उद्योग धंधे को शुरू कर सकते हैं। नौकरी में पदोन्नति होने के योग बनेंगे। शासन सत्ता का लाभ मिलेगा

**धनु :** आज का दिन अधिक सुख दायक रहेगा। विरोधी पक्ष की पराजय होगी। जिसके फल स्वरुप कुछ रुके हुए कार्य पूरे होंगे। रचनात्मक प्रयास सफल होंगे।

**मकर :** नौकरी में पदोन्नति होने के योग बनेंगे। उच्च अधिकारियों से निकटता बढ़ेगी। राजनीति में विरोधियों को पछाड़कर महत्वपूर्ण पद प्राप्त करेंगे।

**कुंभ :** अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है। किसी महत्वपूर्ण कार्य में विलंब होने के योग हैं। किसी विशिष्ट व्यक्ति से अकारण दूरियां बढ़ जाएंगी। रोजी रोजगार की तलाश में दर दर भटकना पड़ेगा।

**मीन :** महत्वपूर्ण कार्य को दूसरे के भरोसे न छोड़ें। व्यापार करने वाले लोगों की व्यवसाय स्थिति सामान्य रहेगी। उद्योग धंधे के विस्तार की योजना सफल होगी। जीवन सुखमय व्यतीत होगा।

## आज का पंचांग

**तिथि/संवत :** 8 जनवरी 2025 दिन बुधवार पौष मास शुक्ल पक्ष नवमी तिथि विक्रम संवत 2081 शक संवत 1946।

**सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**

सूर्य धनु राशि में चंद्रमाइश राशि में मंगल कर्क राशि में बुध धनु राशि में गुरु वृषभ राशि में शनि कुंभ राशि में शुक्र कुंभ राशि में राहु मीन राशि में और केतु कन्या में रहेगा।

**सूर्य उदय कालीन नक्षत्र विचार**

सुबह प्रातः काल मेष राशि का नक्षत्र अश्विनी का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया स्वर्ण रहेगा प्रातः 11.30 बजे मेष राशि का नक्षत्र अश्विनी का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा और उसका नक्षत्र पाया स्वर्ण रहेगा शाम 5.30 बजे मेष राशि का नक्षत्र भरणी का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया स्वर्ण रहेगा रात्रि 11.30 बजे मेष राशि का नक्षत्र भरणी का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा उसका नक्षत्र पाया स्वर्ण रहेगा। **योग :** सिद्ध। **करण :** कौलव।

**चौघड़िया,** बुधवार

सुबह 6.00 से 7.30........................................ लाभ
सुबह 7.30 से 9.00........................................ अमृत
सुबह 9.00 से 10.30........................................ काल
सुबह 10.30 से 12.00........................................ शुभ
दोपहर 12.00 से 1.30........................................ रोग
दोपहर 1.30 से 3.00........................................उद्वेग
दोपहर 3.00 से 4.30........................................चर
शाम 4.30 से 6.00........................................लाभ

**आज जन्मे बच्चों की राशि और नाम**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | अक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रातः 6.00 से | अश्विनी | तृतीय | स्वर्ण | मेष | चो |
| प्रातः 11.30 | अश्विनी | चतुर्थ | स्वर्ण | मेष | ला |
| दोपहर 5:30 | भरणीी | प्रथम | स्वर्ण | मेष | ली |
| रात्रि 11.30 | भरणी | द्वितीय | स्वर्ण | मेष | लू |

**राहुकाल :** दोपहर 12 से 1.30 बजे तक रहेगा।
**दिशाशूल :** उत्तर पूरब दिशा में रहेगा।
**खरीदारी का समय :** शाम 4.30 बजे से 6 बजे तक रहेगा।
**आराधना का मंत्र :** ऊं ह्रीं श्रीं क्लीं भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा।।

**पं. अरविंद तिवारी**

जीवन दर्शन

## साधना को फलदायी बनाता है सत्य

सत्य एक दिव्य सिद्धांत है, जो न केवल परम वास्तविकता है, बल्कि वह मार्ग भी है, जो परम वास्तविकता की ओर ले जाता है। यह महान साधना है, जो सत्य की प्राप्ति की ओर ले जाती है। यह महान तपस्या भी है, जो साधना को फलदायी बनाती है, उसका समर्थन करती है।

सत्य साधना को एक ऐसी शक्ति से भर देता है, जो इस धरती की नहीं है। जो दिव्य है। सत्य की तपस्या व्यक्ति के हृदय में आध्यात्मिक शक्ति पैदा करती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने इस आंतरिक आध्यात्मिक शक्ति को आत्मबल के रूप में संदर्भित किया और बिना किसी हिचकिचाहट के घोषणा की कि सत्य उनकी सारी शक्ति का स्रोत था। सत्य की तपस्या ने उन्हें अपने भीतर जो कुछ भी अशुभ था, उस पर विजय पाने की आध्यात्मिक शक्ति दी। उन्होंने आत्म-विजय प्राप्त कर ली थी। उन्होंने अपने दृष्टिकोण को इन शब्दों में घोषित किया, 'न केवल यह सच है कि ईश्वर सत्य है बल्कि मैं घोषणा करता हूं कि सत्य ही ईश्वर है।'

सत्य ही तपस्या है। सत्य ही साधना है। यही वजह है कि जीवन का अंतिम लक्ष्य सत्य की प्राप्ति करना होना चाहिए। सत्य का उपासक परम सत्य को प्राप्त करने में कभी असफल नहीं होता। यद्यपि सत्य की आराधना में, सत्य के आचरण में तुम्हें अनेक प्रकार की परीक्षाओं और कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, फिर भी सत्य को अपने भीतर प्रतिष्ठित करो।

वास्तव में सत्य पहले से ही आपके भीतर आपके अपने सच्चे स्व के रूप में, आपके अपने वास्तविक स्वभाव के रूप में, आपके अपने आवश्यक अस्तित्व के रूप में स्थापित है। सच तो यह है कि तुम इस धरती के नहीं हो। सच तो यह है कि आप कोई भौतिक, जैविक प्राणी नहीं हैं।

सच तो यह है कि आप केवल विचारों, भावनाओं, यादों, कल्पनाओं, इच्छाओं, लालसाओं, योजनाओं, पसंद और नापसंद का एक बंडल नहीं हैं। ये सब आपकी सच्चाई नहीं हैं। इस भौतिक, जैविक स्व से अलग, विचारों और भावनाओं के इस बंडल से अलग, सवाल, संदेह, तर्क, वितर्क और बौद्धिकता के इस मनोवैज्ञानिक सेट-अप से अलग, आप उस महान वास्तविकता की एक किरण हैं। आप उस शाश्वत सत्य का हिस्सा हैं, जो कभी मिटता नहीं, जो कभी बदलता नहीं, जो सिर्फ हमेशा चमकता ही रहता है।

**- आचार्य सच्चिदानंद**

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व सांसद मुंजारे के जमानत आवेदन पर फैसला सुरक्षित



**धान खरीदी केन्द्र के प्रभारी से मारपीट करने का आरोप**

**जागरण, जबलपुर।** धान खरीदी केन्द्र के प्रभारी से मारपीट करने के आरोप में जेल में निरुद्ध बालाघाट के पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने जमानत के लिए जबलपुर स्थित एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट के समक्ष जमानत आवेदन दायर किया था। विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट विश्वेश्वरी मिश्रा ने जमानत आवेदन की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखने के आदेश जारी किये हैं। गौरतलब है कि पूर्व सांसद मुजारे पर आरोप है कि 27 दिसंबर को लालबर्रा तहसील के धान खरीदी केंद्र धपेरा मोहगांव में उनके द्वारा धान खरीदी केंद्र प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटर से मारपीट करते हुए खरीदी कार्य में व्यवधान डाला गया था। घटना के संबंध में लालबर्रा थाने में की शिकायत दर्ज करवाई गयी थी। पुलिस ने पूर्व सांसद सहित चार अन्य साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत पर एफआईआर दर्ज की थी। मारपीट पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुआ था। बालाघाट पुलिस ने पूर्व सांसद को गिरफ्तार करने के बाद 30 दिसंबर को जबलपुर स्थित एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट के समक्ष पेश किया था। विशेष कोर्ट ने उनके जमानत आवेदन को खारिज करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश जारी किये थे। पूर्व सांसद की तरफ से जमानत के लिए दूसरी बार आवेदन पेश किया गया था। जिसमें कहा गया था कि धान खरीदी केंद्र प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटर शासकीय कर्मचारी नहीं है। उन्हें सिर्फ धान खरीदी के लिए अस्थाई रूप से रखा गया था। इसलिए उनके खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने का अपराध नहीं बनता है। डीपीओ की तरफ से सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का हवाला देते हुए कहा गया कि शासकीय कार्य के लिए कर्मचारी को नियुक्त किया गया है। सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

### सीएम सुरक्षा में तैनात कर्मचारियों को दी गई सीपीआर की ट्रेनिंग

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सुरक्षा में तैनात सीएम सिक्योरिटी के पीएसओ और ऑफिशियल कर्मचारियों को उनके स्वास्थ्य और जीवन रक्षा के कौशल को कुशल बनाने के लिए मंगलवार को अंगदान, देहदान के साथ मेडिकल सुरक्षा जैसे सीपीआर और मोबाइल रेडिएशन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण सामाजिक संस्था किरण फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा दिया गया।




किरण फाउंडेशन के सचिव डॉक्टर राकेश भार्गव ने बताया कि ब्रेनडेड व्यक्ति के आठ अंगों का दान कर सकते है जिसमें किडनी, लीवर, फेफड़े, हृदय, अग्न्याशय और आंत जैसे महत्वपूर्ण अंगों का दान करके मरीज को नया जीवन दिया जा सकता है और समान्य मृत्यु होने पर कॉर्निया, त्वचा, हड्डी और हृदय वाल्व आदि जैसे ऊतकों का दान करके भी जरुरत मंद लोगों को जीवन प्रदान किया जा सकता है। डॉक्टर जेपी चौरसिया ने कार्यक्रम में उपस्थित सीएम सिक्योरिटी के पीएसओ और सभी पुलिस ऑफिशियल्स को यह बताया कि सीपीआर ट्रेनिंग से किसी व्यक्ति को कैसे प्राथमिक उपचार द्वारा जीवन दिया जा सकता है। पुतले के माध्यम से सीपीआर ट्रेनिंग देते हुए इस प्रक्रिया को सभी ने व्यावहारिक रूप से समझा। कार्यक्रम में सीएम सिक्योरिटी से आरएस गोस्वामी, राजेश शर्मा, राजेश कुमार जैन, मीनल मुंशी, रवि कनोजिया व अधिकारी भी उपस्थित थे।

### प्रदेश में पशु आहार अनुदान बढ़ा, अब 40 रुपए मिलेंगे

**विसं, भोपाल।** प्रदेश सरकार ने तय किया है कि अब पंजीकृत गौशाला में रहने वाले पशुओं उनके आहार की राशि बढ़ाकर 40 रुपए किया जाएगा। मंगलवार को सीएम डॉ. मोहन यादव ने स्वयं इसका एलान किया। सीएम मंत्रालय में मंत्रालय में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गौ-संरक्षण एवं गौ-संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसके लिए सरकार कई योजनाएं ला रही है। पंजीकृत गौशाला में रहने वाले पशुओं को पहले 20 रुपए प्रति दिन प्रति पशु आहार अनुदान दिया जाता था, जिसे अब बढ़ाकर 40 रुपए किया जा रहा है। दुग्ध उत्पादकों को बोनस दिए जाने की भी सरकार की योजना है। उन्होंने कहा कि गौ-वंश पालन से सीएनजी बॉयोगैस संयंत्र की स्थापना को भी प्रोत्साहन मिलेगा।बैठक में पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी उमाकांत उमराव उपस्थित थे।

### पेज एक की खबरों का शेष

**दिल्ली में पांच फरवरी...**

को सर्वे किया जाता है, जो अक्टूबर में शुरू होता है। इसके बाद वोटर जोड़े या घटाए जाते हैं। उन्होंने कहा-ईवीएम पर हम लोग कई बार बात कर चुके हैं। चुनाव की तारीख से 7-8 दिन पहले एजेंट के सामने सिंबल डाले जाते हैं। मॉक पोल की छूट होती है। बैटरी भी उसी दिन डाली जाती है और सील होती है। ईवीएम पर एजेंट के सामने सील लगाई जाती है। पोलिंग डे पर सील तोड़ी जाती है। पोलिंग स्टेशन पर सबसे पहले सीरियल नंबर चेक कराए जाते हैं। एजेंट मौजूद रहते हैं। पोलिंग खत्म होने के बाद कितने वोट पड़े, इसकी संख्या एजेंट्स को दी जाती है। ईवीएम को स्टोर रूम में लाया जाता है, ताला लगाया जाता है। काउंटिंग के दिन सील तोड़ी जाती है। फॉर्म 7 सी से नंबर मिलाने को कहते हैं। मिला तो ही काउंटिंग होती है। 5 वीवीपैट की गिनती भी कर ली जाती है। सारी चीजों को बहुत चैलेंज किया गया। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ईवीएम हैक हो ही नहीं सकती।

**2024-25 में जीडीपी ...**

आंकड़े आरबीआई पर दबाव बढ़ाएंगे। उस पर ब्याज दरों में कटौती करने का दबाव होगा। अगर बैंक कटौती नहीं करेगा, तो अर्थव्यवस्था खराब होगी और अगर कटौती करेगा, तो महंगाई बढ़ेगी। आरबीआई पिछले एक साल से ब्याज दरों को स्थिर रखे हुए है, जबकि जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान ही रेपो रेट को कम करने की मांग तेज हो गई थी, क्योंकि इस तिमाही में विकास दर कम हो गई थी।

# सांची को देश का ब्रांड बनाने की तैयारी में सरकार

## डॉ. मोहन कैबिनेट ने लिए अहम फैसले, युवाओं पर फोकस, 12 से स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन होगा शुरू

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने मंगलवार को अपनी कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए। सरकार ने तय किया कि प्रोफेशनल लोगों को जोड़कर सांची को देश का ब्रांड बनाया जाएगा। डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में युवाओं को रोजगार देने और किसानों की आय दोगुनी करने के लिए अहम निर्णय लिए गए। कैबिनेट ने फैसला किया है कि 12 जनवरी से स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन शुरू कर किया जाएगा। कैबिनेट की बैठक के बाद वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश के युवाओं की ऊर्जा का सद्पोयग किया जाए, इसके लिए सरकार मिशन के रुप में काम करेंगी। इसके लिए 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से 'स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन' शुरू करने का फैसला किया है। तकनीकी शिक्षा, रोजगार और कौशल विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग मिलकर इस दिशा में काम करेंगे। मिशन के माध्यम से युवाओं को शिक्षा, कौशल और रोजगार के क्षेत्र में जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। मूल रूप से तकनीकी शिक्षा कौशल विभाग इसे हेड करेंगे।

विजयवर्गीय ने बताया कि सरकार ने तय किया है कि हम अपने दुग्ध उत्पाद सांची को राष्ट्रीय स्तर पर ब्रांड बनाने की दिशा में काम करें। इसके



लिए तय किया गया है कि मध्यप्रदेश स्टेट कॉपरेटिव डेयरी फेडरेशन और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच अनुबंध होगा। इसमें प्रोफेशनल लोगों को जोड़ा जाएगा। इसमें दूध के उत्पादन के लिए साथ-साथ उसकी पैकेजिंग के लिए मार्केटिंग को भी शामिल किया गया है। ये किसान की आमदनी बढ़ाने का एक बहुत बड़ा जरिया हो सकता है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने सर्वसम्मत सहमति प्रदान की है कि 5 साल के लिए 1500 करोड़ का इन्वेस्टमेंट किया जाएगा। वर्तमान में राज्य में समितियों के माध्यम से दूध का संकलन अभी 10 लाख है, इसे हम 20 लाख करेंगे। कुल वार्षिक आय 1700 करोड़ से बढ़कर 3500 करोड़ तक हो जाएगी। रोजगार सृजन करने का भी अवसर होगा, सही नस्ल के पशुधन की खरीदे जाएं इसके लिए भी सरकार पशुपालक को ऋण दिलवाने का भी काम करेगी। विजयवर्गीय ने बताया कि बैठक में प्रस्ताव आया कि हर गांव के भीतर एक सहकारी समिति भी होना चाहिए, जिसमें दूध उत्पादन हर गांव में होना चाहिए। जिस पर सहमति जताई गई।

### हम जनता से मिलकर उन्हें संतुष्ट करेंगे

विजयवर्गीय ने बताया कि सीएम ने मंत्रि-परिषद के सदस्यों को यूनियन कार्बाइड के कचरे के विनिष्टीकरण के संबंध में तथ्यात्मक स्थिति से भी अवगत कराया। विजयवर्गीय ने कहा कि भोपाल गैल कांड वाले कचरे को लेकर न्यायालय ने जो समय दिया है, उसे लेकर सीएम ने कहा हम जनप्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे, कोर्ट के आदेश उन्हें समझाएंगे. छोटे छोटे संगठ्नों से बात करेंगे। उस कचरे के बारे में सभी को प्रजेंटेशन देंगे, जिससे जो गलत फहमियां हैं उसको खत्म कर सके।

### ज्यादा बजट मिले विभाग बनाए प्लानिंग

विजयवर्गीय ने बताया कि बैठक में सीएम ने मंत्रियों से कहा कि 16वें वित्त आयोग मार्च में आ रहा है। इसके लिए हर विभाग की बेहतर प्लानिंग होनी चाहिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा राशि केंद्र सरकार से प्रदेश के लिए आवंटित कराई जा सकें, जिसका उपयोग कर हम राज्य को तेजी से विकसित प्रदेश बना सकें।

### ये भी हुए निर्णय

- आर्थिक रूप से सभी समुदायों के कमजोर युवाओं को कोचिंग की मिलेगी सुविधा
- सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के सम्बन्ध में चल रहे विकास कार्यों के संबंध में हुई चर्चा। सीएम द्वारा दिशा-निर्देश दिये गए।
- सीएम ने मंत्रियों को निर्देशित किया कि वे अपने विभाग की योजनाओं को बनाते समय युवा, गरीब, किसान और महिलाओं को कैसे लाभ मिले इस बात का ध्यान दें।

# सागर में विधायक पटैरिया व शैलेंद्र का विवाद आया सामने, 12 पार्षदों को लेकर पहुंचे भोपाल

## वीडी शर्मा से बंद कमरे में की चर्चा, पार्षद बोले-सागर विधायक शैलेंद्र करते हैं हस्तक्षेप

**विशेष संवाददता भोपाल।** विधायकों के बीच विवाद की वजह से सुर्खियों में बने सागर में एक नया मामला सामने आया है। इस बार विवाद सागर और देवरी विधायक का है। मंगलवार को देवरी विधायक 12 पार्षदों को लेकर भाजपा मुख्यालय पहुंचे, जहां उनके द्वारा शिकायत की गई कि सागर विधायक उनके क्षेत्र में हस्तक्षेप करते हैं।

उल्लेखनीय है कि सागर जिले के विधायक भूपेन्द्र सिंह और मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत का विवाद पहले से ही सुर्खियों में है। कांग्रेस से भाजपा में आए देवरी विधायक बृजबिहारी पटैरिया एक बार फिर से नाराज हैं। पटैरिया देवरी नगरपरिषद के दर्जन भर पार्षदों को लेकर प्रदेश भाजपा मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा से बंद कमरे में चर्चा की। बताया गया है कि पटैरिया ने आरोप लगाया है कि सागर विधायक शैलेन्द्र जैन उनकी विधानसभा देवरी में हस्तक्षेप करते हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद की अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन हैं। जिनसे नाराज पार्षद अपना इस्तीफा लेकर भोपाल पहुंचे हैं।




### अपनी बात संगठन के सामने रखी

प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात के उपरांत विधायक पटैरिया ने कहा कि वीडी शर्मा से मुलाकात की है, जबकि संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा से मुलाकात नहीं हो पाई है। उन्होंने बुधवार को मुलाकात का समय दिया है। हम उनसे मुलाकात कर उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेरे साथ देवरी नगर परिषद के 12 विधायक भी आए हैं, जिनकी अपनी-अपनी समस्याएं हैं, जिसे पार्टी के सामने रखा जाएगा।

### शिवराज-कैलाश से भी मिले

देवरी के पार्षदों ने केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित दूसरे नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने परिषद अध्यक्ष को हटाने की मांग की। अध्यक्ष पर कांग्रेस समर्थित दो पार्षदों के साथ मनमानी, सहित कई गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की है। नाराज पार्षदों का कहना है अगर अध्यक्ष को हटाया नहीं गया तो हम सभी इस्तीफा दे देंगे। गौरतलब है इन पार्षदों ने बीते वर्ष अध्यक्ष को हटाने की मांग करते हुए आमरण अनशन किया गया था। विधानसभा चुनाव नजदीक होने के कारण पार्टी आलाकमान के हस्तक्षेप से आश्वासन देकर समाप्त करा दिया गया था।

### अपना इस्तीफा साथ लेकर आए थे पार्षद

सागर जिले की देवरी नगर परिषद में भाजपा के अध्यक्ष हैं और परिषद भी भाजपा की है। यहां 15 पार्षद हैं, विधायक के साथ मंगलवार को कुल 12 पार्षद थे। यहां आए पार्षदों का कहना है सागर विधायक शैलेंद्र जैन हमारी देवरी विधानसभा में हस्तक्षेप कर रहे हैं, इसलिए हम सब लोग भोपाल आए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव से भी मुलाकात करना चाहते हैं, हम अपना इस्तीफा भी साथ लेकर आए हैं। पार्षदों ने आरोप लगाया कि परिषद की अध्यक्ष ने विधानसभा चुनाव के दौरान बीजेपी प्रत्याशी बृज बिहारी पटेरिया के खिलाफ ही काम किया था। अध्यक्ष को सागर विधायक संरक्षण दे रहे है। हम सभी उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की भी तैयारी थी, लेकिन सरकार ने तभी तीन साल तक अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाने का नियम बना दिया. जिसके चलते अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सका।

# मप्र की टीम को थिएटर में मिला तीसरा पुरस्कार



**जागरण, भोपाल।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कला उत्सव में मध्यप्रदेश की टीम को थिएटर में तीसरा पुरस्कार मिला है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष स्कूली विद्यार्थियों में कला शिक्षा के प्रोत्साहन के लिए राष्ट्रीय कला उत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसका प्रमुख उद्देश्य एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को स्कूली स्तर से ही विद्यार्थियों में विकसित करना है। कला उत्सव कक्षा 9 से 12 तक के स्कूली विद्यार्थियों के लिए प्रतिवर्ष 6 श्रेणियों में आयोजित किया जाता है। भोपाल में पांच दिवसीय दसवें राष्ट्रीय कला उत्सव का क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान समापन हो गया, जिसमें देश भर के 35 राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश के 700 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रतिभागियों ने कला का प्रदर्शन किया। मप्र की थिएटर टीम ने नोबेल पुरस्कार प्राप्त कैलाश सत्यार्थी के जीवन चरित्र पर अपने नाटक की प्रस्तुति दी। इस नाटक में कैलाश सत्यार्थी जी की जीवन यात्रा विशेष रूप से बचपन बचाओ आंदोलन को रेखांकित किया गया। इस टीम को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ टीम के सदस्यों में पृथ्वीराज शिंदे रोहन शर्मा संस्कार गोस्वामी वीरा श्रीवास्तव एवं अदिति तिवारी शामिल थे। नाटक का डायरेक्शन थिएटर आर्टिस्ट श्रीमती स्मिता नायर ने किया था। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के माननीय राज्यपाल मंगू भाई पटेल एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के सचिव डॉ संजय कुमार थे।

# वेयर हाउसिंग का 2100 करोड़ रु. का भुगतान अटका, वेतन में होगी समस्या

## सब्सिडी न होने के चलते तीन संस्थाओं ने रोका भुगतान

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** एमपी वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन को एमपी स्टेट कॉरपोरेशन, नेफेड और खाद्य आपूर्ति निगम से गोदाम किराए के रूप में प्राप्त होने वाली राशि का भुगतान नहीं हो सका है। सूत्रों के मुताबिक तीनों संस्थाओं से लगभग 2100 करोड़ रुपए का भुगतान अटका हुआ है, जिसके चलते पूरे प्रदेश में वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के गोदामों और कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों का वेतन अटक सकता है। बता दें कि सब्सिडी का भुगतान न होने के कारण नेफेड सहित अन्य संस्थाओं द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन को मिलने वाली राशि को रोक दिया गया है। इस संबंध में दैनिक जागरण ने जब वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के विभिन्न अधिकारियों से बात की तो उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि तीनों संस्थाओं से गोदाम किराए का भुगतान नहीं हो सका है, लेकिन मंडल द्वारा जल्द ही भुगतान कराए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### सब्सिडी के लिए नहीं कर सके एप्लाई

एमपी वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा सब्सिडी को लेकर की जाने वाली कार्यवाही में ढिलाई बरती गई है, जिसके चलते सब्सिडी नहीं मिल सकी है। इस कारण संस्थाओं द्वारा समय पर गोदाम किराए का भुगतान नहीं किया गया। तीनों संस्थाओं द्वारा एमपीडब्ल्यूएचसी को साफ कर दिया गया है कि जब तक भारत सरकार द्वारा सब्सिडी का भुगतान नहीं होगा, तब तक गोदाम किराए की राशि का भुगतान नहीं किया जा सकता है। वहीं वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन से जुड़े कर्मचारियों का कहना है कि यदि समय पर भंडारण शुल्क का भुगतान नहीं किया गया तो कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नहीं हो सकेगा, जिससे वेयर हाउसिंग का काम ठप्प हो जाएगा और कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे।

# सिंहस्थ में हो रहे कामों को लेकर हर 15 दिन में अधिकारी करें बैठकः सीएम

## प्रयागराज कुंभ पूरा होने के बाद वहां के क्राउड मैनेजमेंट, ड्रोन सर्वे की जानकारी लें

**विशेष संवाददाता भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को सिंहस्थ सिंहस्थ-2028 की मंत्रि-मंडलीय समिति बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर 15 दिन में सिंहस्थ के कार्यो को लेकर बैठक बुलाई जानी चाहिए। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि प्रयागराज कुंभ पूरा होने के बाद अधिकारी वहां के क्राउड मैनेजमेंट, ड्रोन सर्वे, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में संबंधित जानकारी ली जाए। ऐसे विषय जिन में उच्च स्तर से समन्वय या मार्गदर्शन आवश्यक है, वे विषय राज्य शासन के संज्ञान में लाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधोसंरचना से संबंधित जिन कार्यों के निर्माण में अधिक समय लगना है, उन सब की मंत्रि-मंडलीय समिति से स्वीकृति प्राप्त करने और निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने का कार्य मार्च-2025 तक कर लिया जाए। जल प्रदाय, सीवरेज के कार्य तत्काल आरंभ किए जाएं। इसके साथ ही उज्जैन तथा इंदौर जिलों में बस अड्डों की क्षमता वृद्धि या नवीन बस अड्डों के विकास की कार्य योजना भी मार्च-2025 तक तैयार की जाए। सिंहस्थ-2028 के लिए समस्त विभागों के अधोसंरचनात्मक कार्यों की कार्य-योजना को सितंबर-2025 तक अंतिम रूप दिया जाए। बैठक में सीएम ने अधिकारियों कहा कि वे सिंहस्थ से पहले प्रयागराज कुंभ के साथ ही हरिद्वार कुंभ मॉडल का भी अध्ययन करें।

### विशेष सेल गठित की जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रद्धालुओं के आवागमन में सुगमता के लिए रेलवे से समन्वय के उद्देश्य से विशेष सेल गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घाटों तक श्रद्धालुओं के आसानी से आवागमन के लिए उपयुक्त पहुंच मार्ग विकसित किए जाएं। उज्जैन, इंदौर और देवास में होने वाले निर्माण कार्यों में सीवरेज, स्वच्छता और हरियाली का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पर्यटकों की सुविधा की दृष्टि से धर्मशालाओं के उन्नयन के लिए भी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।



### उज्जैन के साथ इंदौर -देवास में हो व्यवस्था

नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सिंहस्थ, सदियों पुरानी सनातन परम्परा को जीवंत करने का उत्सव है। सिंहस्थ-2028 में श्रद्धालुओं के आवागमन और उनकी सुविधाजनक आवास व्यवस्था के लिए इंदौर, उज्जैन और देवास क्षेत्र में समन्वित रूप से व्यवस्थाएं विकसित की जाएं।

**नाराजगी** | राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में कमलनाथ-दिग्विजय सिंह ने लगाया था उपेक्षा का आरोप

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की नाराजगी पर दिल्ली चिंतित, जल्द होगी बैठक

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** विपक्ष में बैठी कांग्रेस भले ही अपने संगठन के विस्तार की योजना बना रही हो, लेकिन हकीकत यह है कि वरिष्ठ नेताओं की नाराजगी प्रदेश संगठन के प्रयासों में आड़े आ रही है। सूत्रों की मानें तो दिल्ली नेतृत्व इससे चिन्तित है और जल्द ही वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रदेश नेतृत्व की दिल्ली में बैठक हो सकती है। गौरतलब है कि बीते दिनों भोपाल में मध्यप्रदेश कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति की वर्चुअल बैठक हुई। उल्लेखनीय है कि इस वर्चुअल बैठक में 26 जनवरी को कांग्रेस की संविधान रैली को लेकर बैठक बुलाई गई थी। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बैठक के दौरान नाराजगी जताते हुए कहा कि अब मुझसे कुछ पूछा नहीं जाता, न ही मीटिंग की सूचना दी जाती है। अखबारों से पता चलता है कांग्रेस की बैठक थी। उन्होंने कहा कि बिना वरिष्ठों की सहमति नियुक्तियां की जा रही है। इस पर जीतू पटवारी ने कहा कि अभी जिलों में नियुक्तियां नहीं हुई है। छिंदवाड़ा में आपसे(कमलनाथ) से बात कर ही नियुक्ति की गई थी। बैठक में कमलनाथ का समर्थन जताते हुए राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि बिना एजेंडे ही पार्टी की बैठकें बुला ली जाती हैं। इस पर पटवारी ने कहा कि वॉट्सऐप पर आपको एजेंडा भेजा गया था। इस पर दिग्विजय सिंह ने तंज कसते हुए कहा, 'अध्यक्ष जी 6 बजकर 31 मिनट पर एजेंडा मिला है। अब मैं मोबाइल से मीटिंग में जुड़ा हूं तो एजेंडा कैसे देखूं।' बैठक में पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन भी कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की बात में सुर मिलाती नजर आईं। बैठक में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित समिति के दूसरे सदस्य भी जुड़े थे।








### वापसी के प्रस्ताव पर चर्चा 10 को

बैठक में कमलनाथ ने कहा कि कुछ ऐसे लोग उनके संपर्क में है,तो अपने-अपने क्षेत्र में मजबूत है,लेकिन वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके है। ऐसे लोग अब फिर से पार्टी में वापस आना चाहते है। उन्होंने प्रस्ताव किया कि ऐसे लोगों की घर वापसी कराई जानी चाहिए। हमें उनकी वापसी पर विचार करते हुए कोई फैसला लेना चाहिए। इसका दूसरे सदस्यों ने विरोध करते हुए कहा कि जो लोग पार्टी को धोखा देकर गए हैं, उन्हें वहीं रहने दिया जाए, जहां वे हैं। गद्दार लोगों की चिंता हमें छोड़ देनी चाहिए। कमलनाथ ने कहा कि वो लोग हमारे मजबूत लोग रहे हैं। उनकी विधानसभा क्षेत्रों में पकड़ है। उनकी वापसी से पार्टी को मजबूत मिलेगी। इस पर दिग्विजय सिंह जीतू पटवारी समेत कई नेताओं ने फिलहाल इस प्रस्ताव को रोका जाए और 10 जनवरी को होने वाली बैठक में अलग से चर्चा की जाएगी।

### पटवारी बोले- ऐसी कोई बात नहीं

इस संबंध में प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा होती है। सभी वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन से ही कांग्रेस और मजबूती के साथ झूठी सरकार के खिलाफ अपनी लड़ाई लड़ रही हैं। वरिष्ठ नेता हमेशा से ही उनके मार्गदर्शक रहे हैं।



### भाजपा ने कसा तंज

कांग्रेस के अंदर मची खींचतान पर भाजपा ने तंज कसा है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि जीतू पटवारी नाथ-दिग्गी गुट को ठिकाने लगाने की तैयारी में हैं। उन्होंने दावा किया कि बैठकों से दूरी, कार्यकर्ताओ की अनदेखी ये सब कांग्रेस धीरे धीरे और बढ़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शाह ने की भारतमंडपम में 'भारतपोल' की शुरुआत

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि अब समय आ गया है कि भारतीय जांच एजेंसियां भगोड़ों को पकड़ने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करें। उन्होंने जांच एजेंसियों के लिए तेजी से अंतरराष्ट्रीय सहायता की सुविधा के लिए 'भारतपोल' पोर्टल लॉन्च किया। यहां भारत मंडपम में 'भारतपोल' की शुरुआत करते हुए, मंत्री ने रेखांकित किया कि सीबीआई द्वारा विकसित पोर्टल की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता 'रीयल टाइम इंटरफेस' है। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल की मदद से केंद्रीय और राज्य एजेंसियां आसानी से इंटरपोल से जुड़ सकेंगी और अपनी जांच में तेजी ला सकेंगी। शाह ने कहा, ''अब समय आ गया है कि हम अपराध करने के बाद भारत से फरार हुए भगोड़ों को पकड़ने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करें।

### इस्लामिक देश इंडोनेशिया बना ब्रिक्स का 10वां मेंबर



**जकार्ता, जेएनएन।** दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश इंडोनेशिया ब्रिक्स का स्थायी सदस्य बन गया है। 2025 में ब्रिक्स की अध्यक्षता करने जा रहे ब्राजील ने इसकी आधिकारिक घोषणा की। जवाब में इंडोनेशिया सरकार ने इस फैसले का स्वागत किया। ब्राजील ने कहा कि इंडोनेशिया को 2023 में जोहान्सबर्ग समिट में ही ब्रिक्स में शामिल होने की हरी झंडी मिल गई थी, लेकिन तत्कालीन जोको विडोडो की सरकार ने राष्ट्रपति चुनाव तक रुकने की मोहलत मांगी थी।

### ट्रंप के शपथ ग्रहण में भाग लेगा भारतीय 'ढोल बैंड'



**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप के शपथ लेने के बाद आयोजित होने वाली परेड में शामिल होने के लिए एक भारतीय अमेरिकी 'ढोल बैंड' को आमंत्रित किया गया है। यह परेड कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद परिसर) से व्हाइट हाउस तक निकाली जाएगी। टेक्सास स्थित भारतीय पारंपरिक 'ढोल बैंड' समूह 'शिवम ढोल ताशा पाठक' अपनी जीवंत ताल और जोशीले धुन के साथ वाशिंगटन में इस कार्यक्रम के दौरान दुनिया को भारत की समृद्ध संगीत परंपराओं की एक झलक पेश करेगा, जिसे विश्व भर में लाखों लोग देखेंगे।

### 100 करोड़ मतदाताओं वाला देश बनेगा भारत



**नयी दिल्ली, जेएनएन।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा कि भारत जल्द ही एक अरब से अधिक मतदाताओं वाला देश होने का नया रिकॉर्ड बनाएगा। उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए तिथि की घोषणा करने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह भी बताया कि वर्ष 2024 विश्व स्तर पर चुनावों का वर्ष था जब लोकतंत्र में दुनिया की दो-तिहाई आबादी ने विभिन्न चुनावों में मतदान किया। सीईसी ने कहा, हमारे यहां आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में भी चुनाव थे। अच्छा माहौल था, लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत, लोगों की भागीदारी, महिलाओं की भागीदारी के मामले में नए रिकॉर्ड बनाए गए।



## अमेरिका में बर्फीली सुनामी

*अमेरिका में बर्फीले तूफान की वजह से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। भारी बर्फबारी के चलते लाखों लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। सड़कों पर बर्फ जम गई है जिसकी वजह से हुए हादसों में लोगों की मौतें भी हुई हैं। बर्फीले तूफान ने अमेरिका के एक दर्जन से अधिक राज्यों को अपनी चपेट में लिया है। मिडिल अमेरिका के कैनसस से लेकर पूर्वी तट पर न्यू जर्सी तक छह करोड़ से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।*

## मैक्रो का आरोप मस्क कई देशों के चुनाव में देते हैं दखल



**पेरिस।** टेस्ला चीफ इलॉन मस्क लगातार दुनिया के भर के मुद्दों पर राय जाहिर करते हैं। मस्क कुछ देशों में राइट विंग की पार्टियों का भी खुलकर समर्थन करते हैं। इसे लेकर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मस्क की आलोचना की है। सीएनएन के मुताबिक मैक्रों ने सोमवार को मस्क का नाम लिए बिना कहा कि वे कई देशों के चुनाव में दखल दे रहे हैं। मस्क ने अभी तक इस बयान पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है। यह भी साफ नहीं है कि मस्क फ्रांस में राइट विंग पार्टी को सपोर्ट देंगे या नहीं। ये पहली बार नहीं है जब मस्क के खिलाफ किसी ग्लोबल लीडर ने बयान दिया हो। सोमवार को ही नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर ने कहा था कि वो यूरोपीय देशों के आंतरिक मामलों में मस्क के हालिया बयानों से काफी चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और सहयोगी देशों में ऐसी चीजें नहीं होनी चाहिए। मस्क और मैक्रों के संबंध अच्छे रहे हैं। पिछले महीने नोट्रेडम कैथेड्रल को दोबारा खोले जाने के मौके पर मैक्रों ने मस्क को आमंत्रित किया था। मस्क और मैक्रो के संबंध अच्छे रहे हैं। पिछले महीने नोट्रेडम कैथेड्रल को दोबारा खोले जाने के मौके पर मैक्रो ने मस्क को आमंत्रित किया था। जर्मन चांसलर ने मस्क को बताया ट्रोल इससे पहले जर्मनी की सत्ताधारी पार्टी मस्क पर फेडरल इलेक्शन को प्रभावित करने का आरोप लगा चुकी है। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने रविवार को मीडिया से एक सवाल के जवाब में मस्क को ट्रोल कह दिया था। उन्होंने कहा कि मैं मस्क का समर्थन नहीं करता और न ही ट्रोल को बढ़ावा देता हूं। दरअसल, जर्मनी में फरवरी में चुनाव हैं। इसमें मस्क खुलकर विपक्षी पार्टी अल्टरनेटिव फर ड्यूशलैंड (AFD) का समर्थन कर रहे हैं। मस्क ने हाल ही में सोशल मीडिया पर कहा- जर्मनी को केवल एएफडी ही बचा सकती है।

## अमेरिकी एनएसए की भारत यात्रा से ड्रेगन हुआ परेशान

### नई दिल्ली-बीजिंग के बीच दरार पैदा कर फायदा उठाएगा अमेरिका : चीनी थिंक टेंक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन के भारत दौरे ने चीनी थिंक टैंक को असहज कर दिया है। चीन को लगता है कि अमेरिका अपने रणनीतिक हितों को पूरा करने के लिए भारत के साथ रिश्ते गाढ़े कर रहा है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स में एक लेख में एक चीनी थिंक टैंक ने कहा है कि भारत के पास पर्याप्त रणनीतिक विवेक है जिसका अमेरिका द्वारा आसानी से फायदा नहीं उठाया जा सकता।

**एनएसए की पीएम मोदी से मुलाकात:** भारत दौरे पर आए जैक सुलिवन ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इससे पहले उन्होंने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा



सलाहकार अजित डोभाल से भी भेंट की थी। गौरतलब है कि अमेरिका के मौजूदा राष्ट्रपति बाइडेन अब मात्र दो सप्ताह से भी कम समय के लिए व्हाइट हाउस में रहेंगे। अपनी विदाई के मौके पर बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन ने एक कद्दावर अफसर को भारत भेजकर दोनों देशों के बीच संबंधों की अहमियत की ओर इशारा किया है।

### भारत की परमाणु ऊर्जा कंपनियों से पाबंदियां हटेंगी

जैक सुलिवन ने भारत के लिए महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि अमेरिका भारत की परमाणु ऊर्जा कंपनियों से पाबंदियां हटाने जा रहा है। अब अमेरिका नागरिक परमाणु सहयोग की प्रतिबंधित सूची से भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और इंदिरा गांधी आणविक अनुसंधान केंद्र को बाहर कर देगा। इससे भारत में परमाणु ऊर्जा के व्यापक इस्तेमाल को बढ़ावा मिलेगा। भारत-अमेरिका के बीच इस सहयोग पर सिन्हुआ विश्वविद्यालय के नेशनल स्ट्रैटेजी इंस्टीट्यूट में रिसर्च डिपार्टमेंट के निदेशक कियान फेंग ने टिप्पणी की है कि चीन-भारत के बीच दरार चाहता है। उन्होंने ग्लोबल टाइम्स से कहा, चीन-भारत संबंधों में हाल में आए सुधार को देखते हुए, अमेरिका को चिंता है कि इससे चीन को कंट्रोल करने में भारत की भूमिका कमजोर हो सकती है, इसलिए, अमेरिका इस अवसर का उपयोग भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने, सहयोग की नींव को पुष्ट करने में करना चाहता है।

### क्षेत्रीय उथल-पुथल पैदा करना चाहता है अमेरिका

चाइना फॉरेन अफेयर्स यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर ली हाईडोंग ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि भारत चीन को लेकर नीति में टकराव वाला रवैया बनाए रखे। ली हाईडोंग ने सोमवार को ग्लोबल टाइम्स से कहा कि वाशिंगटन चाइना थ्रेट की कहानी को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर अपनी अहमियत और विशेषता उजागर करना चाहता है। अमेरिका का उद्देश्य स्वयं के रणनीतिक हितों की पूर्ति के लिए क्षेत्रीय उथल-पुथल पैदा करना है। ली हाईडोंग, प्रोफेसर, चाइना फॉरेन अफेयर्स यूनिवर्सिटी प्रोफेसर हाईडोंग ने कहा कि सामरिक स्थिरता का ये डर पैदा करना चीन-भारत संबंधों के प्रति अमेरिका के दृष्टिकोण की खासियत को बताता है. इसका उद्देश्य स्वयं के रणनीतिक हितों की पूर्ति के लिए क्षेत्रीय उथल-पुथल पैदा करना है।

## आतिशी का आरोप-केंद्र ने सीएम आवास से निकाला

### पीडब्ल्यूडी का जवाब- आतिशी कभी सीएम हाउस में रहने ही नहीं आईं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली की सीएम आतिशी ने आरोप लगाया है कि केंद्र की भाजपा सरकार ने उन्हें सीएम आवास से निकाल दिया। यह तीन महीने में दूसरी बार है, जब उन्हें सीएम आवास से निकाला गया। मंगलवार को आतिशी, आप सांसद संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। आतिशी ने कहा कि सोमवार रात केंद्र की भाजपा सरकार ने मेरे सरकारी आवास से मेरा सामान निकालकर फेंक दिया। ये तीन महीने में दूसरी बार हुआ है। आतिशी बोलीं कि एक चिट्ठी भेजकर सीएम आवास का अलॉटमेंट कैंसिल किया और एक चुनी हुई मुख्यमंत्री से सीएम आवास छीन लिया। भाजपा को लगता है कि घर छीनने से, हमारे साथ गाली-गलौच करने से, मेरे परिवार के बारे में निचले स्तर की बातें करने से ये हमारे वो काम रोक देंगे, जो हम दिल्लीवालों के लिए कर रहे हैं। मैं बताना चाहती हूं कि घर छीनने से, गालियां देने से काम रुकेंगे नहीं। अगर जरूरत पड़ी, तो मैं आपके घर आकर रहूंगी और आपके घर से दिल्लीवालों के लिए काम करूंगी।

### सीएम आवास की हो रही जांचः पीडब्ल्यूडी

इसके कुछ देर बाद पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (पीडब्ल्यूडी) ने एक लेटर जारी कर आतिशी दावों को खारिज कर दिया। पीडब्ल्यूडी ने लिखा, सीएम आवास की जांच भी चल रही है। हाल ही में डायरेक्टोरेट ऑफ विजिलेंस ने बंगले के निर्माण और नवीनीकरण से जुड़े कुछ आरोपों पर तथ्यात्मक जानकारी मांगी है। पीडब्ल्यूडी इस मामले से संबंधित इन्वेंट्री को वेरिफाई कर रहा है। पीडब्ल्यूडी ने कहा कि आतिशी कभी मुख्यमंत्री निवास में रहने ही नहीं आईं। पीडब्ल्यूडी ने कहा कि आतिशी से कई बार 6-फ्लैगस्टाफ रोड का पजेशन लेने को कहा गया, लेकिन वे नहीं मानीं। आतिशी को दो नए आवासों का प्रस्ताव भी दिया गया था। इनमें से एक राज निवास लेन और दूसरा दरियागंज में है। नियमों के मुताबिक, जिसे आवास अलॉट किया गया है, वह अगर हैबिटेबिलिटी सर्टिफिकेट जारी होने के पांच वर्किंग डे के अंदर घर का भौतिक कब्जा नहीं लेता, तो आवंटन खुद ही रद्द हो जाता है।

## लोहगढ़ में बनेगा बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक, खर्च होंगे 74 करोड़



**चंडीगढ़, जेएनएन।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोहगढ़ परियोजना विकास समिति की बैठक की संयुक्त रूप से अध्यक्षता की। समिति का गठन यमुनानगर के लोहगढ़ में बनने वाले विश्वस्तरीय बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक के विकास की देखरेख के लिए किया गया है। हरियाणा सरकार ने लोहगढ़ में बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक की प्रगति की निगरानी के लिए लोहगढ़ परियोजना विकास केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्री और हरियाणा के सीएम बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक लोहगढ़ और कुरुक्षेत्र में सिख संग्रहालय के निर्माण के संबंध में चंडीगढ़ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की उनके साथ में डॉ. अरविंद कुमार शर्मा और कंवर पाल और सुभाष सुधा भी थे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल समिति के मुख्य संरक्षक जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इसके अध्यक्ष हैं।

## नए आपराधिक कानूनों का हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन : सीएम शर्मा



**जयपुर,जेएनएन।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश में लागू तीन नवीन कानूनों में सजा की तुलना में न्याय पर अधिक जोर दिया गया है। नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम हमारे संविधान की मूल भावना के अनुसार बनाए गए हैं। ये कानून आमजन को शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री के कहा कि नवीन आपराधिक विधि में आपराधिक मामले के महत्वपूर्ण चरणों के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है जिससे पीड़ित को त्वरित न्याय मिल रहा है। साथ ही पीड़ित को अपने साथ हुए अपराध की रिपोर्ट संबंधित क्षेत्र के थाने में दर्ज कराने की बाध्यता से मुक्ति मिली है।

## चंडीगढ़ में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले दागे



**चंडीगढ़, जेएनएन।** बंदी सिखों की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मंगलवार को चंडीगढ़ कूच की कोशिश की। कौमी इंसाफ मोर्चे के 2 साल पूरे होने पर मोहाली में कार्यक्रम रखा गया था। इसी दौरान कुछ प्रदर्शनकारी पुलिस को चकमा देकर चंडीगढ़ में घुस गए। चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर और अन्य अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को सेक्टर-43 में रोक लिया। पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले दागे और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इस प्रदर्शन में चंडीगढ़ सेक्टर-11 थाने के एसएचओ जयवीर राणा समेत 3 कर्मी घायल हुए हैं। 4 बसों में भरकर प्रदर्शनकारियों को थाने ले जाया गया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने लौटने का ऐलान किया।

## एंबेसेडर बाबा पहुंचे कुंभ, कार ही इनका घर...

**प्रयाराज, जेएनएन।** महाकुंभ की शुरुआत 13 जनवरी से हो रही है। श्रद्धालुओं के आगमन के लिए संगम नगरी तैयार है। इस दौरान करोड़ों श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाएंगे। कुंभ में एक से बढ़कर एक बाबा पहुंच रहे हैं। योगी और हठयोगी से लेकर ऐसे बाबा भी हैं जिन्होंने घर तो छोड़ दिया, लेकिन अपनी एंबेसडर कार को ही अपना घर बना लिया। ऐसे ही एक बाबा हैं महंत राजगिरी। इंदौर से महाकुंभ में आए महंत राजगिरी ने यूं तो महाकुंभ में अपनी कुटिया डाल रखी है, लेकिन इनके साथ खड़ी भगवा रंग की पुरानी एंबेसडर कार सबसे ज्यादा चर्चा में बनी हुई है। लोग महंत राज गिरी को टार्जन बाबा या एंबेसडर कार वाले बाबा के नाम से भी बुलाते हैं।






### 40 साल पहले दान में मिली थी कार

इस बाबा ने एंबेसडर कार को अपना ठिकाना बना लिया है। यह कार महंत राजगिरी को 35-40 साल पहले दान में मिली थी। उसके बाद से ही ये कार बाबा का ठिकाना है। बाबा जहां भी जाते हैं, इस कार में ही जाते हैं। इस कार ने उनके लिए एक चलते फिरते आश्रम का रूप ले लिया है। इसमें उन्हें आत्मिक शांति और संतोष मिलता है।

### क्या है कार की खासियत?

इस एंबेसडर कार की कुछ खासियत है। बाबा ने जुगाड़ से इसे अपने रहने के मुताबिक बना लिया है। एक पंखा बाहर की तरफ फिट है और अंदर पाइप से जुड़ा हुआ एक चेंबर है। बाबा ने इसे एसीकार बना दिया है। इस कार के आगे दोनों हेडलाइट पर आंखें बना दी है और कार की छत को मचान बना दिया है, जो चलता फिरता पलंग है। जहां इच्छा हुई, गाड़ी लगाई और छत पर सो लिया।


## मेडिकोलीगल की प्रभारी डायरेक्टर डॉ. नीलम सस्पेंड

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** वित्तीय अनियमितता, अनुशासनहीनता के चलते शासन ने मेडिकोलीगल संस्थान भोपाल की प्रभारी डायरेक्टर डॉ. नीलम श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक डॉ. शशिकांत शुक्ला को मेडिकोलीगल का भी प्रभार सौंपा गया है। जानकारी अनुसार गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में डॉ. नीलम को नियम व प्रक्रियाओं का पालन न करने, रिटायरमेंट के बाद देयकों में मनमानी तरीके से वृद्धि करने, शासन के दिशा निर्देशों की अवहेलना करने तथा अनुशासनहीनता के चलते मप्र सिविल सेवा नियम का दोषी पाया गया है, जिस कारण उन्हें निलंबित किया गया है। इसके अलावा शासन ने मेडिकोलीगल के सहायक ग्रेड 2 कर्मचारी आरके वर्मा को भी निलंबित किया गया है। शासन ने वर्मा को डॉ. नीलम की मदद करने का दोषी माना है। **पूर्व डायरेक्टर ने कोर्ट में की थी शिकायत:** गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में मेडिकोलीगल के पूर्व संचालक डॉ. अशोक शर्मा का जिक्र है। डॉ. अशोक शर्मा ने मेडिकोलीगल में डॉ. नीलम श्रीवास्तव की पदस्थाना, उनके द्वारा की जा रहीं वित्तीय अनियमितता की शिकायत हाइकोर्ट में की थी। उच्च न्यायालय ने सुनवाई के दौरान निर्णय डॉ. अशोक शर्मा के हित में सुनाया है।

**जरा हट के** | भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 1950 के दशक में जारी नोटों की हुई नीलामी

## 100 का नोट 56 लाख में, 10 का नोट 12 लाख रुपए में बिका

**नई दिल्ली।** लंदन में एक अनोखी नीलामी हुई। इसमें 100 रुपये के भारतीय नोट की कीमत 56,49,650 रुपये रही। इस नोट को भारतीय रिजर्व बैंक ने 1950 के दशक में जारी किया था, जिसका सीरियल नंबर एचए 078400 था। ये कोई साधारण नोट नहीं था। यह 'हज नोट' के नाम से जानी जाने वाली एक खास श्रृंखला का हिस्सा था। 20वीं सदी के मध्य में आरबीआई ने ये नोट खास तौर पर हज यात्रा के लिए खाड़ी देशों की यात्रा करने वाले भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए जारी किए थे। सोने की अवैध खरीदारी को रोकने के लिए इसको जारी किया गया था। इन नोटों में नंबर से पहले एक यूनिक प्रीफिक्स 'एचए' लगा हुआ था, जिससे उन्हें आसानी से



पहचाना जा सकता था। ये नोट स्टैंडर्ड भारतीय मुद्रा नोटों से रंग में अलग थे। हालांकि वे कुछ खाड़ी देशों में वैलिड थे, जहां भारतीय रुपया स्वीकार किया जाता था। जैसे कि संयुक्त अरब अमीरात, कतर, बहरीन, कुवैत और ओमान, लेकिन वे भारत के भीतर वैध नहीं थे।

### दुर्लभ हैं यह नोट

1961 में कुवैत ने अपनी मुद्रा शुरू की, उसके बाद अन्य खाड़ी देशों ने भी इसे शुरू किया। इससे पहले कुवैत में भारतीय मुद्रा ही इस्तेमाल होते थे। नतीजा ये हुआ कि 1970 के दशक में हज नोट जारी करना बंद कर दिया गया। आज, इन नोटों को दुर्लभ माना जाता है और मुद्रा संग्राहकों के बीच इनका काफी महत्व है, इनका मूल्य स्थिति और दुर्लभता जैसे कारकों पर निर्भर करता है।

### ऐतिहासिक युग से जुड़े होने से ये नोट काफी लोकप्रिय

लंदन में एक अन्य नीलामी में 10 रुपये के दो पुराने नोटों की असाधारण कीमत लगी, जिनमें से एक की कीमत 6.90 लाख रुपये और दूसरे की कीमत 5.80 लाख रुपये थी। ये नोट कोई साधारण मुद्रा नहीं हैं, बल्कि ऐतिहासिक युग से जुड़े हैं, जिसकी वजह से ये काफी लोकप्रिय हैं। 25 मई, 1918 को जारी किए गए इन नोटों का ऐतिहासिक महत्व बहुत ज्यादा है, क्योंकि ये प्रथम विश्व युद्ध के अंतिम वर्षों के हैं। इनके आकर्षण में ब्रिटिश जहाज एसएस शिराला से इनका संबंध भी शामिल है। 2 जुलाई, 1918 को एसएस शिराला को एक जर्मन यू-बोट ने टारपीडो से उड़ा दिया था, जिसकी वजह से यह डूब गया था। जहाज के मलबे और इतिहास से इसके संबंध इन नोटों को असाधारण रूप से महत्वपूर्ण बनाते हैं।

## युवाओं को सेना-पुलिस का प्रशिक्षण दिलाएगी सरकारः सारंग

### आज होगा युवा उत्सव का समापन, सीएम करेंगे अभियान का शुभारंभ



**विसं, भोपाल ।** खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि प्रदेश युवाओं को सेना, पुलिस और पैरा मिलिट्री का सरकार द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। इसके लिए बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इसकी शुरुआत करेंगे। सारंग मंगलवार को पत्रकारों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विगत एक वर्ष में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों पर निरंतर कार्य किया जा रहा है।

वर्तमान में चरणबद्ध रूप से 28वां राष्ट्रीय युवा उत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसमें चयनित युवा प्रधानमंत्री मोदी के साथ भेंट कर राष्ट्र की प्रगति के लिए नये विचार रखेंगे। प्रथम चरण में डिजिटल क्विज25 नवंबर से 10 दिसंबर, 2024 तक माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन किया गया है। इसमें देश में मध्यप्रदेश के सर्वाधिक 1.79 लाख युवाओं द्वारा सहभागिता की गई। द्वितीय चरण में निबंध लेखन प्रतियोगिता में 10 टॉपिक पर ऑनलाईन कुल 1986 निबंध प्राप्त हुए। प्रत्येक टॉपिक से 25 प्रतिभागियों सहित कुल 250 प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। तृतीय चरण में द्वितीय चरण के चयनित 250 युवाओं द्वारा राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में 10 टॉपिक पर प्रेजेंटेशन किया गया। इसमें 45 प्रतिभागी चयनित किए गए।

### भारत मंडपम में करेंगे सहभागिता

सारंग ने बताया कि अगले और अंतिम चतुर्थ चरण भारत मंडपम नई दिल्ली में प्रदेश के तृतीय चरण में चयनित 45 प्रतिभागी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में 11 व 12 जनवरी, 2025 में सहभागिता के लिये प्रधानमंत्री श्री मोदी के समक्ष विकसित भारत के निर्माण में अपने दृष्टिकोण और विचार प्रस्तुत करेंगे। युवा उत्सव में प्रदेश के जिलों, संभागों के साथ ही राज्य स्तरीय युवा उत्सव का विशेष आयोजन किया गया है। इस वर्ष युवा उत्सव का आयोजन कुल 7 विधाओं यथा समूह लोकगीत, समूह लोक गायन, पेटिंग, भाषण, विज्ञान मेला, कहानी लेखन एवं कविता लेखन में किया गया था।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

78.199

+ 256

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| ONGC | 267.40 | 3.59% |
| SBI Life Insura | 1,490.80 | 3.00% |
| HDFC Life | 620.70 | 2.29% |
| Tata Motors | 796.95 | 2.19% |
| Reliance | 1,221.25 | 1.88% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| HCL Tech | 1,908.90 | -1.90% |
| Trent | 6,838.35 | -1.77% |
| TCS | 4,011.55 | -1.63% |
| Eicher Motors | 5,166.50 | -1.39% |
| Hero Motocorp | 4,155.30 | -0.97% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 85.71 |
| € यूरो | 89.40 |
| ¥ येन | 05.40 |
| £ पौंड | 107.69 |

# भारत विश्व का दूसरा बड़ा सोना खरीदार स्वर्ण भंडार बढ़कर 876 टन पर पहुंचा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सोने में निवेश हमेशा से सुरक्षित और भरोसेमंद माना गया है। सोने के प्रति भारतीयों की दिवानगी किसी से छिपी नहीं है। भारतीय महिलाओं के पास इतना सोना है कि कई देश मिलकर भी उसकी बराबरी नहीं कर सकते हैं। दुनिया के कुल गोल्ड रिजर्व का 11 फीसदी अकेले भारतीय महिलाओं के पास है। सिर्फ महिलाएं ही नहीं भारतीय रिजर्व बैंक सोने ने भी सोने की खरीदारी बढ़ा दी है। आरबीआई ने नवंबर 2024 में 8 टन सोना खरीदकर नया रिकॉर्ड बनाया है।

### गोल्ड खरीदी में चीन को दी मात

नवंबर 2024 में भारत ने 8 टन सोना खरीदा, जबकि पीपल्स बैंक ऑफ चाइना ने छह महीने के अंतराल के बाद नवंबर में 5 टन सोना खरीदा। जहां साल 2024 में उसकी कुल खरीद बढ़कर 34 टन हो गई। तो वहीं भारत ने नवंबर में 8 टन सोना खरीदा और साल 2024 में उसकी कुल खरीदारी करीब 73 टन के पास पहुंच गई, यानी चीन से दोगुने से भी ज्यादा। हालांकि गोल्ड रिजर्व के मामले में चीन हमसे आगे हैं। चीन के केंद्रीय बैंक के पास कुल 2,264 टन सोने का भंडार है। जबकि भारत का कुल स्वर्ण भंडार 876 टन तक पहुंच गया। भारत का स्वर्ण भंडार इस समय औसत से कई गुणा अधिक है।

### आरबीआई क्यों खरीद रहा है सोना



'वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई जानकारी के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नवंबर 2024 में और आठ टन सोना खरीदा है। दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने नवंबर महीने के दौरान 53 टन कीमती धातु की सामूहिक खरीद जारी रखी है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी चुनाव के बाद नवंबर के दौरान सोने की कीमतों में गिरावट ने कुछ केंद्रीय बैंकों को कीमती धातु जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया। आरबीआई ने दूसरे केंद्रीय बैंकों की तरह, सुरक्षित संपत्ति के रूप में सोना खरीद रहा है।

### क्यों जरूरी है सोना

सोना रखने की रणनीति भू-राजनीतिक तनावों से उत्पन्न अनिश्चितता के समय में मुख्य रूप से मुद्रास्फीति के खिलाफ बचाव और विदेशी मुद्रा जोखिमों को कम करने के उद्देश्य से है। आरबीआई ने पोलैंड के बाद वर्ष के दौरान दूसरा सबसे बड़ा खरीदार होने का अपना स्थान बनाए रखा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने अपने भंडार में पांच टन सोना जोड़कर छह महीने के गैप के बाद सोने की खरीद फिर से शुरू की है और सालाना आधार पर शुद्ध खरीद को बढ़ाकर 34 टन कर दिया है। इसी के साथ, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने अपने कुल सोने के भंडार को 2,264 टन कर दिया है।

### सिंगापुर सोने का सबसे बड़ा विक्रेता

इस बीच, सिंगापुर मौद्रिक प्राधिकरण ( एमएएस ) महीने का सबसे बड़ा विक्रेता था, जिसने अपने सोने के भंडार को 5 टन कम कर दिया, जिससे सालाना आधार पर शुद्ध बिक्री 7 टन और कुल सोने की होल्डिंग 223 टन हो गई। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार, आरबीआई की सोने की खरीद 2023 की इसी अवधि में खरीदी गई कीमती धातु की मात्रा से पांच गुना बढ़ गई है।

# दिसंबर 2024 में सबसे ज्यादा दो पहिया वाहनों की हुई बिक्री



**मुंबई, जेएनएन।** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन की ओर से वाहनों की बिक्री को लेकर रिपोर्ट जारी की गई है। फाडा की ओर से जारी की गई रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में दिसंबर 2024 के दौरान कुल 1756419 यूनिट्स वाहनों की बिक्री हुई है। जिसमें दो पहिया, तीन पहिया, निजी वाहन, कमर्शियल वाहनों के साथ ही ट्रैक्टर भी शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा बिक्री दो पहिया वाहन सेगमेंट में हुई है। इसके बाद निजी वाहन की बिक्री सबसे ज्यादा दर्ज की गई है।

### किस सेगमेंट में कितनी बिक्री

फेडरेशन ऑफ ऑटोमबाइल डीलर्स एसोसिएशन की रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में 1197742 यूनिट्स दो पहिया वाहनों की बिक्री हुई है। इसके बाद निजी वाहनों की बिक्री 293465 यूनिट्स की रही है। तीन पहिया सेगमेंट में दिसंबर 2024 के दौरान कुल 93892 यूनिट्स वाहनों की बिक्री हुई है। कमर्शियल वाहनों की बीते महीने में 72028 यूनिट्स बिक्री हुई। ट्रैक्टर सेगमेंट में 99292 यूनिट्स की बिक्री बीते महीने में हुई है।

### किसमें कितनी गिरावट

फाडा की रिपोर्ट के मुताबिक ईयर ऑन ईयर बेसिस के साथ ही मंथली बेसिस पर भी बिक्री में गिरावट दर्ज की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक मंथली बेसिस पर 45 फीसदी से ज्यादा और ईयरली बेसिस पर 12 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है। सबसे ज्यादा गिरावट दो पहिया सेगमेंट में देखने को मिली है। इस सेगमेंट में मंथली बेसिस पर 54.21 फीसदी की नेगेटिव ग्रोथ और ईयरली बेसिस पर 17.64 फीसदी की कमी आई है। पैसेंजर कार सेगमेंट में मंथली बेसिस 8.85 फीसदी और ईयरली बेसिस पर 1.97 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई है।

# ट्रेडिंग अकांउट को लेकर सेबी का नया नियम, फंड ट्रांसफर करना होगा आसान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने 30 दिनों तक बंद रहे क्लाइंट अकाउंट्स के सेटलमेंट नियमों में ढील देने का फैसला किया है। सेबी के नए नियमों के अनुसार, यदि किसी क्लाइंट ने 30 कैलेंडर दिनों के बाद और आगामी मासिक सेटलमेंट अवधि की तारीख से पहले ट्रेड किया है, तो उसका सेटलमेंट वार्षिक कैलेंडर में एक्सचेंज द्वारा सूचित तारीखों पर किया जा सकता है.सोमवार को सेबी द्वारा जारी एक सर्कुलर में कहा गया, यदि क्लाइंट 30 दिनों के बाद और मासिक रनिंग अकाउंट सेटलमेंट साइकिल की आगामी तारीखों से पहले ट्रेड करता है, तो क्लाइंट के खाते का सेटलमेंट ट्रेडिंग सदस्य द्वारा क्लाइंट की त्रैमासिक/मासिक सेटलमेंट पसंद के अनुसार किया जाएगा। 16 जून 2021 के एक सर्कुलर के अनुसार, जिन क्लाइंट्स ने पिछले 30 दिनों में कोई लेनदेन नहीं किया है, उनके खातों को ट्रेडिंग मेंबर द्वारा अगले तीन कार्यदिवसों के भीतर सेटल करना आवश्यक था। सेबी के इस नियम पर ब्रोकर्स' इंडस्ट्री स्टैंडर्ड्स फोरम द्वारा आपत्ति जताई गई थी। फोरम ने कहा कि मौजूदा नियम के तहत ट्रेडिंग मेंबर्स को ऐसे क्लाइंट्स की रोजाना पहचान करनी पड़ती थी।

# महंगाई के मुकाबले कम हो रही सैलरी ग्रोथ, लोगों की घट रही क्रय शक्ति

**नई दिल्ली, जेएनएन।** महंगाई बढ़ने का असर केवल लोन की ब्याज दर या मकान की कीमत पर ही नहीं पड़ता। इसका असर हर सेक्टर पर देखा जाता है। पिछले दिनों एक रिपोर्ट से साफ हुआ कि लोगों की सैलरी ग्रोथ महंगाई के मुकाबले कम हो रही है। इसका असर यह हो रहा है कि लोगों की परचेजिंग पावर कम हो रही है। इसका असर देश की जीडीपी पर भी देखा जा रहा है। लगातार बढ़ रही महंगाई से आम आदमी से लेकर खास तक परेशान हैं। सरकार और आरबीआई की तरफ से लगातार की जा रही कोशिश के बावजूद महंगाई एक निश्चित दायरे में रोकना मिश्किल हो रहा है। यह महंगाई का ही असर है कि इंडियन कस्टमर छोटे-छोटे पैके में चीजें खरीद रहे हैं। ग्रॉसरी और घरेलू सामान की बढ़ती कीमत का असर लोगों के घरेलू बजट पर देखा जा रहा है। साबुन, स्नैक्स और चाय जैसी चीजों पर महंगाई का असर सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के एनालिटिस्ट ने एक प्रेस नोट में बताया कि पाम ऑयल साल-दर-साल के आधार पर करीब 30 प्रतिशत महंगा हो गया है।



### शहरों में गिरी बिक्री की भरपाई गांवों से नहीं होगी

मारिको के एमडी और सीईओ सौगात गुप्ता टीओआई से कहा कि हम एक या दो बार दाम और बढ़ाने के प्रोसेस में हैं और यह काफी होना चाहिए. रोजमर्रा के यूज के लिए एमएमसीजी प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनियों की बिक्री शहरों में कम हो रही है, जिससे उनकी ग्रोथ में गिररावट आई है। हालांकि, गांवों में अच्छी बारिश होने के कारण वहां बिक्री बढ़ रही है लेकिन, यह बढ़ोतरी धीरे-धीरे हो रही है और इससे शहरों में होने वाली कम बिक्री की भरपाई नहीं हो पा रही है। सामान के दाम काफी बढ़ गए हैं, इसलिए कंपनियां भी कीमतें कम नहीं कर सकतीं।

### कंपनियों ने कीमत में इजाफा किया

महंगाई के कारण एफएमसीसी प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनियों ने पिछली तिमाही में कीमत में इजाफा किया। हिंदुस्तान यूनिलीवर और गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स जैसी कंपनियों ने साबुन की कीमत पर करीब 10 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। इसके अलावा बीकाजी और टाटा कंज्यूमर जैसी कंपनियों ने भी स्नैक्स और चाय की कीमत में इजाफा किया है। जानकारों का कहना है कि कुछ कंपनियों की तरफ से मौजूदा तिमाही में और भी कीमत बढ़ने की उम्मीद है।

# बड़े शहरों में मकानों की जोरदार खरीदी पिछले 12 वर्षों का टूट गया रिकार्ड

**नई दिल्ली, जेएनएन।** घरों की बिक्रीको लेकर पिछले 12 सालों का रिकॉर्ड टूट गया है। साल 2024 में भारत के 8 बड़े शहरों में घरों की बिक्री में 7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। साल 2024 में कुल 3,50,613 यूनिट्स घरों की बिक्री दर्ज हुई है। पिछले महीने रियल एस्टेट कंसल्टेंट अनारॉक ने रिपोर्ट जारी किया था। मंगलवार को एक वर्चुअल कॉन्फ्रेस में नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर शिशिर बैजल ने बताया कि भारतीय रियल एस्टेट बाजार में 2-5 करोड़ तक के घरों की डिमांड बहुत ज्यादा रही है।



### इन सेगमेंट के घरों में सालाना बढ़ोतरी

हैदराबाद और पुणे ने सभी समय का सबसे ऊंचा स्तर छुआ है। वहीं, मुंबई ने 13 साल का हाईएस्ट रिकॉर्ड दर्ज किया। बैजल ने कहा कि महंगे घरों की बिक्री में जोर था। यह खासकर 2 से 5 करोड़ रुपए वाले सेगमेंट में सालाना बढ़ोतरी 85 प्रतिशत रहा है। 50 लाख से कम और 50 लाख से 1 करोड़ वाले घरों की बिक्री में कमी आई है। उन्होंने बताया कि साल 2020 के बाद से रेजिडेंशियल मार्केट में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। साल 2024 में यह बिक्री 12 साल के हाईएस्ट स्तर पर पहुंची है।

### आठ बड़े शहरों में बिक्री सात फीसदी बढ़ी

साल 2024 में भारत के 8 बड़े शहरों में घरों की बिक्री में 7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। साल 2024 में कुल 3,50,613 यूनिट्स घरों की बिक्री दर्ज हुई है। 2 से 5 करोड़ रुपए वाले सेगमेंट में सालाना बढ़ोतरी 85 प्रतिशत रहा है। हैदराबाद और पुणे ने सभी ऑल टाइम रिकॉर्ड स्तर को छुआ है। बैजल के अनुसार प्रिमियमाइजेशन ट्रेंड बढ़ा है। ऐसा इसलिए क्योंकि बाजार अब हाई वैल्यू वाले घरों की ओर बढ़ रहा है। यह कंज्यूमर की बढ़ती लाइफस्टाइल जरूरतों को पूरा करने के लिए बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि बाजार के स्वास्थ्य संकेतक, स्थिर आर्थिक स्थिति और ब्याज दरों के साथ मजबूत विकास की दिशा में यह बाजार अगले साल भी अच्छा प्रदर्शन कर सकता है।

# भारत में 3 अरब डॉलर का निवेश करेगी माइक्रोसॉफ्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** माइक्रोसॉफ्ट भारत में अपनी क्लाउड कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षमताओं का विस्तार करने के लिए दो साल में तीन अरब डॉलर (लगभग 25,700 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। कंपनी के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला का कहना है कि अमेरिकी टेक कंपनी 2030 तक भारत में एक करोड़ लोगों को एआई में ट्रेनिंग भी देगी। नडेला ने कहा कि प्रस्तावित तीन अरब डॉलर का निवेश कंपनी की तरफ से किया जाने वाला अब तक सबसे बड़ा निवेश होगा। नडेला ने अपने भारत दौरे के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की है। माइक्रोसॉफ्ट अपनी क्लाउड कंप्यूटिंग सर्विसेज एज्योर के तहत उपलब्ध कराता है। कंपनी के पास 60 से अधिक एज्योर क्षेत्र हैं, जिनमें 300 से अधिक डेटा सेंटर शामिल हैं। नडेला आखिरी बार फरवरी, 2024 में भारत आए थे और तब उन्होंने कहा था कि कंपनी 2025 तक देश में 20 लाख लोगों को एआई स्किल का अवसर प्रदान करेगी। इसका उद्देश्य मुख्य तौर पर छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्र के व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने पर था। नडेला ने कहा, भारत एआई इनोवेशन में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इससे देशभर में नए अवसर पैदा हो रहे हैं। आज हम बुनियादी ढांचे और कौशल में निवेश का एलान कर रहे हैं, जो भारत को एआई-फर्स्ट बनाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि कि देशभर में लोगों और संगठनों को व्यापक रूप से इसका लाभ मिले।

# जोमैटो के शेयर हुए धड़ाम, जेफरीज ने घटाई रेटिंग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** फूड डिलीवरी एग्रीगेटर जोमैटो के शेयर 7 जनवरी को लगभग 5 फीसदी तक गिर गए। यह ट्रेड के दौरान 251.55 रुपये के लो-लेवल तक आ गया था। इसकी वजह ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज की रिपोर्ट है। जेफरीज ने जोमैटो के स्टॉक के लिए रेटिंग और टारगेट प्राइस घटा दिया है। जेफरीज ने जोमैटो स्टॉक के लिए अपनी रेटिंग को 'Buy' से घटाकर 'Hold' कर दी है। उसने टारगेट प्राइस भी 335 रुपये से कम करके 275 रुपये प्रति शेयर कर दिया है। यही वजह है कि जोमैटो के शेयरों में भारी बिकवाली देखने को मिल रही है। ब्रोकरेज फर्म का कहना है कि क्विक कॉमर्स सेगमेंट में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, जहां से जोमैटो के मुनाफे का एक बड़ा हिस्सा आता है। इस सेगमेंट में जोमैटो के ब्लिंकिट का मुकाबला स्विगी के इंस्टामार्ट, जेप्टो और अमेजन जैसी कंपनियों से है। अगर ब्लिंकिट उनसे मुकाबले के डिस्काउंट बढ़ाती है, तो उसका मुनाफा घट सकता है। जेफरीज का मानना है कि 2025 में जोमैटो के शेयरों कंसॉलिडेशन देखने को मिल सकता है, क्योंकि 2024 के दौरान इसमें दोगुने से अधिक तेजी आई थी। उसका कहना है कि स्टॉक की वैल्यूएशन ज्यादा महंगी नहीं है। बस क्विक कॉमर्स स्पेस में बढ़ती प्रतिस्पर्धा चिंता पैदा कर रही है। **जोमैटो के शेयरों का क्या हाल है?** जोमैटो के शेयरों ने साल 2024 में काफी शानदार प्रदर्शन किया है। इस दौरान इसने निवेशकों को दोगुने से अधिक रिटर्न दिया। हालांकि, पिछले कुछ समय से इसके शेयरों में गिरावट देखने को मिली है। जोमैटो ने बीते एक महीने में करीब 15 फीसदी का नेगेटिव रिटर्न दिया है। वहीं, पिछले 6 महीने में इससे निवेशकों 22 फीसदी और 1 साल में 90 फीसदी का मुनाफा हुआ है।

## हठ के कारण सूची नहीं हो पा रही जारी, अब फैसला दिल्ली में होगा

# दिग्गज नेता जिलाध्यक्षों की नियुक्ति में बने बैरियर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के कुछ दिग्गज नेता मध्यप्रदेश भाजपा के नए जिलाध्यक्षों की नियुक्तियों के लिए बैरियर बन गए हैं। इन नेताओं के हठ के कारण सूची को जारी नहीं किया जा पा रहा है। अब फैसला दिल्ली से होगा। जानकारी के अनुसार कुछ बड़े जिलों को छोड़कर सभी संगठनात्मक जिलों के लिए अध्यक्षों के नाम तय कर लिए गए हैं, लेकिन भोपाल, सागर, ग्वालियर सहित एक दर्जन जिलों में अपने समर्थकों को जिलाध्यक्ष बनाने के लिए वहां के दिग्गज नेता अड़े हुए हैं। बताया गया है कि ये नेता किसी भी स्थिति में पीछे नहीं हटना चाहते। यह बात दिल्ली पहुंचाई गई, तो वहां से निर्देश आया कि वरिष्ठ नेताओं के बीच सामंजस्य बनाकर फैसला लिया जाए। इसकी वजह से सूची जारी नहीं हो पा रही है। जानकारों का कहना है कि दिग्गज नेता जिलाध्यक्षों के चुनाव के जरिए प्रदेशाध्यक्ष चुनने में अपनी भूमिका को मजबूत बनाना चाहते हैं। दरअसल प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव में जिलाध्यक्षों की रायशुमारी अहम रहेगी। इसलिए ये नेता किसी भी स्थिति में समझौता करने के मूड मेंनहीं बताए जा रहे है।




### सूची लेकर दिल्ली पहुंचे वीडी

प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा रायशुमारी के बाद तैयारी की गई जिलाध्यक्षों की सूची को लेकर मंगलवार को दिल्ली पहुंच गए हैं। उनके साथ प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद भी मौजूद हैं। जानकारों की मानें तो इन नेताओं ने मंगलवार की शाम को प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह के साथ दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं से चर्चा की है। वे राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश के अलावा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष से भी मुलाकात कर सकते हैं। उनकी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडड्ा से भी इस मामले में भेंट हो सकती है।

### केन्द्रीय मंत्रियों से भी करेंगे मुलाकात

दोनों नेता मध्यप्रदेश से आने वाले केन्द्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे और उनसे सहयोग की अपेक्षा करेंगे। बताया जा रहा है कि कई जिलों में इन्हीं केन्द्रीय मंत्रियों की असहमति के कारण जिलाध्यक्षों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। इधर, प्रदेश नेतृत्व ने जिलाध्यक्षों के नामों पर सहमति बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ भी मंथन किया था। लेकिन बात परिणाम तक नहीं पहुंच सकी थी।

### प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए इसी सप्ताह आएंगे प्रधान

ऐसा माना जा रहा है कि जिलाध्यक्षों की पहली सूची जारी होते ही प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव को लेकर प्रक्रिया तेज हो जाएगी। यह भी माना जा रहा है कि प्रदेशाध्यक्ष के लिए बनाए गए चुनाव अधिकारी केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इसी सप्ताह भोपाल आ सकते है। सूत्रों का यह भी कहना है कि यदि जिलाध्यक्षों की सूची जारी नहीं हो सकी तो प्रधान का भोपाल प्रवास आगे बढ़ सकता है। कहा जा रहा है कि पहले प्रधान 8 जनवरी को भोपाल आने वाले थे,लेकिन जिलाध्यक्षों की सूची में देरी की वजह से उनका भोपाल प्रवास आगे बढ़ाया गया है।

### नरोत्तम पहुंचे दिल्ली

इधर पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा भी मंगलवार को दिल्ली पहुंचे हैं। डॉ. मिश्रा को प्रदेशाध्यक्ष पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राकेश सिंह भी दिल्ली प्रवास पर है।


# नीट पीजी में एनआरआई कोटा पर लगी रोक हटी, सीट आवंटन आज

## जबलपुर हाइकोर्ट ने खारिज की याचिका, 152 सीटें डीएमई द्वारा की गई थीं रिजर्व

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।**

जबलपुर हाइकोर्ट ने नीट पीजी काउंसलिंग में एनआरआई कोटा खत्म करने वाली याचिका खारिज कर दी है। इसी के साथ संचालक चिकित्सा शिक्षा को आदेश दिया गया है कि वह जल्द से जल्द एनआरआई कोटा के तहत रिजर्व सीटों का आवंटन योग्य उम्मीदवारों के बीच करें। हाईकोर्ट के आदेश के बाद संचालक चिकित्सा शिक्षा ने एनआरआई कोटा की सीटों के आवंटन की तैयारी शुरू कर दी है। डीएमई की वेबसाइट पर मौजूद नोटिस के मुताबिक 8 जनवरी को एनआरआई कोटा की सीटों का आवंटन किया जाएगा। इसके बाद 9 से 13 जनवरी तक कॉलेज स्तर पर प्रवेश दिए जाएंगे। संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. एके श्रीवास्तव ने बताया कि कोर्ट की आदेश पर अमल शुरू कर दिया गया है।

**पहले राउंड में लगा दी गई थी रोक :** जानकारी अनुसार नीट पीजी स्टेट लेवल काउंसलिंग में एनआरआई कोटा की सीटों को लेकर हाइकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। यह याचिका ओजस यादव द्वारा दायर की गई थी। इसमें मप्र शासन को पार्टी बनाया गया था। याचिका में आरोप लगाया गया था कि मप्र के निजी मेडिकल कॉलेजों की 15 प्रतिशत सीटें एनआरआई कोटा में रिजर्व की गई हैं। याचिकाकर्ता का कहना था कि यह 15 प्रतिशत आरक्षण सिर्फ क्लीनिक विषयों में किया गया है, न कि नॉन क्लीनिक विषयों को भी इसमें जोड़ा गया है। याचिका के चलते हाइकोर्ट ने काउंसलिंग के पहले चरण में एनआरआई कोटा की सीटों के आवंटन पर रोक लगा दी थी।



### इनका कहना

उच्च न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद यह निर्णय दिया है। कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा है कि संचालनालय द्वारा सभी नियमों का पालन करते हुए एनआरआई कोटा में सीटों का आरक्षण किया है। हम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हैं।

**- डॉ. एके श्रीवास्तव, डीएमई मप्र**

### कम नंबर वाले भी बन सकेंगे डॉक्टर

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन (एनबीई) ने मेडिकल कॉलेजों में संचालित पीजी कोर्स में प्रवेश के लिए कट ऑफ पर्सेंटाइल घटा दिया है। अब जनरल और ईडब्ल्यूएस कोटे में 15, एसटी, एससी व ओबीसी कैटेगरी में 10 परसेंटाइल वालों का एडमिशन हो सकेगा। कट ऑफ घटाने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने नीट पीजी स्टेट लेवल काउंसलिंग में दूसरे चरण का सीट आवंटन रोक दिया है। इसके अलावा मंगलवार को नए रजिस्ट्रेशन के लिए फिर से पोर्टल खोलने की सूचना जारी की है। अब नए उम्मीदवार भी 8 से 13 जनवरी तक दूसरे राउंड के लिए रजिस्ट्रेशन के साथ साथ च्वॉइस फिलिंग कर सकेंगे। कट ऑफ घटाने के बाद 10 से 15 परसेंटाइल या इससे अधिक अंक वाले प्रवेश ले सकेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार, देशभर के मेडिकल कॉलेजों में सीटें नहीं भरने के कारण ऐसा निर्णय लिया गया है। प्रदेश में भी काफी सीटें खाली हैं।

### मध्यप्रदेश में 1051 सीटें खाली

नीट पीजी काउंसलिंग के पहले चरण में सिर्फ 473 प्रवेश हुए हैं। जबकि मप्र में पीजी की कुल सीटों की संख्या 1668 है। इनमें 152 सीटें एनआरआई कोटा के लिए रिजर्व हैं। इस आधार पर अभी भी मप्र के निजी व सरकारी मेडिकल कॉलेजों में पीजी की 1051 सीटें खाली हैं। संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि रिक्त सीटों को भरने के लिए काउंसलिंग का दूसरा राउंड आयोजित किया जा रहा है। इसके बाद मॉप अप राउंड होगा और यदि फिर भी सीटें खाली रह जाती हैं तो फिर कॉलेज लेवल काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। आपको बता दें कि मप्र में 20 मेडिकल कॉलेज हैं, जहां पीजी कोर्सेस संचालित किए जा रहे हैं, इनमें 12 सरकारी और 8 निजी मेडिकल कॉलेज हैं।

# हरिजन बस्ती के शासकीय हैंडपंप में अतिक्रमण



## विद्यालय के छात्र, मंदिर आने वाले भक्त और ग्रामीण जल के लिए परेशान

**जागरण, नईगढ़ी।** नईगढ़ी जनपद की ग्राम पंचायत जुड़मनिया मुरली में शासकीय हैंडपंप को बाउंड्री के अंदर कर अतिक्रमण कर लिया गया है। इस हैंडपंप से आस पास दर्जनों परिवार सहित पास ही स्थित स्कूल के बच्चे और मन्दिर में दर्शन करने आने वाले भक्त पानी भरा करते थे। गांव के ही रमेश पटेल ने बाउंड्री निर्माण चालूकर ग्रामीणों को हैंडपंप से पानी भरने से मना कर दिया है। भोले भाले हरिजन बस्ती के ग्रामीण पानी के लिए अब परेशान हो रहे हैं। सभी गांववासी हैंडपम्प से पेयजल का उपयोग किया करते थे। कुछ दिन पहले ही जिस व्यक्ति के घर के पीछे हैडपंप है,उसने बाउंड्री का निर्माण चालू कर हैंडपंप को अपना निजी बताते हुए ग्रामीणों को पानी भरने से मना कर दिया है। इसकी शिकायत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी ए पी तिवारी को भी की गई,उनके द्वारा मौके पर स्थल में पहुंचकर समझाइश देने की कोशिश की गई लेकिन अभी तक शासकीय हैंडपंप से अतिक्रमण नहीं हटा। ग्रामीणों ने मऊगंज कलेक्टर से अब हैंडपंप से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की है।

### इनका कहना है

शासकीय हैंडपंप सन् 1975 से यहां लगा है,गर्मी के मौसम में जब गांव के सभी नलकूपों,तालाबों और बोरवेल का जल स्तर कम हो जाता है,तब भी इस हैंडपंप में पानी की उपलब्धता बनी रहती है।

**राजरावन पटेल, समाजसेवी**

मैं यहां से जनपद सदस्य निर्वाचित हुई हूं, मेरा कर्तव्य है कि मैं अपने क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने का यथाशक्ति प्रयास करूं,मैं नईगढ़ी तहसीलदार और कलेक्टर मऊगंज को पत्र लिखकर अतिक्रमण हटाने की मांग करूंगी।

**देवकली पटेल,जनपद सदस्य नईगढ़ी**

शासकीय हैंडपंप पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने की थी। मौके स्थल पर पहुंचकर मैंने स्वयं जांच की है। शासकीय हैंडपंप अतिक्रमित पाया गया है। अतिक्रमण हटाने तहसीलदार को पत्र भेजा है।

**आनंद प्रसाद तिवारी,सहायक यंत्री लो. स्वा.यां. खण्ड त्योंथर/मऊगंज**

# पावन घिनौची धाम में गूंजा 'मैं भी बाघ'

## वन विभाग की अतरैला टीम द्वारा अनुभूति कैंप आयोजित



**अतरैला नि प्र।** वन परिक्षेत्र अतरैला अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल चौखंडी तहसील जवा के छात्र छात्राओ के साथ मैं भी बाघ थीम पर अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 110 छात्र छात्राओं विद्यालय के शिक्षक वन परिक्षेत्र अतरैला के वन परिक्षेत्राधिकारी शुभम दुबे सहित अन्य स्टाफ एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। बच्चों को नेचर ट्रेल की ट्रेकिंग, पत्तों टहनियों से वृक्ष प्रजाति पहचान, पारिस्थितक तंत्र एवं जैव श्रृंखला में बाघ की अंब्रेला प्रजाति के रूप में महत्वता, बड़ी बिल्ली प्रजाति जैसे बाघ, शेर, तेंदुआ,चीता को पहचानना, विभिन्न वन्यप्राणियों के पदचिन्हों को पहचान, दूरबीन से गिद्ध दर्शन, वन विभाग अधिकारियों की पद पहचान आदि महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। जंगल की पुकार खेल द्वारा अपना स्वयं का जंगल बनाना, वन संपदा खेल द्वारा वन औषधियों की पहचान, पलाश के पत्तों से दोना-पत्तल बनाना, साधे कपड़े से कपड़े का बैग बनाना आदि मुख्य आकर्षण गतिविधियां रहीं।

**कैंप की विशेषताएं :** कैंप पूरी तरह से नो प्लास्टिक यूज पर आधारित रहा। खाने पीने के लिए दोना पत्तल एवं कागज कप का उपयोग किया गया।प्रत्येक बच्चे को बाघ थीम आधारित टीशर्ट ईको फ्रेंडली प्लांटेबल पेन, लघु वनोपज को बढ़ावा देने हेतु महुआ लड्डू एवं अनुभूति पुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों को तराई अंचल के लोगों के जीवन को अतरैला, सिरमौर क्षेत्र में जंगल, पहाड़, जल आदि कैसे प्रभावित करते हैं और मृदाक्षरण कारक बाढ़ आदि के प्रकोप को भी प्रकृति के बीच रहकर अनुभूत किया गया। कार्यक्रम समापन में प्रश्नमंच का आयोजन करके प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार वितरण किया गया।

# युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नौबस्ता।** रीवा जिले के नौबस्ता क्षेत्र में स्थित अल्ट्राटेक बेला सीमेंट कंपनी द्वारा लगातार अपने सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत समय-समय पर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है, उसी तारतम्य में 4 माह में इलेक्ट्रिकल होम अप्लायंसेज एवं मोटर वाइंडिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अल्ट्राटेक बेला सीमेंट कंपनी के इकाई प्रमुख राना डे एवं एचआर हेड आनंद पाठक ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरुआत की , वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कंपनी के इकाई प्रमुख राना डे ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन दिया और बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 4 माह का होगा जिसमें पंखा, कूलर, प्रेस मिक्सर ग्राइंडर जैसे अन्य उपकरण बनाने को लेकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं, इसी के साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से अल्ट्राटेक बेला सीमेंट कंपनी के इकाई प्रमुख राना डे, एचआर हेड आनंद पाठक, एडमिन विभाग प्रमुख राहुल सिंह, सीएसआर विभाग प्रमुख हिमांशु कुलश्रेष्ठ, शैलेंद्र त्रिपाठी के साथ ही साथ प्रशिक्षणार्थी युवा मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**मनगवां।** विधानसभा क्षेत्र की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंगेव के तत्वाधान में किसानों की समस्याओं के निदान हेतु धरना प्रदर्शन एवं राज्यपाल के नाम 3 सूत्रीय ज्ञापन अनुविभागीय दण्डाधिकारी मनगवां को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम में मांग की गई कि आवारा पशुओं से किसान मजदूर एवं आमजन परेशान हैं। आवारा पशुओं से सारी खड़ी फसलें बर्बाद हो रही हैं। अघोषित बिजली कटौती से किसान परेशान हैं। उन्हें बिजली की आपूर्ति से निजात दिलाकर राहत प्रदान किया जाए। नकली खाद बीज से किसानों की प्रभावित हुई बोनी की जांचकर कराकर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए। इन सभी मांगों को लेकर जिला संगठन मंत्री रवि तिवारी ने अपने उद्बोधन कहा कि जब तक हमारे किसान भाइयों को न्याय नहीं मिल जाता है कांग्रेस पार्टी शांत नहीं बैठेगी। श्री तिवारी ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों की समस्या का हल शीघ्र नहीं किया जाता तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। अनुविभागीय अधिकारी ने आश्वासन देते हुए कहा कि 10 दिवस के भीतर आपकी मांगों को पूरा करने प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस ग्रामीण समाज कल्याण प्रकोष्ठ के प्रवक्ता पंकज शास्त्री ने किया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंगेव के अध्यक्ष बलराम गौतम, वंदना नीलेश तिवारी, देवेन्द्र चतुर्वेदी, रामनरेश तिवारी, एड. यादवेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र पाण्डेय, प्रदीप मिश्रा दीपू, पुष्पेन्द्र वर्मा, शंकर राघव तिवारी, पंकज मिश्रा, पप्पू सोनी, बृजेन्द्र मिश्रा, बब्लू सिंह, मोनू सिंह, उमेश पाठक, सच्चू पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, शिवराम सोंधिया, रामदरस पटेल, रजनीश सोनी, अखिलेश तिवारी, रोहित तिवारी सहित सैकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया जाएगा : रणविजय



**रीवा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सह-सचिव, एवं सह-प्रभारी मध्यप्रदेश रणविजय सिंह लोचव का चौथे और अंतिम दिन का दौरा कार्यक्रम विधानसभा क्षेत्र सिरमौर एवं सेमरिया में प्रदेश महामंत्री सुखेन्द्र सिंह बन्ना एवं जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ग्रामीण के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। दोनों विधानसभाओं की समीक्षा बैठकों में ब्लॉक, मण्डलम्, सेक्टर के अध्यक्षगण साथ साथ वरिष्ठ नेतागण, मोर्चा संगठन, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, एन.एस.यू.आई., अल्पसंख्यक, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग आई.टी. सेल के अध्यक्षगण तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्री सिंह ने उपस्थित समस्त कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी कांग्रेस जनों के सुझावों का समादर किया जाएगा और पार्टी की मजबूती के लिए उनके सुझावों को अमली जामा पहनाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि हमारे कांग्रेस पार्टी का संगठन वार्ड/पंचायत स्तर पर गठित हो और पार्टी की गाइड लाइन अनुसार इसका शीघ्र गठन कर पार्टी को मजबूत करने का काम किया जाएगा। समीक्षा बैठक में पूर्व सांसद राजमणि पटेल, रामगरीब बनवासी, डॉ. अरूणा तिवारी, गिरीश सिंह, एड. रवि तिवारी, गिरिजेश पाण्डेय, शत्रुघ्न सिंह सलैया, चक्रधर सिंह, शिव बालक पाण्डेय, डॉ. अरूणेन्द्र शेखर मिश्रा, रामनरेश तिवारी, शशि भूषण दुबे, अजय शुक्ला, अनिल सिंह पिंटू, धनेन्द्र द्विवेदी, लक्ष्मण कुशवाहा, सिद्धनाथ पाण्डेय, नरेन्द्र मिश्रा, संतोष सोहगौरा, चेतनाथ पटेल, जीतेन्द्र सिंह, धनेन्द्र पाण्डेय नत्थू, तरूणेन्द्र द्विवेदी, अमृतांश तिवारी, सुरेश पाठक, अशोक पाण्डेय, बृजेन्द्र पाण्डेय, आदित्य प्रताप सिंह, राजकुमार सिंह भोले, रमेश पाण्डेय, विष्णु शुक्ला, रामराज मिश्रा, राजेश पाण्डेय राजू, जयप्रकाश मिश्रा, अनूप सिंह, रमा द्विवेदी, बृजेन्द्र नाथ द्विवेदी, संदीप त्रिपाठी, शारदा द्विवेदी राजू, सचिन तिवारी, वीरेन्द्र सिंह, रामायण साहू सहित ब्लॉक मण्डलम् सेक्टर बूथ के साथ साथ अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# न्यूज कार्नर

## नहीं रहे गुलशेर खान, समाजसेवियों ने जताया शोक



**मऊगंज।** गुलशेर खान उर्फ (बाकड़) ने 60साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें इलाज के लिए रीवा ले जाया गया। जहां उन्होंने बीती रात 3 बजे प्राण त्याग दिया। गुलशेर खान के निधन से नगर में मातम छा गया। उनके चाहने वाले स्तब्ध और गमगीन हैं। उनके असामयिक निधन पर शोक जताते हुए अधिवक्ताओं, समाजसेवी एवं पार्षद अन्नू खान ने कहा की हमने सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले नेतृत्व को खो दिया है। गुलशेर खान के निधन पर उनके निवास पहुंचकर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष हरि हर शुक्ला, एड. अनिल तिवारी, नायब तहसीलदार, नगर परिषद् अध्यक्ष बृजवासी पटेल मौलाना ,आरिफ, पूर्व , जनपद सदस्य शेख मुख्तार सिद्दीकी, , प्रोफेसर अनवर खान, रियाज खान, मनीष राज गुप्ता, पूर्व पार्षद अली अहमद खान, मकसूद खान, महेन्द्र सिंह, , सरपंच फतेह खान, भाजपा नेता अली हसन सिद्दीकी, अरविंद सिंह, ओपी गुप्ता ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत की आत्मा की शांति और इस विपदा की घड़ी में उनके परिवार को यह असीम वेदना सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष के निधन पर शोक

**हनुमना।** हनुमना नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा कांग्रेस पार्टी के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष पन्नालाल गुप्ता के निधन पर हनुमना नगर के लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। बताया गया है कि वे कई महीनों से बीमार थे। इस बीमारी के कारण आज सुबह 5:00 बजे निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार हनुमना के मुक्ति धाम बड़कुड़ा में किया गया। उनके निधन पर लोकतंत्र सेनानी सरयू प्रसाद बैद्य, पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना ,पूर्व जनपद अध्यक्ष वंशमणि प्रसाद शुक्ला पूर्व जनपद उपाध्यक्ष राधा रमण तिवारी नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मिश्रा वीरेंद्र द्विवेदी सुशील गुप्ता अखिलेश गुप्ता, रामबाबू गुप्ता राजा बाबू गुप्ता, अरजेन्द गुप्ता, खटखरी, राजू गुप्ता, रेवतीरमण, श्याम जी गुप्ता,जीवनलाल शुक्ला पत्रकार सरोज गुप्ता आनंद मिश्रा संपत दास गुप्ता श्याम बाबू गुप्ता टिंकल गुप्ता आदि लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## गुढ़ विधायक ने व्यक्त की शोक संवेदनाएं



**गुढ़ (नि.प्र)।** गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह ने शोक संतृप्त परिवारों से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। दिनांक 07 जनवरी को गुढ़ के वरिष्ट भाजपा नेता एड.विजय द्विवेदी के दुखद निधन पर उनके निवास गुढ़ पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही नैकिन निवासी लक्ष्मीकांत चौबे के पिताजी के निधन पर,महसुआ निवासी पन्नालाल कोल के पिताजी के निधन पर,कंचनपुर ग्राम के निवासी केदार शुक्ला के पिताजी के निधन पर, लोह्दवार निवासी स्व.अयोध्या सिंह के घर पहुंचकर उनके निधन पर,ग्राम पतौना निवासी स्व.शंभू पांडे के निवास पहुंचकर परिजनों से मिलते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त की और परिजनों से मुलाकात की। उनके साथ विधायक प्रतिनिधि बाबूलाल यादव, मंडल अध्यक्ष रायपुर कर्चुलियान अभिषेक सिंह, मंडल अध्यक्ष गुढ़ एड. अनंत कुमार गुप्ता,एड.के टी निवास मिश्रा,पूर्व मंडल अध्यक्ष कपूरचंद्र अवधिया,युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विपुल प्रकाश मिश्रा,पी एस ओ रविन्द्र तिवारी,मथुरा प्रजापति सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## स्वास्थ परीक्षण शिविर सम्पन्न

**रायपुर कर्चुलियान।** स्व सेवा संयोजन समिति शाखा रीवा के तत्वाधान में स्वास्थ्य विभाग रायपुर कर्चुलियान के द्वारा नाइन ग्राम में आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं की एनीमिया ब्लडप्रेशर मधुमेह की जांच के साथ ब्रेस्ट एवं सर्विक्स कैंसर के जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 5 बालिकाएं एनीमिक 3 हाई बीपी एक गलसुआ के पेशेंट सामने आए। सभी को आवश्यक जानकारी और दवा देते हुए डॉ.के बी विश्वकर्मा के द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र आकर समुचित इलाज कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डॉ.पंकज मिश्रा अनीता तिवारी का सहयोग प्राप्त हुआ। समिति की ओर से किशोरी बालिकाओं को पीरियड्स के दौरान होने वाली परेशानी एवं सेनेटरी नेपकिन के उपयोग की सलाह देते हुए नैपकिन का वितरण भी किया गया। समिति की अध्यक्ष सुषमा सिंह कर्चुली कोषाध्यक्ष शशिलता सिंह रेणु सिंह बघेल के द्वारा किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सविता यादव नगीना कर्चुली के सहयोग से शिविर सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

# भण्डारे के साथ हुआ अखण्ड मानस का समापन



## न्यायालय परिसर में मनाया गया नव वर्ष मिलन समारोह

**रीवा ।** जिले के अपर सत्र न्यायालय सिरमौर परिसर में बीते सोमवार से अखण्ड मानस शुरू हुआ और मंगलवार को संपन्न हुआ। मानस समापन के बाद पूजन, भण्डारा और नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एड गोविंद तिवारी और पूर्व अध्यक्ष एड हेमराज पाण्डेय ने बताया कि अपर सत्र न्यायालय परिसर सिरमौर में बीते 10 वर्षों से नव वर्ष के उपलक्ष्य में मानस भंडारा एवं नव वर्ष मिलन समारोह आयोजित किया जाता है बीते वर्षों में 1 जनवरी को यह कार्यक्रम कराया जाता था। न्यायालय में अवकाश एवं अन्य कारणों से इस बार कार्यक्रम 6 जनवरी से शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम लोगों की सुख समृद्धि और राष्ट्र कल्याण को समर्पित होता है कार्यक्रम के आयोजन में अपर सत्र न्यायाधीश और न्यायाधीश गण तथा समस्त अधिवक्ताओं एवं समाजसेवियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के सहयोग से कराया जाता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अपर सत्र न्यायधीश द्वय संतोष सिंह चौहान एवं संजय वर्मा, न्याधीश गण अल्तमस रहमान, अमित शर्मा, नेहा रेहमान, केसरी कश्यप, स्टेट बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष शिवेंद्र उपाध्याय स्टेट बार काउंसिल के सदस्य अखण्ड प्रताप सिंह जिला अधिवक्ता संघ रीवा के पूर्व सचिव रघुवंश प्रताप सिंह रीवा से अधिवक्ता गण अवधेश सिंह , बृजराज सिंह तथा सिरमौर से अधिवक्ता गण अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष गोविंद तिवारी, गणेश पांडेय, प्रेमनाथ शर्मा, हेमराज पांडेय, कुशल प्रताप सिंह , बालेंद्र शेखर त्रिपाठी, संतोष पटेल, श्रवण सिंगरौल, सीपी द्विवेदी, महेश पटेल, दीपराज सिंह, सचिव रमेश पटेल सह सचिव, बृज बिहारी गौतम, अनूप सिंह , अंगिरा उपाध्याय,संध्या शुक्ला, राजाराम गुप्ता, बृजेंद्र मिश्रा, लालजी सिंह, हरिहर मिश्रा, अनुराग मिश्रा, विनय मिश्रा, बसंत प्रताप सिंह, राजेश पांडेय, रामचरण मिश्रा, मनकामना पांडेय, कमलाकर सिंह, प्रमोद पांडेय, मनीष पांडेय, राजेश सिंह, प्रमोद तिवारी, विनोद मिश्रा, कमलेश कुशवाहा, बृजेंद्र मिश्रा, राकेश पाण्डेय उपाध्यक्ष अधिवक्ता संघ सिरमौर, राजेंद्र सिंह रिमहा, रामसुजान वर्मा, परशुराम गौतम, सत्य प्रकाश पांडेय, सहित सिरमौर के समस्त अधिवक्ता गण विभिन्न विभागों की अधिकारी कर्मचारी क्षेत्रीय समाजसेवी और आमजन शामिल हुए।

# नईगढ़ी में शिविर में बनाए गए 65 आयुष्मान कार्ड



**नईगढ़ी।** मऊगंज जिले के नईगढ़ी में 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का शिविर लगाया गया। इस संबंध में डॉ अमित तिवारी ने बताया कि शिविर में 65 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर में 92 वर्षीय सुखवंती भुजवा तथा 90 वर्षीय रामकिशोर जायसवाल के भी आयुष्मान कार्ड बनाए गए। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के निर्देशों के अनुसार डॉ अभिजीत देशमुख के मार्गदर्शन में इस शिविर का आयोजन किया गया। सभी विकासखण्डों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इन शिविरों में 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। नईगढ़ी में आयोजित शिविर में नगर परिषद उपाध्यक्ष विभा शर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत रामपुर सरिता सिंह, निखिल दुबे, विक्रांत द्विवेदी, डॉ बिपिन दुबे, रवीन्द्र सिंह सेंगर, धीरज पाठक ने सहभागिता निभाकर सहयोग किया। अगला शिविर 9 जनवरी को हनुमना जनपद पंचायत में लगाया जाएगा।

## हनुमना में आयुष्मान कार्ड का 9 जनवरी को लगेगा शिविर

**हनुमना।** जनपद पंचायत हनुमना में 9 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। इस संबंध में डॉ अमित तिवारी ने बताया कि आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर 70 साल से अधिक आयु के सभी व्यक्ति अपने आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इस कार्ड से हर साल 5 लाख रुपए तक की उपचार की सहायता निःशुल्क दी जाती है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से बड़े निजी अस्पतालों में भी गंभीर रोगों का इलाज कराया जा सकता है।

# विद्यार्थियों ने जाना ईको सिस्टम में पक्षियों का महत्व



**जागरण नईगढ़ी।** मऊगंज जिले के शासकीय महाविद्यालय नईगढ़ी में गठित ईको क्लब के विद्यार्थियों एवं ईको क्लब के समन्वयक सदस्यों के साथ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर आराधना मिश्रा के निर्देशन में बर्ड सीइंग कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें डॉ निशा शुक्ला ने बताया कि हमारे ईको सिस्टम( पारिस्थितिकी तंत्र)पर पक्षियों का क्या प्रभाव पड़ता है। ये प्राकृतिक नियंत्रण, परागण और बीज फैलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कीट हमले, टिड्डे का आक्रमण कृषि और वन उत्पादों को नष्ट कर सकता है और कीट खाने वाले पक्षी इसे नियंत्रित करते हैं, इस विषय में जानकारी दी। डॉ सुरेश सिंह ने पर्यावरण में पक्षियों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि पपर्यावरण एवं ईको सिस्टम के महत्वपूर्ण घटक हैं। ये प्राकृतिक के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कीटों एवं कीड़ों की संख्या को नियंत्रित करने में ; पेड़ -पौधों के बीजों को अन्य स्थानों पर फ़ैलाने में, पर्यावरण को स्वच्छ रखने में पक्षियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। डॉक्टर संपत कुमार मिश्रा ने जानकारी दी कि पक्षियों में भी इलेक्ट्रोमैग्नेटिक तरंगों को पहचानने की शक्ति होती है जिससे वह दूर देश की यात्रा भी कर लेते हैं । रविकांत चतुर्वेदी ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया और विद्यार्थियों से महाविद्यालय के ईको क्लब में पंजीयन करने के लिए आह्वान किया। डॉक्टर महेंद्र मिश्रा ने महाविद्यालय के प्राचार्य,विद्यार्थियों एवं सभी प्राध्यापकों का आभार प्रकट किया।

## नर्सरी से आठवीं तक की कक्षाएं सुबह 10.30 बजे के बाद होंगी शुरू

**मऊगंज।** मऊगंज जिले में ठंड का प्रकोप बढ़ने से तापमान में अचानक गिरावट आई है। जिसके कारण शालेय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसे देखते हुए कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने स्कूलों के समय में परिवर्तन के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार 8 जनवरी से नर्सरी से आठवीं तक की कक्षाएं सुबह 10.30 बजे के बाद संचालित की जाएंगी। निर्धारित समय से पूर्व किसी भी स्थिति में इन कक्षाओं का संचालन नहीं किया जाएगा। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। यह आदेश सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई, माध्यमिक शिक्षा मण्डल और समस्त बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में लागू होगा।

# ख्वाजा गरीब नवाज की छठी शरीफ मनाई गई



## पुराने थाने के पास लंगर में तमाम समुदाय के लोग हुए शामिल

**बैकुंठपुर निप्र.।** ख्वाजा गरीब नवाज का 813 वां सलाना उर्स शाने शौकत के साथ के साथ बैकुंठपुर में मनाया गया। बैकुंठपुर के पुराने थाना के पास नई बाजार मार्ग पर मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा लंगर किया गया । दोपहर से लंगर प्रोग्राम चला जो देर रात तक चलता रहा। वहीं देश में अमन शांति खुशहाली की आलिमों और लोगो द्वारा दुआ की गई। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा ख्वाजा गरीब नवाज को याद कर उन्हें नमन किया और एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। इस अवसर पर शरीक मौलाना गुलाम मुज्तबा, शम्सी साहब, हाफिज इदरीश साहब, वाजदैन मंसूरी, पप्पू मंसूरी, सोनू, मुजीब खान, आशिक, शाहबाज मंसूरी, हीफजुल करीम, सलमान अहमद, मुख्तार अहमद, मकसूद अहमद, मोहम्मद छेदी, अल्ताफ, शिपतैन रज़ा, कादिर शाह, साहिल मंसूरी, हाजी पिंटू, आदि तमाम समुदाय के लोग शिकरत कर लंगर में शामिल हुए।

# सोहागी पब्लिक स्कूल, कॉलेज व आईटीआई में मनाया गया संस्थापक दिवस



**त्योंथर ब्यूरो।** सोहागी पब्लिक स्कूल के सेमिनार कक्ष में स्कूल, कॉलेज व आई-टी.आई द्वारा संस्थापक दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। प्रारंभ में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रवलन के पश्चात आचार्य रामकृष्ण तिवारी द्वारा मंत्रोचार के माध्यम से सास्वत विधि से पूजन किया गया। छात्राओं द्वारा गीत तथा नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। संस्थापक रघुराज सिंह ने वेद एवं ग्रंथों का उदाहरण देकर शिक्षक की महत्ता एवं सामाजिक परिवर्तन हेतु भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्या, शिक्षा ज्ञान का अर्थ स्पष्ट किया। डॉ.अमित ओझा व डॉ. श्रीकांत ने अनेक दृष्टांत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन आर. के तिवारी ने किया। इस अवसर पर अमित सिंह, विजय सिंह, नितिन मिश्र सुषमा सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित रहीं।

# लोकल यूथ सर्वेयर संघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**जवा ब्यूरो ।** जवा तहसील के लोकल यूथ सर्वेयर संघ ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर जवा तहसीलदार राजेंद्र शुक्ला को चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन देने के लिए जवा तहसील के लोकल यूथ सर्वेयर संघ जवा के अध्यक्ष पीयूष मिश्रा जिला सचिव प्रकाश तिवारी जवा सचिव रोहित सिंह डभौरा सर्कल के अध्यक्ष पंकज अग्निहोत्री कोषाध्यक्ष पूर्णानंद मिश्रा सत्येंद्र सिंह परमानंद मिश्रा इंद्रेश मिश्रा सिद्धार्थ मिश्रा रामबाबू कोल संदीप तिवारी जयप्रकाश सिंह अनिल दुबे प्रशांत त्रिपाठी पंकज तिवारी प्रकाश शुक्ला संघ के जवा तहसील के कोषाध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल हेमराज पाल रवि नंदन तिवारी दीपक पांडे शिवेंद्र सिंह बघेल समेत जवा तहसील के समस्त सर्वेयर उपस्थित रहे। संगठन ने सरकार से लोकल यूथ का मानदेय और दूसरी सुविधाएं मुहैया कराने की अपील की और कहा की सरकार द्वारा पूर्व में जुलाई 2024 को धान का फसल गिरदावरी सर्वे कराया गया था जिसका अभी तक कोई भी पैसा भुगतान नहीं किया गया।



# भारतीय टेस्ट टीम का भविष्य : बल्लेबाजी से ज्यादा चिंताजनक स्थिति गेंदबाजी की

**बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में हार के बाद प्रदर्शन पर सवाल**



**जेएनएन, सिडनी**

बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में आसानी से घुटने टेकने के बाद भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन सवालों के घेरे में है, लेकिन वैकल्पिक खिलाड़ियों की सूची देखे तो यह पता चलता है कि टीम के भविष्य के लिए बल्लेबाजी से ज्यादा चिंताजनक स्थिति गेंदबाजी को लेकर है। बल्ले से खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज विराट कोहली का टेस्ट भविष्य अधर में लटक गया है। राष्ट्रीय चयन समिति के पास इन दोनों की जगह लेने के लिए कुछ अच्छे विकल्प मौजूद है। बात जब गेंदबाजी की आती है और खासकर तेज गेंदबाजी की तो बदलाव के दौर से गुजर रही टीम की स्थिति ज्यादा उत्साहजनक नहीं दिख रही है। टीम को जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और इशांत शर्मा जैसी गेंदबाजों को तैयार करने में काफी समय लग सकता है। मौजूदा गेंदबाज अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश कर रहे है, लेकिन उनका प्रदर्शन कही से भी इन तीनों नामों के करीब नहीं है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बुमराह को दूसरे छोर से साथ नहीं मिला, जिससे उनका कार्यभार काफी बढ़ गया। वह पीठ में चोट होने के कारण टीम के लिए निर्णायक पांचवें टेस्ट की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके। मोहम्मद सिराज 36 टेस्ट खेलने के बाद भी मैच का रुख बदलने वाले गेंदबाज नहीं बन पाए हैं। प्रसिद्ध कृष्णा के पास अच्छी गति है, लेकिन वह लगातार सही लाइन-लेंथ पर गेंदबाजी करने में विफल रहते हैं। आकाश दीप और मुकेश कुमार के पास कौशल है, लेकिन खेल के शीर्ष स्तर पर खुद को साबित करने का उन्हें अभी पर्याप्त मौके नहीं मिले हैं।

### सबसे बड़ी समस्या बाएं हाथ के तेज गेंदबाज





रणजी सर्किट में भी देखे तो चयनकर्ताओं के पास इस मामले में अच्छे विकल्प की कमी है। सबसे बड़ी समस्या बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की है। अर्शदीप सिंह सीमित ओवरों को खुद को साबित कर चुके हैं, लेकिन लाल गेंद से उतने प्रभावी नहीं रहे हैं। यश दयाल और खलील अहमद भी विश्वास हासिल करने वाला प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं।

### बुमराह आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित

**दुबई, जेएनएन।** स्टार भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को हाल में संपन्न बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के कारण मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के दिसंबर 2024 महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। बुमराह ने दिसंबर में तीन टेस्ट में 14.22 के औसत से 22 विकेट चटकाए। इस 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पांच टेस्ट में कुल 32 विकेट लिए। बुमराह को महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेन पेटरसन से कड़ी चुनौती मिलेगी। कमिंस की अगुआई में ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ 3-1 से सीरीज जीती थी। तेज गेंदबाज कमिंस ने दिसंबर में भारत के खिलाफ तीन टेस्ट में 17.64 की औसत से 17 विकेट हासिल किए।

### रोहित और कोहली की जगह लेने तैयार बल्लेबाज

जब बल्लेबाजी की बात आती है, तो इसमें कुछ अच्छे विकल्प मौजूद है। अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति हालांकि रणजी ट्रॉफी सत्र के अंत तक कुछ भी तय नहीं करेगी। चयन समिति अगर रोहित और कोहली से टीम से बाहर करने का फैसला करती है या दोनों संन्यास की घोषणा करते हैं, तो टीम में इन दो स्थानों के लिए दावेदारी करने वाले कम से कम छह बल्लेबाज तैयार है।



**बीसाई सुदर्शन**

सबसे प्रमुख दावेदार तमिलनाडु के बीसाई सुदर्शन हो सकते हैं। बाएं हाथ के इस कलात्मक बल्लेबाज ने मैके में ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ भारत-ए के लिए खेलते हुए प्रभावित किया था। वह हालांकि स्पोर्ट्स हर्निया के ऑपरेशन के कारण रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं।

**देवदत्त पडिक्कल**



टीम में बाएं हाथ के एक और विकल्प देवदत्त पडिक्कल है। पडिक्कल को कुछ टेस्ट मैच खेलने का भी अनुभव है। अभिमन्यु ईश्वरन तीन साल से टीम में हैं, लेकिन भारतीय क्रिकेट जगत में यह धारणा है कि वह एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार नहीं हैं। इसका प्रमाण हालिया सीरीज है।

**सरफराज खान**




सरफराज खान की तेज गेंदबाजों के खिलाफ कमजोरी जगजाहिर है। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट में पुणे और मुंबई में जिस तरह से वह आउट हुए, उसने मौजूदा टीम प्रबंधन की चिंताओं को बढ़ा दिया।

### रुतुराज गायकवाड़, पाटीदार, अय्यर भी दावेदार







टेस्ट टीम में जगह के लिए जो तीन नाम सबसे बड़े दावेदार है, उनमें चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़, तीन टेस्ट का अनुभव रखने वाले रजत पाटीदार और मुंबई के श्रेयस अय्यर शामिल है। अय्यर की समस्या शॉर्ट गेंद रही है, जबकि पाटीदार ने पिछले साल घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ मौके का फायदा उठाने में नाकाम रहे। गायकवाड़ ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ भारत-ए के दो मैचों में असफल रहे, लेकिन उनकी प्रतिभा पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है। समझा जाता है कि चयन समिति रनों या विकेटों की संख्या पर ही ध्यान देने की जगह प्रभावशाली प्रदर्शन पर भी ध्यान देगी। लाहली की घास वाली पिच पर पर शतक या राजकोट की सपाट पिच पर पांच विकेट लेने वाला प्रदर्शन अनुकूल परिस्थितियों में प्रदर्शन से अधिक महत्वपूर्ण होंगे। राष्ट्रीय टेस्ट टीम पर कोई भी फैसला हालांकि फरवरी में घरेलू सत्र के खत्म होने या जून में इंग्लैंड दौरे से पहले होगा। भारतीय टीम को अपना अगला टेस्ट जून में इंग्लैंड में खेलना है।

### रोहित-विराट का टेस्ट में भविष्य चयनकर्ताओं पर निर्भर : गावस्कर



भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने पिछले छह महीनों में टीम के खराब प्रदर्शन की गहन समीक्षा करने की वकालत करते हुए कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट में भविष्य अब पूरी तरह से चयनकर्ताओं के हाथ में है। गावस्कर ने एक साक्षात्कार में रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर चल रही बहस के संदर्भ में कहा कि वे कितने समय तक टीम में रहेंगे यह वास्तव में चयनकर्ताओं पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि अब जबकि भारत डब्ल्यूटीसी (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप) फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में विफल रहा है, तो उन कारणों पर विचार करना उचित होगा कि ऐसा क्यों हुआ।

**नए चक्र के लिए बदलाव की जरूरत :** गावस्कर ने टीम के बल्लेबाजों की बार-बार विफलता की ओर इशारा करते हुए कहा, यह स्पष्ट है कि पिछले छह महीनों में हमारी बल्लेबाजी विफल रही और यही मुख्य कारण था कि हम उन मैच में भी हार गए, जो हमें जीतने चाहिए थे। अगर इंग्लैंड में जून में शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी के नए चक्र के लिए टीम में बदलाव की जरूरत है, तो उम्मीद है कि चयनकर्ता इस बात पर गौर करेंगे कि 2027 में फाइनल तक कौन खिलाड़ी टीम में रहेगा और उसके अनुसार चयन करेंगे।

**घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों को मौका मिले :** गावस्कर ने किसी खिलाड़ी का नाम नहीं लिया, लेकिन कहा कि घरेलू क्रिकेट में कुछ खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और अब उन्हें उचित मौका देने की जिम्मेदारी चयनकर्ताओं पर है। जब तक उन्हें मौका नहीं दिया जाएगा तो हमें कैसे पता चलेगा कि रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे? गावस्कर ने नितीश कुमार रेड्डी जैसी प्रतिभा को सामने लाने के लिए चयन समिति की भी सराहना की। नितीश में क्षमता देखने और उसे टेस्ट टीम में चुनने के लिए अजीत अगरकर और उनकी टीम को बधाई।

**बुमराह जैसे स्टार खिलाड़ी पर ज्यादा वर्कलोड न हो :** गावस्कर ने गेंदबाजी के बारे में कहा कि भारत के पास पर्याप्त प्रतिभा है, जिसे अपेक्षित अवसर दिए जाने की जरूरत है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जसप्रीत बुमराह जैसे स्टार खिलाड़ी पर जरूरत से ज्यादा बोझ न पड़े। उन्होंने कहा, भारत के पास कई होनहार तेज गेंदबाज हैं, जो मौके का इंतजार कर रहे हैं। बुमराह पर ज्यादा बोझ नहीं डाला जाना चाहिए और अगर अन्य गेंदबाज भी अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, तो हमारे पास एक ऐसा आक्रमण हो सकता है, जो किसी भी परिस्थिति में मैच जीत सकता है।

**खेल एक नजर**

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए पाक पर जुर्माना

**दुबई, जेएनएन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने न्यूलैंड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान के खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया और टीम के पांच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक भी काटे। जून में लार्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा टेस्ट चार दिन के भीतर 10 विकेट से जीतकर दो मैच की सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। आईसीसी ने कहा कि वेस्टइंडीज के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने यह जुर्माना तब लगाया जब समय की छूट को ध्यान में रखने के बावजूद पाकिस्तान को निर्धारित समय में पांच ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया। आईसीसी की आचार संहिता के अनुसार खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। आईसीसी ने कहा कि पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया है।

**मैदान से हटकर**

### टेनिस स्टार ओसाका और रैपर कॉर्डे के बीच अब रिश्ता नहीं





चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका का कहना है कि उनके और उनके साथी रैपर कॉर्डे के बीच अब कोई रिश्ता नहीं रह गया है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट शुरू होने से एक हफ्ते से भी कम समय पहले ओसाका ने सोमवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। ओसाका ने 2019 और 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था। वह दो बार अमेरिकी ओपन की चैंपियन भी रह चुकी हैं। ओसाका और कॉर्डे जुलाई 2023 में लॉस एंजिल्स में एक बेटी के माता-पिता बने थे। ओसाका ने लगभग 15 महीने के अवकाश के बाद पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन से प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी की थी। ओसाका ने लिखा, कोई बुरा ख्याल नहीं, वह एक शानदार इंसान और एक अद्भुत पिता हैं। ईमानदारी से कहूं तो मुझे बहुत खुशी है कि हमारी राहें एक-दूसरे से जुड़ गईं, क्योंकि मेरी बेटी मेरे लिए सबसे बड़ा आशीर्वाद है और मैं हमारे साथ के अनुभवों से आगे बढ़ने में सक्षम हूं। **(जेएनएन)**

## इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन में उतरेगा सबसे बड़ा भारतीय दल

**14 जनवरी से टूर्नामेंट, सेन और सिंधू समेत भारत के 21 खिलाड़ी भाग लेंगे**



**नई दिल्ली,जेएनएन।** लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू की अगुआई में भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल 14 जनवरी से शुरू होने वाले योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेगा। ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन, एन से यंग और दुनिया के नंबर एक शी युकी जैसे शीर्ष सितारों के साथ भारत के 21 खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। इसमें पुरुष एकल में तीन, महिला एकल में चार, पुरुष युगल में दो, महिला युगल में आठ और मिश्रित युगल में चार जोड़ियां चुनौती पेश करेंगी। इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव इंडोर हॉल में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में चैंपियंस के लिए साढ़े नौ लाख डॉलर (लगभग 8.15 करोड़ रुपए) का पुरस्कार पूल और 11,000 रैंकिंग अंक दांव पर लगे होंगे। टूर्नामेंट को 2023 में सुपर 750 श्रेणी में बढ़ा दिया गया था। भारत के 14 खिलाड़ियों ने इसके पिछले दो सत्र में हिस्सा लिया था। टूर्नामेंट के पिछले आयोजन में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी पुरुष युगल फाइनल में पहुंचे थे, जबकि एचएस प्रणय का 2024 में पुरुष एकल सेमीफाइनल में पहुंचे थे। चीन मास्टर्स 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले चिराग और सात्विक पुरुष युगल में एक बार फिर खिताब के प्रबल दावेदार होंगे। चोट से वापसी कर रहे सात्विक पेरिस ओलंपिक के बाद अपनी लय दोबारा हासिल करने की कोशिश करेंगे।

### टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ी

**पुरुष एकलः** लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय, प्रियांशु राजावत **महिला एकलः** पीवी सिंधू, मालविका बंसोड़, अनुपमा उपाध्याय, आकर्षी कश्यप

**पुरुष युगलः** चिराग शेट्टी/सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, के साई प्रतीक/पृथ्वी के रॉय

**महिला युगलः** त्रिसा जॉली/गायत्री गोपीचंद, अश्विनी पोनप्पा/तनीषा क्रास्टो, रुतुपर्णा पांडा/श्वेतापर्णा पांडा, मनसा रावत/गायत्री रावत, अश्विनी भट्ट/शिखा गौतम, साक्षी गहलावत/अपूर्वा गहलावत, सानिया सिकंदर/रश्मि गणेश, मृण्मयी देशपांडे/प्रेरणा अलवेकर **मिश्रित युगलः** ध्रुव कपिला/तनीषा, के सतीश कुमार/आद्या वरियाथ, रोहन कपूर/जी रुथविका शिवानी, अशिथ सूर्या/अमृता प्रमुथेश।

**मलेशिया सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट**

## लक्ष्य हारे, छत से पानी टपकने के कारण प्रणय का मैच रुका



**कुआलालंपुर, जेएनएन।** भारत के लक्ष्य सेन लगातार गलतियों के कारण पहले दौर में हार के साथ बाहर हो गए, जबकि एचएस प्रणय को सत्र के पहले मलेशिया सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में निराशाजनक शुरुआत का सामना करना पड़ा जब मंगलवार को यहां आशियाटा एरिना में छत से पानी टपकने के कारण कनाडा के ब्रायन यैंग के खिलाफ उनका मैच बीच में ही रोकना पड़ा। लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल का खिताब जीतने और किंग कप इंटरनेशनल में तीसरे स्थान पर रहने वाले लक्ष्य अपने हालिया फॉर्म को दोहराने में नाकाम रहे और चीनी ताइपे के ची यू-जेन से 14-21, 7-21 से हार गए। दूसरी तरफ पेरिस ओलंपिक के बाद वापसी कर रहे प्रणय जब करीब 25 मिनट के खेल के बाद मुकाबले में 21-12, 6-3 से आगे चल रहे थे तब छत से बारिश का पानी रिसने लगा और कोर्ट तीन पर खेल रोकना पड़ा। एक घंटे से अधिक विलंब के बाद शाम लगभग सवा चार बजे मुकाबला दोबारा शुरू हुआ लेकिन इसे दोबारा रोकना पड़ा क्योंकि पानी फिर टपकने लगा। ब्रायन जब दूसरे गेम में 11-9 से आगे थे, तब अधिकारियों ने मुकाबले को स्थगित करने का फैसला किया जो अब बुधवार को 21-12, 9-11 के स्कोर से आगे शुरू होगा। भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसाथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई को सीधे गेम में हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

## चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान का बहिष्कार नहीं करेगा इंग्लैंड

**ब्रिटेन, जेएनएन।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड गोल्ड ने ब्रिटिश राजनेताओं के एक समूह द्वारा चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने की मांग को खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि तालिबान शासन द्वारा महिलाओं के अधिकारों पर लगाई गई पाबंदियों का मुद्दा एक ऐसा मुद्दा है, जिसके लिए आईसीसी की अगुआई में फैसला लिए जाने की आवश्यकता है। इस मामले में व्यक्तिगत देशों की एकतरफा कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। इंग्लैंड को टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में 26 फरवरी को लाहौर में अफगानिस्तान का सामना करना है। इस बीच ईसीबी पर यह मैच रद्द करने का दबाव बढ़ गया है। इंग्लैंड के लेबर पार्टी के सांसद टोनी एंटोनियाजी द्वारा लिखे गए एक पत्र पर 160 से अधिक राजनेताओं (जिनमें जेरेमी कॉर्बिन, लॉर्ड किन्नॉक और निगेल फराज शामिल हैं) के हस्ताक्षर हैं। पत्र में एंटोनियाजी ने अफगानिस्तान में खतरनाक दमनकारी व्यवस्था और लैंगिक भेदभाव पर चिंता जताई है।

## एशियाड स्वर्ण विजेता बहादुर सागू एएफआई अध्यक्ष बने

**चंडीगढ़, जेएनएन।** एशियाई खेलों के स्वर्ण विजेता और गोला फेंक के पूर्व खिलाड़ी बहादुर सिंह सागू को मंगलवार को वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वह लंबे समय से शीर्ष पद पर कार्यरत आदिल सुमरिवाला की जगह लेंगे। बुसान एशियाई खेल 2002 में गोला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने तथा 2000 और 2004 के ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले 51 वर्षीय सागू को चार साल के लिए इस पद पर चुना गया है। वह एएफआई एथलीट आयोग के सदस्य भी हैं। निवर्तमान वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉर्ज के अध्यक्ष पद की दौड़ से बाहर हो जाने के बाद सागू मैदान में एकमात्र उम्मीदवार बचे थे। एएफआई की दो दिवसीय वार्षिक आम बैठक में उनके चुनाव को औपचारिक रूप दिया गया।

## साल के आखिर में भाला फेंक की शीर्ष प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा भारत

**चंडीगढ़, जेएनएन।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने मंगलवार को बताया कि भारत संभवतः इस साल सितंबर में भाला फेंक की शीर्ष प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा, जिसमें ओलंपिक स्वर्ण और रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा सहित कई स्टार खिलाड़ी भाग लेंगे। यह आयोजन उन कई प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त है, जिनकी मेजबानी के लिए भारत ने अपनी रुचि व्यक्त की है। इसमें 2029 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप भी शामिल है। एएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने पुष्टि की कि भारत ने 2029 विश्व चैंपियनशिप और 2027 में होने वाली विश्व रिले प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए रुचि व्यक्त की है। एएफआई पिछले साल नवंबर में विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को की भारत यात्रा के दौरान पहले ही 2028 विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए अपनी रुचि व्यक्त कर चुका है। पिछले 12 साल से एएफआई के अध्यक्ष रहे सुमरिवाला ने इस खेल महासंघ की वार्षिक आम बैठक के पहले दिन कहा, भारत इस साल के आखिर में भाला फेंक की एक शीर्ष प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा।

**सिटी स्पोर्ट्स**

## प्रणव और पल्लवी को गोल्ड





**भोपाल, खेप्र।** प्रणव और पल्लवी ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी मलखंब प्रतियोगिता में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। एलएनसीटी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में ऑलराउंडर चैंपियनशिप के महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में रोमांचक इवेंट हुए। महिला वर्ग में सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी की पल्लवी ने 16.85 अंकों के साथ स्वर्ण, नेहा ने 16.60 अंकों के साथ रजत और यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई की जानवी ने 16.45 अंकों के साथ कांस्य पदक अर्जित किया। वहीं पुरुषों में आरएनटीयू के प्रणव ने 24.80 अंकों के साथ स्वर्ण पदक, यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई के सरदूल ने 24.70 अंकों के साथ रजत और आरएनटीयू के पंकज ने 24.60 अंको के साथ कांस्य पदक अर्जित किया। खिलाड़ियों को जिम्नास्टिक इंटरनेशनल कोच डॉ. गुरजीत सिंह बाजवा, अभा शारीरिक शिक्षा परिषद अध्यक्ष डॉ. राजेश त्रिपाठी और स्पोर्ट्स डायरेक्टर पंकज जैन ने पुरस्कृत किया।

## यूनिवर्सिटी शूटिंग चैंपियनशिप में अक्षत चयनित



**भोपाल, खेप्र।** आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के अक्षत नायक का चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी शूटिंग चैंपियनशिप में हुआ है। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज द्वारा आयोजित यह चैंपियनशिप पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में 9 से 18 जनवरी के बीच खेली जाएगी। आरकेडीएफ ग्रुप के अध्यक्ष डॉक्टर सुनील कपूर और विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉक्टर साधना कपूर ने अक्षत के चयन पर बधाई दी। विगत सप्ताह आरकेडीएफ के एक छात्र का चयन ऑल इंडिया कुश्ती चैंपियनशिप के लिए हुआ है।

### एक फरवरी से राज्य स्तरीय डायरेक्ट वॉलीबॉल टूर्नामेंट





**भोपाल।** राज्य स्तरीय डायरेक्ट वॉलीबॉल टूर्नामेंट अगले महीने ग्राम भौंरी स्थित राम रिसोर्ट में होने जा रहा है। एक से दो फरवरी तक होने वाले इस टूर्नामेंट में 18 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट डे-नाइट फॉर्मेट में खेला जाएगा। मप्र डायरेक्ट वॉलीबॉल एसोसिएशन के संरक्षक जीपी माली ने यह जानकारी दी। इस संबंध में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें एसोसिएशन के चेयरमैन राधेश्याम भार्गव, महासचिव रोहित सिंह और भोपाल जिला महासचिव सचिन माली उपस्थित रहे।

## फ्रांस के खिलाड़ी को हराकर सिद्धार्थ ने किया बड़ा उलटफेर



**भोपाल, खेप्र।** भारत के सिद्धार्थ विश्वकर्मा ने पुरुष आईटीएफ टेनिस टूर्नामेंट में फ्रांस के चौथे वरीय फ्लोरेंट बैक्स को सीधे सेटों में हराकर बड़ा उलटफेर किया। अरेरा क्लब में खेले जा रहे टूर्नामेंट में सिद्धार्थ ने फ्रांस के चौथे वरीय फ्लोरेंट को 6-4, 4-3 से शिकस्त दी। विश्वकर्मा इतने आक्रामक फॉर्म में थे कि फ्रांसीसी खिलाड़ी को दूसरे सेट के बीच में ही रिटायर होना पड़ा। युगल मुकाबलों में विष्णुवर्धन और गंटा साई रेड्डी ने आदिल कल्याणपुर और एसडी प्रज्वल देव को तीन सेटों के कड़े मुकाबले में 6-2, 3-6, 10-4 से हराया। बुधवार को 12 सिंगल्स मैच खेले जाएंगे। इससे पहले खेल मंत्री विश्वास सारंग ने गुब्बारे उड़ा कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

## जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक स्थगित

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 8 जनवरी को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक की आगामी तिथि की सूचना पृथक से जारी की जायेगी।

## रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

रीवा। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा द्वारा प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्यादित जड़कुड़ के संचालक मंडल के सदस्यों व अन्य पदाधिकारियों को अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु वनपाल गोपाल कोल को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## सीटू ने दिया अवमानना का नोटिस

**रीवा।** म. प्र. उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ द्वारा गत 3 दिसम्बर 2024 को न्यूनतम वेतन की पुनरीक्षित दरों के भुगतान पर लगे स्थगन को समाप्त कर दिए जाने के एक माह बाद भी म. प्र. शासन की ओर से बढ़ी हुई दरों से वेतन भुगतान हेतु कोई निर्देश जारी नहीं हुए हैं। एक माह से ज्यादा समय होने के बाद भी निर्देश जारी न करने पर सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) के प्रदेश महासचिव प्रमोद प्रधान की ओर से प्रमुख सचिव (श्रम) व श्रमायुक्त म. प्र. को नोटिस दे कहा है कि अगर तुरंत आदेश जारी नहीं हुए तो माननीय उच्च न्यायालय की अवमानना की कार्रवाई सीटू की ओर से प्रारंभ की जाएगी। ज्ञातव्य हो कि सीटू इस कानूनी लड़ाई में पक्षकार के रूप में शामिल है। सीटू जिला समिति रीवा के अध्यक्ष कामरेड गिरिजेश सिंह सेंगर व महासचिव सौरभ मिश्रा ने कहा कि प्रदेश स्तर पर अन्य श्रमिक व कर्मचारी संगठनों को एकजुट कर संघर्ष तेज करने हेतु भी पहल करने का निर्णय लिया गया है।




## नवजात के शव को फेंकने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**जागरण, रीवा।** संजय गांधी अस्पताल परिसर में बीते दिन एक नवजात का शव अस्पताल परिसर के पास ही फेंका गया था, जिसका आवारा कुत्ते शिकार कर रहे थे। संजय गांधी अस्पताल में मृत नवजात के शव को कुत्तों के नोंचने के मामले में अस्पताल प्रबंधन ने मंगलवार को अपनी सफाई दी। बताया गया कि जन्म के बाद नवजात की मौत के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने की बजाय उसे कचरे के ढेर में फेंक दिया था, जिसे कुत्तों ने अपना निवाला बना लिया। नवजात के शव को कचरे में फेंकने वाले परिजनों की पहचान कर ली गई है और कार्रवाई के लिए पुलिस को सूचना दी गई। विदित हो कि सोमवार को संजय गांधी अस्पताल परिसर में एक मृत नवजात को कुत्तों द्वारा नोंचने का मामला प्रकाश में आया था। इस पूरे मामले को लेकर संजय गांधी अस्पताल के सीएमओ ने बताया कि अस्पताल परिसर में हुई घटना में जांच के दौरान सामने आया है कि सिंगरौली जिले के बरगवां का एक परिवार गांधी मेमोरियल अस्पताल आया हुआ था, जहां प्रसूता द्वारा नवजात बच्ची को जन्म दिया गया और जन्म के कुछ ही देर उपरांत नवजात की मौत हो गई थी। बताया गया कि इस मामले में अस्पताल प्रबंधन की ओर से नियमानुसार शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द किया गया था, लेकिन उन्होंने शव का अंतिम संस्कार करने की बजाय उसे अस्पताल के ही पीछे स्थित कचरे के ढेर में फेंक दिया। इस पूरे मामले में मृत नवजात के परिजनों की घोर लापरवाही सामने आने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने अस्पताल चौकी पुलिस के माध्यम से बरगवां थाने की पुलिस को उनके संबंध में सूचित कर कार्रवाई के लिए कहा है।

# जमीनी विवाद में भतीजा बना कातिल

**चाकू से हमला कर की, चाचा की हत्या**

**गढ़ थाना क्षेत्र के कठमना गांव की घटना**



जागरण, रीवा

जमीनी विवाद में भतीजा अपने रिश्ते के सगे चाचा का खून का प्यासा हो गया। चाकू से हमला कर आरोपी ने अधेड़ की जान ले ली। घटना गढ़ थाना क्षेत्र के कठमना गांव में बीती शाम घटी। घटना के बाद गंभीर अवस्था में घायल को अस्पताल ले जाया गया था, जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जमीनी विवाद में हुए खूनी संघर्ष के बाद क्षेत्र में सनाका खिंच गया, वहीं घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भतीजा मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश गढ़ थाना पुलिस द्वारा की जा रही है। गढ़ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चाकू के हमले से शिष्टधर गौतम पिता अयोध्या प्रसाद गौतम (55) निवासी कठमना थाना गढ़ की मौत हो गई। मृतक के शव का मंगलवार को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस परिवारजनों से जानकारी के बाद नामजद आरोपी भतीजे और उसके साथियों की तलाश कर रही है, जो घटना के बाद से फरार हैं।

### आरोपी ने घर में घुसकर वारदात को दिया अंजाम

जमीनी विवाद में रिश्ते के भतीजे राजेश गौतम पर आरोप है कि वह अपने दो साथियों के साथ सोमवार की शाम करीब 7 बजे मृतक शिष्टधर गौतम के घर में घुसकर वाद विवाद करते हुए चाकू से ताबड़तोड़ कई प्रहार किए। पेट में चाकू के कई बार होने से शिष्टधर वहीं पर अचेत होकर लहूलुहान हालत में गिर गए वहीं आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद जब परिवार के अन्य लोग शिष्टधर को अस्पताल लेकर पहुंचे तो वहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि आरोपी विशेष गौतम और राजेश गौतम साहित दो अन्य लोग बीती शाम मृतक के घर में घुसे थे जहां विवाद करते हुए चाकू से उस पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल शिष्टधर को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल भेजा गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

> जमीनी विवाद में आरोपियों ने अधेड़ की चाकू से हमला कर हत्या कर दी है, घटना के बाद से आरोपी फरार है, मर्ग कायम कर फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है, जो जल्द ही पकड़े जाएंगे।
>
> **अवनीश पाण्डेय, थाना प्रभारी गढ़**

## बच्चे के उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए पिता ने किया आत्मदाह का प्रयास

**जीएमएच में बनी रही हड़कंप की स्थिति**

**जागरण, रीवा।** संजय गांधी अस्पताल के गांधी मेमोरियल अस्पताल में अपने बच्चे का इलाज करा रहे निपनिया निवासी एक व्यक्ति ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मंगलवार को आत्मघाती कदम उठाते हुए आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि इस दौरान अस्पताल में मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने उसे रोक लिया। घटना देख अस्पताल के आसपास परिसर में घंटों हड़कंप की स्थिति बनी रही। मिली जानकारी के मुताबिक निपानिया निवासी रमेश तिवारी का बच्चा 2 दिन से गांधी मेमोरियल अस्पताल के गंभीर रोगी वार्ड में उपचार के लिए भर्ती है, जहां आरोप लगाया गया कि चिकित्सकों द्वारा बच्चे के उपचार में लगातार लापरवाही बरती जा रही है। इसी बात से नाराज होकर रमेश ने खुद के ऊपर डीजल डालकर आत्मघाती कदम उठाने का प्रयास किया। अपने शरीर में डीजल डालने के बाद जब बच्चों का पिता लाइटर से आग लगाने का प्रयास कर रहा था तभी सुरक्षा कर्मियों की नजर पड़ गई जिसे रोक लिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना के बाद सीएमओ कार्यालय से तत्काल चिकित्सा अधिकारी मौके पर पहुंचे जहां मरीज के परिजन को समझाइश दी गई, साथ की बच्चे के बेहतर उपचार होने का दिलासा दिया गया। बहरहाल अस्पताल में इस घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल निर्मित रहा। परिजनों ने आरोप लगाया कि बच्चे की हालत नाजुक है, वहीं चिकित्सक इस पर ध्यान नहीं दे रहे, जिसके चलते परेशान होकर पीड़ित पिता ने आत्मघाती कदम उठाने का प्रयास किया।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आज

**रीवा।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 8 जनवरी को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल करेंगी। बैठक में गत बैठकों के निर्णयों के पालन प्रतिवेदन, स्थाई समितियों के प्रस्तावों, पीआईयू के निर्माण कार्यों की समीक्षा तथा कृषि आदान की समीक्षा की जाएगी। बैठक में उद्यानिकी विभाग, मछली पालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुर्वेद विभाग, पशुपालन विभाग तथा खनिज विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की जाएगी। प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी सपना त्रिपाठी ने सामान्य सभा के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।






## गांजा तस्करों को 12-12 साल का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**बिछिया पुलिस ने अवैध गांजा जब्त कर 7 आरोपियों पर दर्ज किया था मामला**



**जागरण, रीवा।** गांजा तस्करी के मामले में सात आरोपियों को न्यायालय ने 12-12 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक-एक लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। प्रकरण की पैरवी कर रहे लोक अभियोजक नीलग्रीव पाण्डेय ने बताया कि न्यायालय विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट केशव सिंह के न्यायालय ने प्रकरण की सुनवाई की। बिछिया पुलिस ने 4 जून 2021 को बाईपास सिलपरा रोड के पास नाकाबंदी कर बेलेनो कार चालक अनन्त पटेल व बगल की सीट पर बैठे युवक को पकड़ा था। इसके साथ ही पीछे आ रहे कंटेनर में आनन्द साकेत वसीम खान, यूनुस खान, राजेश सिंह, विक्रम सिंह को पकड़ा था। कन्टेनर व कार की तलाशी पर पुलिस ने बीच की सीट में बोरियों के पैकेट बंद करीब एक क्विंटल मादक पदार्थ गांजा एवं कंटेनर के केबिल के पीछे अलग पार्ट में करीब 14 क्विंटल मादक पदार्थ गांजा जब्त किया था। जब्त किए गए गांजे के संबंध में पुलिस ने कन्टेनर मालिक बब्बू उर्फ निसार पुत्र जिम्मा खान को भी गिरफ्तार किया था। पुलिस ने विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया था जहां साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी वसीम खान पिता शकील अहमद (25) निवासी सैसपुर थाना बिलारी जिला मुरादाबाद उत्तरप्रदेश, यूनुस खान पुत्र छोटे खान (19) निवासी सतारंज थाना बिलारी जिला मुरादाबाद उत्तरप्रदेश, राजेश सिंह बघेल पुत्र लालमणि सिंह (42) निवासी बीड़ा थाना सेमरिया, विक्रम सिंह बैस पुत्र छोटेलाल सिंह (46) निवासी गाजन बैसन टोला थाना रामपुर बघेलान जिला सतना आनन्द साकेत पुत्र बेनी साकेत (35) निवासी बीड़ा थाना सेमरिया, अनन्त पटेल पुत्र ददन प्रसाद पटेल (34) निवासी बीड़ा थाना सेमरिया, निसार खांन पुत्र जुम्मा मुसलमान (40) निवासी कब्रिस्तान जगतपुरी रुस्तम नगर साहसपुर जिला मुरादाबाद उत्तरप्रदेश को 12-12 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक-एक लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# शीतलहर ने फिजाओं में बढ़ाई गलन, कोहरा भी रहा

**दोपहर 1 बजे तक धूप निकलने पर भी ठिठुरते रहे लोग, तापमान में आई गिरावट**



**रीवा।** जिले में लगातार पांचवें दिन सुबह से घना कोहरा रहा। साथ में बर्फीली हवाओं ने लोगों का घर से निकलना मुश्किल कर दिया। इन चार दिनों से भीषण ठँड होने के कारण अब जिलेवासियों का सामान्य जनजीवन प्रभावित होने लगा है। ज्यादातर ठिठुरे लोग अलाव के सहारे दिन काट रहे हैं। दोपहर के वक्त चलने वाली शीतल हवाएं सिहरन पैदा करने लगी हैं। मौसम का यही हाल, मंगलवार को भी पूरे दिन रहा। दोपहर 1 बजे के बाद हल्की धूप निकली लेकिन वह ठंड में सिकुड़े लोगों को राहत नहीं दे पायी। शीतलहर के चलते पूरे दिन लोगों को खासी गलन महसूस हुई। शाम ढलने तक यह गलन और बढ़ गई। जिले का मौसम अभी ऐसा ही रहने का अनुमान है। मौसम विभाग की मानें तो अभी जिले में एक-दो दिन मौसम शुष्क रहेगा। उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जिसके चलते जिले में बादलों की आवाजाही हो रही है। साथ में उत्तर से आने वाली बर्फीली हवाएं लोगों को कड़ाके की ठंड महसूस करायेंगी। गौरतलब है कि जिले में पिछले 5 दिनों से घना कोहरा, शीतलहर और गलन भरी ठँड लोगों को सता रही है। आसमान में बादलों के होने से धूप भी नसीब नहीं हो रही। इस प्रकार, ठँड अब अपने शबाब पर आने लगी है।

### तापमान में गिरावट

इस कड़ाके की सर्दी की वजह से तापमान में भी कमी देखने को मिल रही है। बताया गया कि मंगलवार को दिन का तापमान बीते दिन से 1.0 डिग्री सेल्सियस अधिक 18.2 डि.से. दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान भी गत दिवस की अपेक्षा 1.0 डि.से. की गिरावट के साथ 10.5 डि.से. पर कायम हुआ। अभी अगले एक-दो दिन जिलेवासियों को और कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ सकता है।

## लापता नाबालिग लड़की को पुलिस ने खोजा

**रीवा।** जनेह पुलिस ने 17 साल की नाबालिग लड़की को खोजकर उसे परिजनों को सौंप दिया। पीड़ित परिजनों ने मामले की शिकायत बीते वर्ष 26 अप्रैल को दर्ज कराई थी। परिजनों की शिकायत पर जनेह पुलिस मामला पंजीबद्ध कर लड़की तलाश कर रही थी, जिसके बाद नाबालिग लड़की को खोजकर पुलिस ने उसे उसके परिजनों को सौंप दिया है।






## अमानक बीज बेचने वाले 8 विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त

**रीवा।** उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने अमानक बीज बेचने वाले पाँच दुकानदारों के बीज विक्रय लाइसेंस निरस्त करने के आदेश दिए हैं। यह कार्यवाही बीज नियंत्रण आदेश 1983 के तहत की गई है। बीज निरीक्षक द्वारा बीज विक्रेताओं की दुकानों से नमूने लेकर बीज परीक्षण प्रयोगशाला कुठुलिया में अंकुरण परीक्षण कराया गया। परीक्षण में बीज के नमूने अमानक पाए जाने पर संबंतिध बीज विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस दिया गया। नोटिस का संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर बीज अधिनियम 1966 के प्रावधानों के तहत लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही 6 जनवरी 2025 को की गई है। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार मेसर्स राजेश गुप्ता बीज भण्डार जवा, मेसर्स अजय बीज भण्डार जवा, मेसर्स हनुमान कृषि बीज भण्डार गंगेव, मेसर्स मां कृषि केन्द्र गंगेव, मेसर्स सांई ट्रेडिंग कंपनी रतहरा, मेसर्स गुरू कृपा कृषि सेवा केन्द्र रायपुर कर्चुलियान तथा मेसर्स कमलाकर ट्रेडर्स त्योंथर के बीज लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। साथ ही मऊगंज जिले के मेसर्स मिश्रीलाल गुप्ता हनुमना का भी बीज लाइसेंस निरस्त करने के आदेश जारी किए गए हैं।

### गेंहू के बीज अमानक पाए जाने पर नोटिस

**रीवा।** उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने गेंहू के बीज जाँच में अमानक पाए जाने पर दो बीज विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस दिया है। जारी अलग-अलग नोटिस के अनुसार मेसर्स पयासी कृषक सहायता केन्द्र बीड़ा विकासखण्ड सिरमौर द्वारा बेचे गए गेंहू के एचआई 8759 सीआई बीज का नमूना लेकर जाँच कराए जाने पर अमानक पाया गया। इसी तरह मेसर्स राम कृषि सेवा केन्द्र विकासखण्ड रीवा द्वारा बेचे गए गेंहू के एचआई 8713 सीआईआईबी बीज के नमूने भी जाँच में अमानक पाए गए। उप संचालक ने दोनो बीज विक्रेताओं को अमानक बीजों के लाट और बैच नम्बर जिन किसानों को बिक्री की गई है उनकी सूची तथा विक्रय के प्रमाण पत्र सात दिवस में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। समय सीमा का पालन न करने पर बीज नियंत्रण आदेश 1983 तथा बीज नियंत्रण अधिनियम 1966 के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।








जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** **मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com